खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

HAPPY NEW YEAR 2026

हल्द्वानी, गुरुवार 1 जनवरी 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 127 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com पौष शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 11 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## एक लॉन्चर से बैक-टू-बैक दो प्रलय मिसाइल लॉन्च

# पाक के 10 बड़े शहर निशाने पर

बालासोर, वार्ता

**रक्षा अनुसंधान** एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बुधवार को ओडिशा तट के पास प्रलय मिसाइल का सफल परीक्षण किया। इस दौरान एक ही लॉन्चर से बैक टु बैक दो प्रलय मिसाइलें (सल्वो लॉन्च) दागी गईं।

मिसाइलों की पूरी उड़ान पर नजर रखने के लिए चांदीपुर में स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज के सेंसर लगाए गए थे। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह परीक्षण बुधवार सुबह करीब 10.30 बजे किया गया। 7500 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार वाली यह मिसाइल 1000 किलो बारूद ले जा सकती है। यह मिसाइल भारत के प्रमुख सेना कैंप फिरोजपुर, जैसलमेर, भुज से पाकिस्तान के 10 बड़े शहर लाहौर, फैसलाबाद, गुजरांवाला, रावलपिंडी, इस्लामाबाद, बहावलपुर, मुल्तान, लाहौर, कराची, हैदराबाद, सुक्कुर को




निशाना बना सकती है। रक्षा मंत्रालय ने इसे भारत की सामरिक मिसाइल क्षमता के लिए एक अहम उपलब्धि बताया है। प्रलय शॉर्ट रेंज की बैलिस्टिक मिसाइल है और पूरी तरह स्वदेशी है और डीआरडीओ ने ही इसे बनाया है। इससे पहले डीआरडीओ ने 28-29 जुलाई को ओडिशा तट पर ही प्रलय मिसाइल के दो सफल परीक्षण किए थे। ये परीक्षण सेना और वायुसेना के उपयोग की जांच के तहत किए गए थे। स्वदेशी तकनीक से विकसित इस आधुनिक क्वासी-बैलिस्टिक मिसाइल के जल्द हीं भारतीय सशस्त्र बलों में शामिल किया जाना है, जिससे देश की रक्षा क्षमता और आत्मनिर्भरता को मजबूती मिलेगी।

### SSLV के उन्नत तीसरे चरण का स्थैतिक परीक्षण सफल

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मंगलवार को छोटे उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी) के तीसरे चरण (एसएस3) के उन्नत संस्करण का सफलतापूर्वक 'स्थैतिक परीक्षण' किया। यह परीक्षण श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) मणें हुआ। एसएसएलवी इसरो का नया रॉकेट है। यह तीन चरणों वाला पूरी तरह ठोस ईंधन से चलने वाला उपग्रह प्रक्षेपण यान है, जो 500 किलोग्राम तक का भार ले जाने में सक्षम है। इसका तीसरा (ऊपरी) चरण रॉकेट को लगभग चार किमी प्रति सेकंड की गति देता है।

## बेगम खालिदा जिया राजकीय सम्मान के साथ सुपुर्द-ए-खाक

**ढाका।** बांग्लादेश की पहली महिला प्रधानमंत्री एवं देश की राजनीति की दिग्गज शख्सियत बेगम खालिदा जिया को बुधवार को प्रशंसकों एवं समर्थकों के भारी भीड़ के बीच सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

गौरतलब है कि मंगलवार की सुबह बेगम जिया का 80 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था। बुधवार की सुबह सात बजे उनका नमाज-ए-जनाजा निकला, तब ढाका एवं अन्य जिलों से लोगों का काफिला उमड़ पड़ा। फेनी, ब्रह्मणबरिया, मयमनसिंह, कुमिल्ला, गाजीपुर, मुंशीगंज और नारायणगंज जिलों से लोग बस, ट्रक और लॉरियों में सवार होकर अपने प्रिय नेता के अंतिम दर्शन के लिए माणिक मिया एवेन्यू की तरफ बढ़ने लगे। सुबह से ही माणिक मिया एवेन्यू के आसपास लाउड स्पीकर पर कुरान की आयतें



**बांग्लादेश में खालिदा जिया के अंतिम संस्कार में शामिल होने के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर भारत में बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हामिदुल्लाह के साथ।**

गूंज रही थीं और लोग इस सर्द मौसम में नम आंखों से अपने प्रिय नेता को अंतिम विदाई देने के लिए एवेन्यू के आसपास जमा हो रहे थे। बेगम जिया को उनके पति और बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान के बगल में पूरे राजकीय सम्मान के साथ सुपुर्द-ए-खाक किया गया। नेपाल, पाकिस्तान, भूटान और भारत से कई गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर मौजूद थे। भारी भीड़ को देखते हुए भारी संख्या में आर्म्ड पुलिस बटालियन को तैनात किया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### साल के आखिरी दिन कश्मीर में बर्फबारी, दिल्ली एयरपोर्ट पर 148 फ्लाइट कैंसिल

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी हो रही है। इसका असर मैदानी राज्यों पर नजर आ रहा है। जम्मू-कश्मीर की सोनमर्ग टनल के पास तेज बर्फबारी हुई। हिमाचल में के लाहौल स्पीति में 30 दिसम्बर की शाम से बर्फबारी जारी है। यहां तापमान -10 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। दिल्ली के कई इलाकों में विजिबिलिटी शून्य रही। आईजीआई एयरपोर्ट पर बुधवार को 148 फ्लाइट कैंसिल की गई हैं। 150 फ्लाइट देरी से ऑपरेट हो रही हैं। एयरपोर्ट ने यात्रियों को एडवाइजरी जारी की। इसमें कहा गया कि सीएटी-3 लागू किया गया है। फ्लाइट्स में देरी हो सकती है। फ्लाइट कैंसिल भी हो सकती हैं। जम्मू-कश्मीर में साल के आखिरी दिन बर्फबारी हुई। पूरा कश्मीर इलाका बर्फ से ढंक गया। कश्मीर में बर्फ गिरने के बाद सड़क मार्ग बंद हो गया। श्रीनगर एयरपोर्ट पर बुधवार को 6 फ्लाइट रद्द की गईं। इनमें इंडिगो की 1, एयर इंडिया की 3 और एयर इंडिया एक्सप्रेस की 1 फ्लाइट शामिल है।

### नए साल पर दिल्ली- एनसीआर में पीएनजी सस्ती

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में प्राकृतिक गैस वितरण कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने घरेलू उपभोक्ताओं को राहत देते हुए पाइप के जरिये घरों में आपूर्ति की जाने वाली (पीएनजी) की कीमतों में नए साल पर कटौती की घोषणा की है। कंपनी ने बुधवार को बताया कि नए साल से वह दिल्ली-एनसीआर में पीएनजी की कीमतों में 70 पैसे प्रति मानक घनमीटर घटाएगी। कटौती के बाद पीएनजी की नई कीमत दिल्ली में 47.89 रुपये और गुरुग्राम में 46.70 रुपये प्रति एससीएम होगी। गुरुग्राम में यह कीमत 46.70 रुपये और नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद के लिए 47.76 रुपये प्रति एससीएम होगी।

### इंडिगो पर 458 करोड़ से ज्यादा का जीएसटी जुर्माना

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो पर दिल्ली साउथ कमिश्नरेट के ब्जीएसटी के अतिरिक्त आयुक्त ने 458 करोड़ से ज्यादा का जुर्माना लगाया है। कंपनी ने बताया कि यह जुर्माना केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) अधिनियम, 2017 की धारा 74 के तहत वित्त वर्ष 2018-19 से 2022-23 की असेसमेंट से जुड़ा है।

## सेहत के लिए हानिकारक निमेसुलाइड दवा पर लगा बैन

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य मंत्रालय ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए सोमवार को ऐसी सभी ओरल दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण पर तत्काल प्रभाव से पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है, जिसमें निमेसुलाइड की मात्रा 100 मिलीग्राम से अधिक है।

मंत्रालय ने एक वर्ष पहले ही मवेशियों के लिए भी इसे प्रतिबंधित कर दिया था। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि भारत में इस घटक (साल्ट) का प्रयोग

**■ विशेषज्ञों ने लीवर को नुकसान पहुंचाने की आशंका जताई थी**

सामान्य रूप से दर्द और बुखार में होता है। इसके उच्च खुराक के सेवन से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती है। यह सलाह स्वास्थ्य विशेषज्ञों की उन चिंताओं के बाद आई, जिनमें रोगियों में लीवर को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई गई थी।

## यूपी पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती का विज्ञापन जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** नए साल के आगमन से पूर्व उत्तर प्रदेश पुलिस में भर्ती का इंतजार कर रहे युवाओं के लिए बड़ी खबर सामने आई है।

आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 के अंतर्गत कुल 32,679 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञप्ति जारी कर दी गई है। इसके तहत इच्छुक और पात्र अभ्यर्थी 31 दिसम्बर 2025 से 30

**■ 2025 के अंतर्गत कुल 32,679 पदों पर भती होगी**

जनवरी 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। भर्ती प्रक्रिया उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एंवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा संचालित की जा रही है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि आवेदन करने से पहले अभ्यर्थियों का वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) कराना अनिवार्य होगा। बिना ओटीआर के कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। ओटीआर और ऑनलाइन आवेदन के लिए अभ्यर्थी वेबसाइट पर जाकर पंजीकरण कर सकते हैं। वहीं, भर्ती से जुड़ी विस्तृत विज्ञप्ति, पात्रता, आयु सीमा, आरक्षण, चयन प्रक्रिया और परीक्षा से संबंधित सभी जानकारियों के लिए बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट का अवलोकन करने की सलाह दी गई है।

## हिजबुल आतंकी साजिश के दोषियों को आजीवन कारावास

**नई दिल्ली।** एनआईए की विशेष अदालत ने असम के गुवाहाटी स्थित हिजबुल मुजाहिदीन आतंकी साजिश मामले के एक प्रमुख आरोपी को दोषी ठहराया और उसे साधारण कारावास की सजा सुनाई।

एनआईए अदालत ने मंगलवार को आरोपियों मोहम्मद कमरुज जमान, डा. हुरैरा और कमरुद्दीन को अलग-अलग साधारण कारावास की सजा सुनाई गई, जिसमें अधिकतम सजा आजीवन कारावास है। ये सजाएं एक साथ-साथ चलेंगी,

**■ एक अन्य को दोषी ठहराते हुए साधारण कारावास की सजा सुनाई**

जिनमें यूए(पी) अधिनियम, 1967 की धारा 18 के अंतर्गत आजीवन कारावास और यूए(पी) अधिनियम, 1967 की धारा 18बी के अंतर्गत, धारा 120बी आईपीसी के साथ पढ़ी जाने वाली धारा 38 और यूए(पी) अधिनियम के अंतर्गत पांच-पांच साल का साधारण कारावास की सजा शामिल है।

## अब चीन का दावा: हमने भारत-पाक संघर्ष रुकवाया

### कहा: हमने कई लड़ाइयों को सुलझाने में मदद की

**बीजिंग/ नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बाद अब चीन ने भी यह दावा किया है कि उसने भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सैन्य तनाव को कम कराने में भूमिका निभाई थी। चीन का कहना है कि जब इस साल दोनों देशों के बीच हालात बिगड़ गए थे, तब उसने बीच में आकर तनाव कम करने की कोशिश की। बीजिंग में आयोजित एक कार्यक्रम में चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि चीन दुनिया के कई संघर्षों को सुलझाने में मदद करता रहा है।

उन्होंने बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच हुए तनाव के दौरान भी चीन ने मध्यस्थता की थी। मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि भारत सरकार ने चीन के इस दावे को खारिज किया है। भारत ने कहा है कि संघर्ष को रुकवाने में किसी

**■ भारत ने कहा: सीजफायर में तीसरे पक्ष का रोल नहीं**



तीसरे पक्ष की भूमिका नहीं है। चीन का यह बयान उस समय को लेकर है, जब इस साल मई में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव हुआ था। इस दौरान भारत ने पाकिस्तान के कई आतंकी और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया था, जिससे कुल मिलाकर 11 एयरबेस को नुकसान पहुंचा था। भारत ने यह हमला 22 अप्रैल में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में किया था, जिसमें 26 पर्यटकों की मौत हो गई थी। चीन और ट्रम्प के दावों के उलट भारत सरकार पहले भी साफ तौर पर कह चुकी है कि इस पूरे मामले में किसी भी तीसरे देश की कोई भूमिका नहीं थी। भारत का कहना है कि यह तनाव सीधे भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच बातचीत से ही खत्म हुआ। भारत के मुताबिक, भारी नुकसान होने के बाद पाकिस्तान के सैन्य अधिकारी ने भारतीय सैन्य अधिकारी से संपर्क किया था। भारत का कहना है कि पाकिस्तान के डायरेक्टर जनरल आफ मिलिट्री ऑपरेशंस ने भारतीय डीजीएमओ से बात की और इसके बाद दोनों देशों ने 10 मई से जमीन, हवा और समुद्र में सभी तरह की सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनी। चीन के इस नए दावे के बाद उसकी भूमिका को लेकर फिर से चर्चा शुरू हो गई है, क्योंकि चीन और पाकिस्तान के रिश्ते बहुत करीबी माने जाते हैं। चीन, पाकिस्तान को सबसे ज्यादा हथियार देने वाला देश है, इसलिए उस पर सवाल उठते रहे हैं कि वह इस मामले में कितना निष्पक्ष रह सकता है। नवम्बर में आई एक अमेरिकी रिपोर्ट में आरोप लगाया गया था कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद चीन ने गलत जानकारी फैलाने की कोशिश की थी। रिपोर्ट में कहा गया कि सोशल मीडिया पर फर्जी अकाउंट्स के जरिये एआई से बनाई गई झूठी तस्वीरें फैलाई गईं।

अल्लामा इक़बाल यूनानी मैडिकल कॉलिज एण्ड ऐ०सी०ऐन० हॉस्पिटल, रूड़की रोड, मुजफ्फरनगर

समस्त भारतवासियों को नववर्ष 2026 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

प्रोफेसर मुश्ताक हुसैन (प्राचार्य) 9897632081

तस्लीम-उल-हक़ (प्रबंध निदेशक) 9837132196

सभी देशवासियों को नववर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं




KAWACH THE FASHION STUDIO Dream Dresses & Lehnga

हमारे यहां शादी, विवाह एवं पार्टी के सभी वैरायटी उपलब्ध है।

66-B, Vakil Road, Near Tanishq Showroom, New Mandi, Muzaffarnagar, (U.P.) 6399927555




विपिन कुमार जैन ★ संजय कुमार जैन ★ राजीव कुमार जैन

चेयरमैन डायरेक्टर डायरेक्टर

# यूपी में ठंड और घने कोहरे का कहर जारी, दृश्यता घटी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में ठंड और घने कोहरे का प्रकोप लगातार जारी है। राजधानी लखनऊ सहित कई जिलों में सुबह और देर रात घना कोहरा छाए रहने से दृश्यता बेहद कम हो गई है, जिससे जनजीवन और यातायात प्रभावित हो रहा है।

सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए, वहीं ट्रेन और बस सेवाओं पर भी असर पड़ा है। मौसम विभाग के अनुसार एक जनवरी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश की संभावना जताई गई है। इसके साथ ही तराई इलाकों में छिटपुट बूंदाबांदी के संकेत भी मिल रहे हैं। विभाग का अनुमान है कि अगले चार दिनों में दिन के तापमान में 4 से 6 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है, जबकि रात के तापमान में 3 से 5 डिग्री की बढ़त दर्ज की जा सकती है। मौसम विभाग ने सहारनपुर, शामली सहित 17 जिलों में बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं घने कोहरे को देखते हुए प्रदेश के 37 जिलों में



■ 37 जिलों में ऑरेंज अलर्ट सहारनपुर, शामली सहित 17 जिलों में बारिश की चेतावनी जारी

ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि कोहरे के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचें, वाहन चलाते समय फॉग लाइट का प्रयोग करें और पूरी सतर्कता बरतें। मौसम में संभावित बदलाव को देखते हुए आने वाले दिनों में ठंड से कुछ राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। प्रदेश में 31 दिसम्बर तक देर रात और तड़के घने कोहरे का असर बने रहने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार इसके बाद अगले पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से वातावरण में अस्थिरता बढ़ेगी, जिससे 1 जनवरी से पश्चिमी यूपी और 2 जनवरी से पूर्वी यूपी के बड़े हिस्सों में कोहरे की तीव्रता कम होने की उम्मीद है। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 1 जनवरी को प्रदेश के उत्तर-पश्चिमी हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। साथ ही अगले 3-4 दिनों में औसतन 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक तापमान बढ़ने का अनुमान है। इससे प्रदेश में कोल्ड-डे जैसी स्थितियों में 1 जनवरी से कमजोरी आने की संभावना जताई गई है। मौसम में बदलाव के बीच राजधानी लखनऊ की वायु गुणवत्ता एक बार फिर बिगड़ गई है। कुछ दिनों तक मध्यम श्रेणी में रहने के बाद मंगलवार को शहर का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 200 के पार पहुंचकर 201 दर्ज किया गया, जो 'खराब' श्रेणी में आता है। इससे पहले 22 दिसम्बर को भी लखनऊ में खराब एक्यूआई रिकॉर्ड किया गया था। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार एक्यूआई मॉनिटरिंग के लिए लगे छह स्टेशनों में से गोमती नगर (229), अलीगंज-केंद्रीय विद्यालय (262), लालबाग (209) और तालकटोरा (296) में हवा की गुणवत्ता खराब दर्ज की गई।

# तृणमूल कांग्रेस नेता चुनाव आयोग से मिले

नई दिल्ली, वार्ता

■ पश्चिम बंगाल में अनमैप्ड वोटर्स की सुनवाई प्रक्रिया जारी

पश्चिम बंगाल में अनमैप्ड वोटर्स की सुनवाई प्रक्रिया के बीच तृणमूल कांग्रेस महासचिव अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व में 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को चुनाव आयोग से मुलाकात की।

चुनाव आयोग कार्यालय के बाहर बनर्जी ने संवाददाताओं से कहा कि तृणमूल कांग्रेस ने 10-15 बिंदु उठाए, लेकिन दो-तीन बिदुओं को छोड़कर कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया। वोट चोरी के मुद्दे पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि वोट चोरी ईवीएम में नहीं हो रही है। यह मतदाता सूची में हो रही है। कांग्रेस, आप जैसी पार्टियां महाराष्ट्र, दिल्ली और हरियाणा जैसे राज्यों में इसे पकड़ नहीं पाई। अगर वे पकड़ लेतीं, तो इन राज्यों में भाजपा हार जाती। मैं समान विचारधारा वाली पार्टियों से अपील करता हूं कि वे मतदाता सूची में सॉफ्टवेयर के जरिए की जा रही 'चोरी' को पकड़ें। 'लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी' सूची जारी करने पर जोर देते हुए तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि 2002-03 में मतदाता सूची तैयार करने के दौरान 'लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी' नाम की कोई श्रेणी नहीं थी, ष्तो इस बार यह श्रेणी कैसे शुरू की गई? पहले एसआईआर में 'संदिग्ध सूची' जैसी कोई चीज नहीं थी।

## संक्षिप्त समाचार

### आईसीआईसीआई बैंक को जीएसटी से 16 करोड़ का नोटिस

**मुंबई।** निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग से 16 करोड़ रुपये से अधिक की राशि के लिए नोटिस जारी किया गया है। बैंक ने बताया कि उसे 30 दिसम्बर को पश्चिम बंगाल के राजस्व उपायुक्त से 16,03,30,178 करोड़ रुपये का नोटिस मिला है। इसमें 8,67,57,468 रुपये के कर, 6,48,96,963 रुपये के ब्याज और 86,75,747 रुपये के जुर्माने की मांग की गई है। यह मामला ग्राहकों से बैंक खाते में न्यूनतम जमा राशि न रखने के लिए वसूले गए शुल्क पर जीएसटी की राशि सरकार को जमा न कराने से संबंधित है। इससे पहले राजस्व उपायुक्त ने सितम्बर 2025 में इसी मुद्दे पर बैंक को कारण बताओ नोटिस जारी किया था।

### लव अग्रवाल होंगे नए डीजीएफटी

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी लव अग्रवाल वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के नए महानिदेशक होंगे। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी एक परिपत्र के अनुसार 1996 बैच के आंध्र प्रदेश काडर के आईएएस अग्रवाल इस पद पर अजय भादू का स्थान लेंगे। अग्रवाल अभी तक महिला एवं बाल विकास मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के पद पर कार्यरत थे। वह इससे पहले अगस्त 2016 से अगस्त 2022 तक भारत के स्वास्थ्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव थे। केंद्र सरकार में अपनी नियुक्ति से पहले श्री अग्रवाल ने आंध्र प्रदेश सरकार के विभिन्न पदों पर कार्य किया था। लव अग्रवाल का जन्म 18 फरवरी 1972 को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में हुआ था। उन्होंने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की उपाधि प्राप्त की है।

# आउटसोर्सिंग कंपनी पर एफआईआर दर्ज

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ अभ्युदय योजना भर्ती में गड़बड़ी का आरोप

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना में कोर्स कोऑर्डिनेटरों की भर्ती में सामने आई गंभीर गड़बड़ियों को लेकर समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने सख्त रुख अपनाया है।

उन्होंने साफ कहा कि सरकार की योजनाओं में पारदर्शिता और पात्रता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। राज्यमंत्री के निर्देश पर नियमों को ताक पर रखकर नियुक्तियां कराने वाली आउटसोर्सिंग कंपनी अवनि परिधि एनर्जी कम्युनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड लखनऊ और संबंधित अभ्यर्थियों के खिलाफ थाना गोमतीनगर में षड्यंत्र, फर्जी दस्तावेज और नियम विरुद्ध नियुक्ति के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई गई है। इसके साथ ही पूरे मामले की प्रशासनिक जांच के आदेश भी दिए गए हैं। बुधवार को राज्यमंत्री ने बताया कि 29 अक्टूबर 2025 को मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत संचालित कोचिंग केंद्रों में कोर्स कोऑर्डिनेटरों की भर्ती को लेकर अनियमितता की शिकायत मिली थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए विभागीय स्तर पर जांच कराई गई, जिसमें भर्ती से जुड़े सभी दस्तावेज खंगाले गए। उन्होंने बताया कि जांच में सामने आया कि नियमानुसार कोर्स कोऑर्डिनेटर पद के लिए यूपी पीसीएस मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य था, इसके बावजूद कई ऐसे अभ्यर्थियों को नियुक्त कर दिया गया, जिन्होंने यह परीक्षा पास ही नहीं की थी। कुल 69 अभ्यर्थियों की जांच में केवल 21 अभ्यर्थी पात्र पाए गए। रिपोर्ट में यह भी स्पष्ट हुआ कि अपात्र लोगों को नौकरी दिलाने के लिए फर्जी और कूटरचित दस्तावेजों का सहारा लिया गया। प्रथम दृष्टया इस पूरे मामले में आउटसोर्सिंग कंपनी को दोषी माना गया है।

## अयोध्या के शौर्य, वैभव व पराक्रम के आगे नहीं टिक पाया कोई दुश्मन

# सनातन से ऊपर कोई नहीं, पताका लहराती रहेगी: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ श्री राम जन्म भूमि मंदिर की दूसरी वर्षगांठ में शामिल हुए मुख्यमंत्री और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, 2026 के लिए दी सभी को शुभकामनाएं

**अयोध्या।** श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ 'प्रतिष्ठा द्वादशी' बुधवार को श्रद्धापूर्वक मनाई गई। समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल हुए।

योगी ने अंग्रेजी नववर्ष 2026 की शुभकामना देते हुए प्रार्थना की कि यह वर्ष सभी के लिए मंगलकारी हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या ने स्वतंत्र भारत में रामजन्मभूमि आंदोलन के अनेक पड़ाव देखे हैं। अयोध्या के नाम से ही अहसास होता है कि यहां कभी युद्ध नहीं हुआ। कोई भी दुश्मन यहां के शौर्य, वैभव व पराक्रम के आगे टिक नहीं पाया, लेकिन कुछ लोगों ने अपने स्वार्थ, मजहबी जुनून व सत्ता के तुष्टिकरण की निकृष्टता में पड़कर अयोध्या को भी उपद्रव और संघर्ष का अड्डा बना दिया था। उन्होंने पिछली सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि जिस अयोध्या में कभी संघर्ष नहीं होता था, उस अयोध्या में पिछली सरकारों के शासन में आतंकी हमले होते थे। अयोध्या को लहुलूहान करने का प्रयास हुआ था, लेकिन जहां प्रभु की कृपा बरसती हो और जहां हनुमानगढ़ी में स्वयं हनुमान जी महाराज विराजमान हैं, वहां कोई आतंकी कैसे घुस जाता। 2005 में जैसे ही आतंकियों ने दुस्साहस किया, तैसे ही पीएसी के जवानों ने ठक-ठक करके उन्हें मार गिराया। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 11 वर्ष के अंदर तीन महत्वपूर्ण घटनाओं को अयोध्या कभी विस्मृत नहीं कर सकती।

स्वतंत्र भारत में पहली बार 5 अगस्त 2020 को किसी प्रधानमंत्री का अयोध्या में आगमन हुआ। उन्होंने उस दिन यहां श्रीराम मंदिर का भूमि पूजन किया। 22 जनवरी 2024 (पौष शुक्ल द्वादशी) को फिर अयोध्या धाम आकर प्रधानमंत्री ने रामलला की भव्य मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को संपन्न किया। 25 नवम्बर 2025 को विवाह पंचमी पर प्रधानमंत्री जी ने अयोध्या में राम मंदिर के मुख्य शिखर पर सनातन धर्म की भगवा ध्वजा को प्रतिष्ठित किया और संदेश दिया कि सनातन से ऊपर कोई नहीं। सनातन का पताका हमेशा ऐसी ही दिखाई देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करते हुए और संगठन के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए राजनाथ सिंह की श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन में प्रत्यक्ष भूमिका रही है। 500 वर्ष के बाद श्रीराम जन्मभूमि पर प्रभु रामलला के विराजमान होने और मंदिर के इस भव्य स्वरूप को देखकर वे आनंद-गौरव की अनुभूति कर रहे हैं।

### योगी व राजनाथ ने हनुमानगढ़ी और रामलला के किया दर्शन-पूजन

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को हनुमानगढ़ी पहुंचकर संकट मोचन हनुमान के दर्शन-पूजन किए। हनुमानगढ़ी से निकलने के बाद रक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री सीधे श्रीराम जन्मभूमि परिसर पहुंचे। यहां प्रभु श्रीरामलला मंदिर व राम दरबार में हाजिरी लगाई, विधिवत आरती उतारी तथा मंदिर की परिक्रमा की। मुख्यमंत्री व रक्षा मंत्री ने देश व प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। प्रतिष्ठा द्वादशी कार्यक्रम में शामिल होने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार सुबह अयोध्या पहुंचे। यहां महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। यहां से वे सीधे श्रीराम जन्मभूमि परिसर पहुंचे। यहां प्रभु श्रीरामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। इसके उपरांत राम दरबार में भी दर्शन-पूजन कर देश-प्रदेश की उन्नति और जनकल्याण के लिए प्रार्थना की।



सेंसेक्स 85220.60
निफ्टी 26129.60



सोना रु. 133099
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 229433
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में साल के अंतिम दिन तेजी एक वर्ष में 6536 अंक उछला सेंसेक्स

मुंबई, वार्ता

बैंकिंग, ऑटो और अन्य सेक्टरों में लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में साल 2025 के अंतिम दिन बुधवार को तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक 545.52 अंक (0.64 प्रतिशत) चढ़कर 85,220.60 अंक पर पहुंच गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक भी 190.75 अंक यानी 0.74 प्रतिशत मजबूती के साथ 26,129.60 अंक पर बंद हुआ। पूरे साल के दौरान सेंसेक्स 6,536.07 अंक (8.36 प्रतिशत) चढ़ा। यह 31 दिसम्बर 2024 को 78,139.01 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी-50 सूचकांक एक साल में 2,484.80 अंक (10.51



प्रतिशत) की बढ़त में रहा। मझौली कंपनियों का सूचकांक निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक भी 8.01 प्रतिशत मजबूत हुआ, जबकि छोटी कंपनियों का निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 5.62 प्रतिशत फिसल गया। एनसएई में बुधवार को मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.14 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.11 प्रतिशत की बढ़त में रहा। आईटी को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में लिवाली रही। तेल एवं गैस, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, रसायन, बैंकिंग, ऑटो, धातु और स्वास्थ्य सेक्टरों के सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक चढ़े। एनएसई में कुल 3,249 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें 2,220 के शेयर हरे निशान में और 935 के लाल निशान में बंद हुए। अन्य 94 कंपनियों के शेयर अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 26 के शेयर बढ़त में रहे। टाटा स्टील का शेयर 2.45 प्रतिशत और कोटक महिंद्रा बैंक का 2.14 प्रतिशत चढ़ा। टाइटन में 1.93 फीसदी, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.86, एक्सिस बैंक में 1.82, ट्रेंट में 1.63, पावरग्रिड में 1.63, बीईएल में 1.56, एनटीपीसी में 1.42, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 1.26 और हिंदुस्तान यूनीलिवर में 1.10 प्रतिशत की तेजी रही।

# साल के आखिरी दिन चांदी और सोने की कीमत गिरी

**नई दिल्ली।** बुधवार को सोने-चांदी के दाम में लगातार दूसरे दिन गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 1,500 रुपए गिरकर 1,33,099 रुपए पर आ गया है। कल यह 1,34,599 रुपए/10 ग्राम पर था। वहीं एक किलो चांदी की कीमत 2,896 रुपए कम होकर 2,29,433 रुपए पर आ गई है। कल इसकी कीमत 2,32,329 रुपए किलो थी।

इससे पहले 29 दिसंबर को कारोबार के दौरान सोने की कीमत 1,38,161 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी की 2,43,483 रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई थी। ये दोनों का अब तक का सबसे ज्यादा भाव यानी ऑल टाइम हाई रेट है। दिल्ली के सर्राफा बाजार में 10 ग्राम सोने की कीमत में 320 रुपये की कमी दिख रही है। बाजार जानकारों का कहना है कि चांदी में गिरावट ज्यादा इसलिए रही, क्योंकि हाल के हफ्तों में इसमें जबरदस्त और रिकॉर्ड तेजी देखी गई थी, जिसके बाद निवेशकों ने मुनाफा बुक करना सही समझा।


घरेलू बाजार के साथ साथ ग्लोबल मार्केट में भी कीमती धातुओं की कीमतें 31 दिसंबर को थोड़ी कमजोर रहीं। स्पॉट गोल्ड 0.3 प्रतिशत गिरकर करीब 4,334 डॉलर प्रति औंस पर आ गया, जबकि पिछले हफ्ते यह 4,549.71 डॉलर प्रति औंस के अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया था। अमेरिका में फरवरी डिलीवरी के लिए गोल्ड फ्यूचर्स भी करीब 1 प्रतिशत टूटकर 4,346.50 डॉलर प्रति औंस पर आ गए।

# गेहूं मजबूत, चीनी, दालों में नरमी खाद्य तेलों में रहा उतार-चढ़ाव

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव लगभग स्थिर रहे जबकि गेहूं में तेजी देखी गई। चीनी और दालों के भाव टूट गए। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 3,851 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। गेहूं आठ रुपये मजबूत होकर 2,860 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। आटा छह रुपये महंगा हुआ। दाल-दलहनों में तुअर दाल औसतन 33 रुपये और चना दाल 28 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल 20 रुपये और मूंग दाल 10 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। मसूर दाल में नौ रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। विदेशों में मलेशिया



के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 20 रिंगिट फिसलकर 4,050 रिंगिट प्रति टन रह गया। मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 49.33 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल की औसत कीमत 60 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। वनस्पति 25 रुपये और सायो तेल 23 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया। पाम ऑयल में 19 रुपये और मूंगफली तेल में सात रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। सूरजमुखी तेल दो रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव में 35 रुपये प्रति क्विंटल टूट गए। चीनी भी 14 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7768.72 रुपये, मसूर काली 8143.79 रुपये, मूंग दाल 10086.13 रुपये, उड़द दाल 10353.79 रुपये, तुअर दाल 10548.44 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2860.05 रुपये और चावल 3851.45 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3308.62 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4297.89 रुपये और गुड़ 4955.96 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

# गणतंत्र परेड में दिखेगी मूक योद्धाओं की झलक

■ इस बार कर्तव्य पथ पर होगी गणतंत्र दिवस की परेड

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस परेड में इस बार कर्तव्य पथ पर सेना के मार्चिंग दस्तों और हथियारों के साथ-साथ देश की रक्षा में प्राणों की बाजी तक लगाने वाले उसके 'मूक योद्धाओं' यानी पशु दस्ते की झलक भी देखने को मिलेगी।

कर्तव्य पथ पर यह एक विशेष और भावनात्मक दृश्य होगा, जिसमें सेना के पशु दस्ते पहली बार इतने बड़े और संगठित रूप में परेड में शामिल होंगे। ये पशु न केवल सेना की ताकत का प्रतीक होंगे बल्कि यह भी बताएंगे कि देश की रक्षा में उनके योगदान को कितनी अहम जगह दी जाती है। सेना के इस विशेष दस्ते में दो बैक्ट्रियन ऊंट (मंगोलियाई ऊंट), चार जांस्कर पोनी, चार शिकारी पक्षी (रैप्टर्स), भारतीय नस्ल के सेना के दस श्वान और सेना में पहले से काम कर रहे 6 पारंपरिक सैन्य श्वान शामिल होंगे। पशु दस्ते की अगुवाई बैक्ट्रियन ऊंट करेंगे, जिन्हें हाल ही में लद्दाख के ठंडे रेगिस्तानी इलाकों में तैनात किया गया है। ये ऊंट बहुत ठंडे मौसम और 15,000 फुट से ज्यादा ऊंचाई पर आसानी से आ-जा सकते हैं। ये 250 किलो तक सामान ढो सकते हैं और कम चारे-पानी में लंबी दूरी तय करते हैं। इससे सेना को दूरदराज और कठिन इलाकों में रसद पहुंचाने में बड़ी मदद मिलती है। इसके बाद जांस्कर पोनी कदम से कदम मिलाकर चलेंगी जो लद्दाख की एक दुर्लभ और स्वदेशी नस्ल हैं। आकार में छोटी होने के बावजूद इनमें जबरदस्त ताकत और सहनशक्ति होती है। ये पोनी शून्य से 40 डिग्री कम तापमान और अत्यधिक ऊंचाई वाले इलाकों में 40 से 60 किलो वजन लेकर चल सकती हैं। वर्ष 2020 से ये सियाचिन जैसे कठिन क्षेत्रों में सैनिकों के साथ सेवा दे रही हैं और कई बार एक दिन में 70 किलोमीटर तक गश्त करती हैं। परेड में शामिल चार शिकारी पक्षी (रैप्टर्स) लंबी टांगों वाले बाज सेना की नई और स्मार्ट सोच को दिखाते हैं। इनका इस्तेमाल निगरानी और हवाई सुरक्षा से जुड़े कामों में किया जाता है, जिससे सेना के अभियान ज्यादा सुरक्षित रहते हैं। परेड का सबसे भावुक हिस्सा भारतीय सेना के श्वान होंगे, जिन्हें प्यार से 'मूक योद्धा' कहा जाता है। इन श्वान को मेरठ स्थित रिमाउंट एंड वेटरनरी कोर में प्रशिक्षित किया जाता है। ये आतंकवाद विरोधी अभियानों, विस्फोटक और बारूदी सुरंगों की पहचान, खोज-बचाव कार्यों और आपदा राहत में सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करते हैं। इन श्वान ने अपनी जान की परवाह किए बिना सैनिकों की जान बचाई है। 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत सेना अब मुधोल हाउंड, रामपुर हाउंड, चिप्पीपराई, कोम्बई और राजापलायम जैसी भारतीय नस्लों के कुत्तों को भी बड़े स्तर पर शामिल कर रही है।

# ऑपरेशन सिंदूर पर मध्यस्थता के चीन के दावे पर जवाब दें मोदी: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बाद अब चीन दावा कर रहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच इस साल हुए सैन्य कार्रवाई में उसकी मध्यस्थता से अचानक ऑपरेशन सिन्दूर रोका गया था। पार्टी ने इसे भारत के साथ मजाक करार दिया और कहा कि सैन्य कार्रवाई रोकने को लेकर सरकार ने जो कुछ बताया ये दावे उसके विपरीत है और इस तरह के दावे देश की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठाते हैं, इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इसका जवाब देना चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को चीन के दावों को चिंताजनक बताते हुए कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प पहले ही बार-बार दावे कर रहे हैं कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान पर आयात शुल्क का डर दिखाकर कर दोनों देशों (भारत-पाकिस्तान) के बीच संघर्ष को रुकवाया था और अब चीन भी दावा कर रहा है और इस पर श्री मोदी की चुप्पी बेहद परेशान करने वाली है। रमेश ने कहा कि ट्रम्प



■ ड्रैगन के ये दावे देश की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठाते हैं

लंबे समय से दावा करते रहे हैं कि उन्होंने 10 मई को ऑपरेशन सिन्दूर रोकने के लिए व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप किया था। वह यह दावा कम से कम सात अलग-अलग देशों में, विभिन्न मंचों पर 65 बार कर चुके हैं। मोदी ने इन दावों पर कभी भी अपनी चुप्पी नहीं तोड़ी और अब चीन के विदेश मंत्री भी ऐसा ही दावा कर रहे हैं कि उसकी मध्यस्थता के कारण यह संघर्ष रोका गया था। कांग्रेस नेता ने कहा कि इस बारे में चार जुलाई को उप सेनाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह ने सार्वजनिक रूप से कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान भारत असल में चीन का सामना कर रहा था और उससे लड़ रहा था। चूंकि चीन निर्णायक रूप से पाकिस्तान के साथ खड़ा था, ऐसे में भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता करने के चीन के दावे चिताजनक हैं और यह सिर्फ इसलिए नहीं कि वे देश की जनता को दी गई जानकारी के उलट हैं, बल्कि इसलिए भी कि वे हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा का मजाक बनाते प्रतीत होते हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि इस दावे को चीन के साथ हमारे संबंधों के संदर्भ में भी समझा जाना चाहिए, क्योंकि भारत ने चीन से बातचीत शुरु कर दी है, लेकिन दुर्भाग्य से बातचीत चीन के शर्तों पर हो रही है। प्रधानमंत्री ने 19 जून 2020 को चीन को दी गई क्लीन चिट ने भारत की बातचीत की स्थिति को काफी कमजोर किया है। हमारा व्यापार घाटा रिकॉर्ड स्तर पर है और हमारे निर्यात का बड़ा हिस्सा चीन से होने वाले आयात पर निर्भर है। अरुणाचल प्रदेश के संबंध में चीन की उकसाने वाली हरकतें लगातार जारी हैं। ऐसे एकतरफा और शत्रुतापूर्ण संबंधों के बीच भारत की जनता को यह स्पष्टता चाहिए कि ऑपरेशन सिदूर को अचानक रोकने में चीन ने क्या भूमिका निभाई।

### मप्र में सरकार की लापरवाही से लोग पी रहे हैं दूषित पानी, आठ की मृत्यु कई बीमार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि मध्य प्रदेश में लोग सरकार की लापरवाही के कारण दूषित पानी पीने को मजबूर हैं, जिसके कारण कई लोगों की मृत्यु हो गई और अन्य कई बीमार हैं, लेकिन सरकार उनकी समस्या पर ध्यान नहीं दे रही है। कांग्रेस ने बुधवार को यहां आरोप लगाया कि मोदी सरकार स्वच्छ पेयजल देने का नारा तो बुलंद करती है, लेकिन मध्य प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार में दूषित पानी पीने से आठ लोगों की मौत हो गई। इंदौर में लोग शिकायत करते हुए साफ पानी की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार ध्यान नहीं दे रही है। राज्य सरकार की अनदेखी के कारण लोगों को मजबूरन गंदा पानी पीना पड़ रहा है, जिसके कारण यह दुखद खबर आ रही है। पार्टी ने कहा है कि इंदौर में दूषित पानी पीने से लोगों की मौत हुई और कई बीमार हैं।

# एमडीडीए ने जनहित में विकास कार्यों को दी नई गति

## नींबूवाला क्षेत्र में शहीद पार्क का लोकार्पण, मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण ने दिया

### वीर शहीदों को समर्पित एक प्रेरणास्थल

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) प्राधिकरण क्षेत्र के समग्र और संतुलित विकास के लिए निरंतर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। जनहित से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता देते हुए एमडीडीए द्वारा शहरी सौंदर्यीकरण, हरित क्षेत्रों के विकास, सार्वजनिक स्थलों के उन्नयन और आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में तेज़ी से कार्य किए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों के क्रम में आज देहरादून के नींबूवाला क्षेत्र में स्थित शहीद पार्क का विधिवत लोकार्पण माननीय विधायक देहरादून कैंट श्रीमती सविता कपूर द्वारा किया गया। यह शहीद पार्क देश की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों की स्मृति में विकसित किया गया है।



पार्क में विशेष रूप से कारगिल युद्ध में शहीद शिव चरण प्रसाद, जम्मू-कश्मीर युद्ध में शहीद मेजर संजय सिंह तथा द्रास सेक्टर में अक्क्मरेशन विजय रक्षक के दौरान शहीद देवेंद्र सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पार्क में स्थापित स्मृति चिह्न, हरित परिख्रश्य, बैठने की समुचित व्यवस्था तथा प्रकाश व्यवस्था इसे एक गरिमामय और प्रेरणादायी स्थल बनाती है। मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा इस पार्क के सौंदर्यीकरण और विकास कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण किया गया है। पार्क को न केवल स्मारक स्वरूप दिया गया है, बल्कि इसे स्थानीय नागरिकों के लिए एक स्वच्छ, सुरक्षित और उपयोगी सार्वजनिक स्थल के रूप में भी विकसित किया गया है, जहां आने वाली पीढ़ियां वीर शहीदों के बलिदान से प्रेरणा ले सकें।

लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान विधायक सविता कपूर ने कहा कि शहीद पार्क केवल एक उद्यान नहीं, बल्कि देशभक्ति, सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह स्थल क्षेत्रवासियों के लिए गर्व का विषय है और आने वाले समय में यह बच्चों एवं युवाओं को देश के प्रति कर्तव्य और समर्पण की प्रेरणा देगा।

### शहर में अधिक से अधिक हरित और सार्वजनिक स्थल विकसित किए जाएंगे: तिवारी

एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि मसूरीख्रदेहरादून विकास प्राधिकरण जनहित और जनभावनाओं को सर्वोपरि रखते हुए विकास कार्य कर रहा है। शहीद पार्क जैसे प्रोजेक्ट केवल शहरी सौंदर्यीकरण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ये हमारे वीर शहीदों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण का प्रयास है कि शहर में अधिक से अधिक हरित और सार्वजनिक स्थल विकसित किए जाएं, ताकि नागरिकों को बेहतर वातावरण मिल सके। आने वाले समय में भी एमडीडीए इसी सोच के साथ योजनाबद्ध विकास को आगे बढ़ाएगा।

उन्होंने एमडीडीए द्वारा किए गए विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि प्राधिकरण द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में हरित एवं सार्वजनिक स्थलों का विकास किया जा रहा है, जिससे शहरी जीवन की गुणवत्ता में निरंतर सुधार हो रहा है। एमडीडीए द्वारा प्राधिकरण क्षेत्र में सड़कों के सुधार, पार्कों के विकास, अवैध निर्माणों पर कार्रवाई, योजनाबद्ध विकास एवं पर्यावरण संतुलन को ध्यान में रखते हुए अनेक कार्य किए जा रहे हैं।

नागरिकों की सुविधाओं को केंद्र में रखकर तैयार की जा रही योजनाओं का उद्देश्य देहरादून और मसूरी को एक सुव्यवस्थित, स्वच्छ और आधुनिक शहरी क्षेत्र के रूप में विकसित करना है।लोकार्पण कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण के अधिकारी, क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके बलिदान को स्मरण किया गया। क्षेत्रवासियों ने शहीद पार्क के निर्माण और सौंदर्यीकरण के लिए विधायक सविता कपूर एवं एमडीडीए का आभार व्यक्त किया। शहीद पार्क का विकास न केवल नींबूवाला क्षेत्र, बल्कि पूरे देहरादून के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह पार्क आने वाले समय में सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक गतिविधियों का भी केंद्र बनेगा। मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा किए जा रहे ऐसे प्रयास यह दर्शाते हैं कि प्राधिकरण केवल संरचनात्मक विकास ही नहीं, बल्कि सामाजिक और भावनात्मक मूल्यों को भी समान महत्व देता है।

### जनसुविधाओं, हरित क्षेत्रों और सार्वजनिक स्थलों के विकास पर विशेष : बर्निया

एमडीडीए के सचिव मोहन सिंह बर्निया ने कहा कि शहीद पार्क का विकास कार्य निर्धारित समय और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण किया गया है। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण द्वारा जनसुविधाओं, हरित क्षेत्रों और सार्वजनिक स्थलों के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। एमडीडीए की प्राथमिकता है कि विकास कार्य टिकाऊ, पर्यावरण अनुकूल और नागरिकों की आवश्यकताओं के अनुरूप हों। एमडीडीए का संकल्प है कि भविष्य में भी जनहित से जुड़े विकास कार्यों को इसी प्रतिबद्धता और पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा, ताकि मसूरी-देहरादून क्षेत्र एक आदर्श, सुव्यवस्थित और संवेदनशील शहरी क्षेत्र के रूप में विकसित हो सके।




**जल ही जीवन है आओ इसे मिलकर बचाएं**


























































**नववर्ष 2026 की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं**

1- अरविंद सिंह रौथान, अधिशासी अभियंता।
2- राजेंद्र सिंह दिवाकर, सहायक अभियंता।
3- दीप चंद्र पांडे, सहायक अभियंता।
4- गोविंद बल्लभ जोशी, सहायक अभियंता।
5- हरीश चंद्र मर्तोलिया, अपर सहायक अभियंता।
6- दीप चंद, अपर सहायक अभियंता।
7- भास्कर पांडे, कनिष्ठ अभियंता।
8- जाविर अली, कनिष्ठ अभियंता।
9- मनोज मेहता, कनिष्ठ अभियंता।
10- लोकेश कुमार, कनिष्ठ अभियंता।
11- अनुज वर्मा, कनिष्ठ अभियंता।

**पीएमजीएसवाई खंड लोनिवि अल्मोड़ा**

# वनाग्नि रोकथाम को लेकर प्रशासन सख्त

- आगामी फायर सीजन की तैयारियों को लेकर डीएम ने ली समीक्षा बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** वनाग्नि की प्रभावी रोकथाम एवं आगामी फायर सीजन की तैयारियों को लेकर जिलाधिक. ारी आकांक्षा कोंडे ने संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि वनाग्नि की घटनाओं की रोकथाम प्रशासन और समाज की साझा जिम्मेदारी है, जिसमें किसी भी स्तर पर लाप. रवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि वनाग्नि गोष्ठियों का रोस्टर जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) को उपलब्ध कराया जाए, ताकि इसे ग्राम प्रधानों के माध्यम से व्यापक रूप से प्रचारित किया जा सके। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों की मदद से पिरूल के निस्तारण को सुनिश्चित करने तथा इसके लिए उचित सप्लाई चेन विकसित कर पिरूल के विपणन की संभावनाएं बढ़ाने पर जोर दिया। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी ने अवगत कराया कि वनाग्नि के चक्र (साइकिल पैटर्न) को देखते हुए आगामी वर्ष में वन अग्नि की घटनाओं की आशंका बनी हुई है, इसलिए विशेष सतर्कता और पूर्व तैयारी अत्यंत आवश्यक है। जिला. धिकारी ने स्पष्ट किया कि अग्निशमन कार्य में लगे किसी भी कर्मचारी के जीवन से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी फायर फाइटिंग उपकरणों की उपलब्धता एवं कार्यक्षमता की जांच करने तथा उपजिलाधिका. रियों को लगातार सतर्क रहने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने मोबा. इल में फॉरेस्ट फायर ऐप अनिवार्य रूप से इंस्टॉल कराने के निर्देश दिए, जिससे वनाग्नि की सूचना तत्काल दर्ज हो सके और वास्तविक समय में निगरानी संभव हो। जिला. धिकारी ने वनाग्नि सुरक्षा समितियों को सक्रिय रखने, ग्राम स्तर पर गोष्ठियों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने तथा वन विभाग, राजस्व, पुलिस और पंचायत विभाग के बीच बेहतर समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। संवेदनशील और अति संवेदनशील क्षेत्रों में पिरूल हटाकर फायर लाइन बनाने, फायर सीजन से पूर्व मॉक ड्रिल कराने तथा कंट्रोल बर्निंग की पूर्व सूचना देने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि वनाग्नि की प्रत्येक सूचना आपदा कंट्रोल रूम को दी जाए तथा त्वरित कार्रवाई करते हुए रिस्पांस टाइम न्यूनतम रखा जाए। असामा. जिक तत्वों द्वारा आग लगाने की घटनाओं पर कड़ी नजर रखते हुए दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी आदित्य रत्न, अपर जिलाधिकारी एन.एन. नबियाल, मुख्य विकास अधिकारी आर.सी. तिवारी, पुलिस उपाधीक्षक अजय शाह, वन क्षेत्राधिकारी केवलानंद पांडे, परियोजना अधिक. ारी विवेक परिहार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि उपजिलाधिकारी बागेश्वर एवं गरुड़ वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

# बीएसएफ हवलदार गोविंद सिंह कोरंगा का हार्ट अटैक से निधन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** दुग-नाकुरी तहसील के बनलेख सली गांव निवासी बीएसएफ हवलदार की हार्ट अटैक से बीते दिनों मौत हो गई। उनके पार्थिव शरीर को सैन्य सम्मान के साथ उनके गांव लाया गया। जिसके बाद बुधवार को सरयू संगम पर सैन्य सम्मान के साथ उनकी अंत्येष्टि की गई। उनके निधन से परिवार में शोक की लहर है, साथ ही विभिन्न संगठनों ने भी गहरा दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। जिले बनलेख सली गांव निवासी 58 वर्षीय गोविंद सिंह कोरंगा पुत्र लक्ष्मण सिंह कोरंगा बीएसएफ में हवलदार के पद पर अमृतसर-पंजाब में तैनात थे। 28 दिसंबर को ड्यूटी के दौरान उनका स्वास्थ्य खराब हो गया। अन्य साथी उन्हें अस्पताल ले गए, लेकिन उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। बीते रोज सेना के वाहन से पार्थिव शरीर उनके गांव लाया गया। आज सरयू, गोमती संगम पर सैन्य सम्मान के साथ अंत्येष्टि की गई। हेड क्वार्टर दिल्ली से आए सब इंस्पेक्टर राज किशोर अपने 11 लोगों की टीम के साथ साथी को अंतिम विदाई देने पहुंचे। एएसआई जसोद प्रकाश ने बताया कि हवलदार कोरंगा का हृदय गति रुकने से निधन हुआ है। सेना की टुकड़ी ने उन्हें अंतिम सलामी दी। उनके छोटे भाई ने बताया कि अभी नवंबर में ही वो अपने बेटे की शादी के लिए घर आए हुए थे। उनके निधन के बाद विधायक सुरेश गढ़िया, पूर्व मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल, पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी सहित अन्य लोगों ने शोक व्यक्त कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## एक नजर

### उत्तरायणी: खेल मैदान पार्किंग न बनाया जाए

**बागेश्वर।** पांडे बद्री दत्त कैंप्स बागेश्वर के छात्र संघ अध्यक्ष सागर जोशी के नेतृत्व में छात्र छात्राएं उपजिलाधिकारी एवं मेलाधिकारी से मिले। उन्होंने ज्ञापन सौंपते हुए उत्तरायणी मेले में कैंपस के खेल मैदान को पार्किंग न बनाए जाने की मांग की। छात्रों ने कहा कि ज्ञापन के माध्यम से छात्रों ने कहा कि भारी वाहन, एवं वाहनों की अत्यधिक आवाजाही से मैदान की सतह खराब हो जाती है। जिससे खिलाड़ियों को अभ्यास करने में कठिनाई होती है। मेले के बाद परिसर एवं खेल मैदान में सफ़ फ़ाई नहीं की जाती है। जिसके कारण छात्र छात्राओं एवं खिलाड़ियों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मैदान में पार्किंग के कारण वाहनों का तेल रिसाव एवं जगह जगह कूड़ा फैल जाता है। जिसके चलते कई माह तक खिलाड़ियों के अभ्यास में व्यवधान पैदा होता है। उन्होंने कहा कि मेले के लिए प्रशासन कही अन्यत्र पार्किंग बनवाए। यहां राहुल नगरकोटी, पंकज कुमार, राहुल नाथ शामिल थे।

### महिलाओं को दायित्व व जिम्मेदारियों की जानकारी दी

**बागेश्वर।** द हंगर प्रोजेक्ट के तहत तीनों विकासखंडों गरुड़, कपकोट, बागेश्वर के 75 पंचायतों में महिला जनप्रतिनिधियों की दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। महिला जनप्रतिनिधियों के दायित्व एवं जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला में वक्ताओं ने कहा कि समाज और वक्त को देखते हुए महिलाएं कार्य कर सकती है। कहा कि आज महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कर रही है। उन्होंने देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू का उदाहरण देते हुए सभी से प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यशाला में गरुड़ से 53, बागेश्वर से 10 तथा बागेश्वर से 12 ग्राम पंचायतों की महिला जनप्रतिनिधि एवं महिलाओं ने कार्यशाला में प्रतिभाग किया। कार्यशाला में सोसाइटी की ओर से बसंती देवी, अनीता रावत, कांति, रेनू, मंजू बोरा आदि ने प्रतिभाग किया।

### नए साल को लेकर पुलिस विभाग मुस्तैद

**कालाढूंगी।** देश विदेश से जश्न मनाने आने वाले पर्यटकों को दिक्कत ना हो इसलिए इस बार नैनीताल जिला पुलिस ने रूट प्लान बनाया है जिसके तहत जिले की सीमा में भारी वाहनों को प्रतिबंध किया गया। भारी वाहनों को दो. हराया से रुद्रपुर होकर हल्द्वानी भेजा जा रहा हैं। वही कार बाइक से नैनीताल घूमने जाने वाले पर्यटकों को गड़प्पु जिला बैरियर पर स्टीगर लगाकर कालाढूंगी की ओर भेजा जा रहा है। वहीं नैनीताल तिराहे डागबंगला पर तैनात पुलिस कर्मी नैनीताल मार्ग पर उन्ही वाहनों को भेजा जा रहा जो नैनीताल जाने वाले अन्यथा अन्य वाहनों को हल्द्वानी होकर भेजा जा रहा है। वहीं इस दौरान कालाढूंगी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार सैनी ने बताया पर्यटकों को दिशा निर्देश देते हुए कहा यातयात सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और शराब पीकर वाहन ना चलाए। वही इस दौरान किसी भी पर्यटकों को असुविधा ना हो इसका भी ख्याल रखा जा रहा है। इसके अलावा उन्होंने कहा जश्न के नाम पर हुड़दंग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इस दौरान उपनिरीक्षक पंकज जोशी, टीएसआई बाबू सिंह, एसआई रजनी आर्या, सुरेन्द्र सिंह धामी, मिथुन कुमार, दीपा कुमार, टीपी, ललित बिनवाल, कांस्टेबल संदीप आदि पुलिस कर्मी मौजूद थे।



### ठंड के मौसम के बीच लमगड़ा क्षेत्र में धधके जंगल

**अल्मोड़ा।** ठंड के मौसम के बीच जंगलों में आग लगने का सिलसिला लगातार जारी है। ताजा मामला लमगड़ा क्षेत्र का है। जहां मंगलवार रात अचानक आग धधक गई। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा आग लगने की सूचना फायर सर्विस अल्मोड़ा की टीम को दी गई। सूचना मिलते ही फायर सर्विस की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और बिना समय गंवाए राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। फायर सर्विस टीम ने एमएफई से पंपिंग कर एक होज रील की सहायता से जंगल में लगी आग को पूरी तरह बुझाया। त्वरित और प्रभावी कार्रवाई के चलते आग को फैलने से रोक लिया गया, जिससे आसपास के क्षेत्र को संभावित नुकसान से बचाया जा सका।

### पिरूल से बायो-ब्रिकेट निर्माण का दिया प्रशिक्षण

**अल्मोड़ा।** जीबी पंत संस्थान अल्मोड़ा के ग्रामीण तकनीकी परिसर में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में अल्मोड़ा एवं बागेश्वर जनपद के चार विकासखंडों के 40 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि संस्थान निदेशक डक्ट आईडी भट किया। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य चीड़ की सूखी पत्तियों से बायो-ब्रिकेट तैयार कर वनाग्नि की समस्या को कम करने के साथ-साथ स्थानीय आजीविका के नए अवसर विकसित करना था। इस दौरान उन्होंने पिरूल से विभिन्न उत्पादों को तैयार करने के लिए संस्थान द्वारा विकसित तकनीकों की जानकारी दी तथा इन उत्पादों के विपणन के लिए मूल्य श्रृंखला विकास पर विशेष बल दिया।

### उपलब्धियों की दी जानकारी

**अल्मोड़ा।** वीपीकेएएस संस्थान के निदेशक डा. लक्ष्मीकांत द्वारा बुधवार को अल्मोड़ा में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि संस्थान के वैज्ञानिकों एवं कार्मिकों द्वारा 12 स्थलों का भ्रमण कर वहां के जनमानस को स्वच्छता की आवश्यकता एवं स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया, जिसमें 1, 240 लोगों की सहभागिता रही। स्वच्छता सेवा अभियान की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि यह केवल परिसर की साफ-सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारी सोच, कार्य संस्कृति एवं सामाजिक दायित्व से भी गहराई से जुड़ी हुई है। उन्होंने सभी से स्वच्छता को एक सतत प्रक्रिया के रूप में अपनाने तथा स्वच्छता ही सेवा की भावना को समाज में प्रसारित करने का आहवान किया।

### मृतकों का गमगीन माहौल में हुआ अंतिम संस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** भिकियासैंण के सेलापानी में हुए भीषण हादसे सात लोगों की मौत के बाद पूरे क्षेत्र में मातम छाया है। बुधवार को सात लोगों में से पांच का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। जबकि हादसे में मृतक दो नेपाली युवकों के शव प्रशासन ने नेपाल भेजे। भीषण बस हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में कोहराम मचा रहा। बुधवार को रामगंगा घाट में गोविंद बल्लभ मठपाल उनकी पत्नी पार्वती देवी और नंदन सिंह का अंतिम संस्कार किया गया। वहीं, द्वाराहाट के पाली निवासी तारा देवी और घुघुती निवासी गोविंदी देवी का भी अंतिम संस्कार स्थानीय घाट में किया गया। जबकि बस हादसे में मारे गए नेपाली युवक गणेश और उमेश के शव प्रशासन ने रात में ही महेंद्रनगर नेपाल भेज दिए गए थे। इधर, डीएम अंशुल सिंह ने सड़क सुरक्षा नियमों के पालन पर विशेष जोर देने की अपील की है। ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। डीएम ने हादसे के मजिस्ट्रियल इंक्वायरी के आदेश दिए है। भिकियासैंण हादसे के बाद प्रशासन-पुलिस एक्टिव मोड पर है। डीएम अंशुल सिंह ने हादसे के मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। दुर्घटना की वजह की मजिस्ट्रियल जांच के लिए एसडीएम भिकियासैंण को जांच अधिकारी नामित किया है। डीएम ने जांच अधिकारी को एक पक्ष के अंदर जांच आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

# शुभम जोशी ने जीता ब्रॉन्ज मेडल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** उत्तराखंड कोटद्वार में आयोजित 8वां राज्य स्तरीय महिला एवं पुरुष बॉक्सिंग टूर्नामेंट में बागेश्वर के युवा खिलाड़ी शुभम जोशी ने 75-80 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। पूरे उत्तराखंड से इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें शुभम ने अपनी तकनीक, धैर्य और खेल कौशल का लोहा मनवाया। शुभम का यह प्रदर्शन न केवल उनके व्यक्तिगत प्रयासों का परिणाम है, बल्कि बागेश्वर के युवा खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणास्रोत साबित हुआ है। प्रतियोगिता के दौरान उन्होंने अपने विरोधियों के खिलाफ साहस और अनुशासन के साथ मुकाबला किया, जिससे निर्णायक पलों में निर्णायकों और दर्शकों ने उन्हें खूब सराहा। इस उपलब्धि पर स्थानीय विधायक पार्वती दास और सुरेश गड़िया, जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे, जिला खेल अधिकारी गुंजन बाला ने शुभम जोशी को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विधायक दास और गड़िया ने कहा कि शुभम जैसी प्रतिभाएँ हमारे जिले और राज्य का नाम राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ऊँचा करने में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर युवाओं से अपील की कि वे खेलों में सक्रिय भागीदारी निभाएं और अनुशासन के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ें। जिला खेल अधिकारी ने कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता नहीं, बल्कि मानसिक शक्ति और धैर्य की परीक्षा भी है।

# स्कूल में मनाया गया 11 विद्यार्थियों का जन्मदिन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छीनीगोठ में प्रत्येक माह की भाँति माह के अंतिम दिवस पर सामूहिक जन्मोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में किया गया। दिसंबर माह में जन्मे कुल 11 छात्र-छात्राओं का इस अवसर पर सामूहिक रूप से जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम की संयुक्त अध्यक्षता एसएमसी अध्यक्ष मीना गहतोड़ी एवं पीटीए अध्यक्ष भावना गहतोड़ी ने की, जबकि मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान इंद्रदेव विश्वकर्मा रहे। उन्होंने विद्यालय की इस अभिनव पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, समानता और आपसी भाईचारे की भावना को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर कक्षा 6 के आदित्य बोहरा एवं महक, कक्षा 7 के शुभम बो. हरा, कक्षा 8 के कमल सिंह, ऋषभ कुमार एवं छत्तर सिंह, कक्षा 9 के नैतिक सिंह भंडारी, प्रियांशी एवं शिवानी तथा कक्षा 10 के लक्की सामंत और परी धामी शामिल रहे। बच्चों के लिए विशेष रूप से केक मंगाया गया, जिसे विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री दिग्भूषण गोस्वामी ने विद्यार्थियों के साथ काटा और सभी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम के सूत्रधार शिक्षक त्रिलोचन जोशी का भी जन्मदिवस होने के कारण उन्होंने अपना जन्मदिन बच्चों के साथ मनाया, जिससे आयोजन और अधिक आत्मीय बन गया।

कार्यक्रम के दौरान सभी बच्चों को आकर्षक उपहार एवं टॉफियाँ वितरित की गईं तथा नववर्ष की शुभकामनाएँ भी दी गईं। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि यह सामूहिक जन्मोत्सव कार्यक्रम वर्ष 2019 से निरंतर आयोजित किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य विद्यालय के माहौल को आनंदमय बनाना, छात्र संख्या बढ़ाने हेतु सकारात्मक वातावरण तैयार करना तथा विद्यार्थियों में सद्भाव, समानता और सामूहिकता की भावना को सुदृढ़ करना है। बच्चों को माह के अंतिम दिवस का विशेष रूप से इंतजार रहता है। वे अपनी मनपसंद पोशाक पहनकर विद्यालय आते हैं और सामूहिक रूप से जन्मदिन मनाकर मधुर स्मृतियाँ संजोते हैं। इस प्रयास से अभिभावक भी अत्यंत प्रसन्न हैं और विद्यालय की इस सकारात्मक पहल की सराहना कर रहे हैं। कार्यक्रम में शिक्षक संजय कुमार, पल्लव जोशी, पवन कुमार,ओम प्रकाश, उमेश चंद्र भट्ट, कार्यालय सहायक अर्जुन कुमार तथा भोजन माताएँ रेखा देवी एवं पुष्पा देवी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# उत्तराखंड को मिली उदयपुरी बकरी की नई नस्ल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय के पशु आनुवंशिकी एवं प्रजनन विभाग में कार्यरत डा. आरएस बरवाल, डा. सीवी सिंह और डा. बीएन शाही की टीम ने उदयपुरी बकरी की नस्ल को आईसीएआर-एनबीएजीआर, करनाल द्वारा उत्तराखंड की एक विशिष्ट नस्ल के रूप में आधिकारिक तौर पर बकरी के तैतालिसवां प्रजाति के रूप में मान्यता दिला दी है। वैज्ञानिक दल इस बकरी के प्रजनन क्षेत्र में विस्तृत आधारभूत सर्वेक्षण कार्य में लगे थे और जून, 2025 के महीने में एनबीएजीआर, करनाल द्वारा नियुक्त वैज्ञानिकों की एक टीम ने उदयपुरी बकरी के प्रजनन क्षेत्र का दौरा किया, जिसके परिणामस्वरूप अंत: इस नस्ल का पंजीकरण हुआ। इस बकरी का मूल क्षेत्र उत्तराखण्ड प्रदेश के पश्चिम हिमालयी क्षेत्र उदयपुरी एवं अजमेरी पट्टी यानी दुगड्डा से यमकेश्वर तक, जिला पौड़ी गढ़वाल में स्थित है। ये बकरियाँ समशीतोष्ण जलवायु के अनुकूल हैं। यह नस्ल आकार में छोटी होती है और मांस उत्पाद के लिऐ पाली जाती है। उदयपुरी बकरियाँ मध्यम आकार, भूरे रंग, सुगठित शरीर जिनके ऊपरी भाग पर काली धारियाँ पाई जाती हैं, सिर थोड़ा उभरा हुआ होती हैं तथा माथे पर काले बाल होते हैं, पतली थूथन, चमकीली आँखें एवं काली नाक होती है, कान लटके हुए होते हैं तथा वेटल व दाढ़ी अनुपस्थित रहती है, सींग मध्यम आकार के चपटे, नुकीले तथा बाहर को पीछे की ओर मुड़े हुए होते हैं, उदयपुरी बकरियाँ मांस के लिए पाली जाती हैं, नर और मादा का वयस्क शरीर भार क्रमश: 26-30 किलोग्राम तथा 21-25 किला. ग्राम होता है।

इस बकरी की नस्ल को गढ़वाल मंडल के बकरी पालकों द्वारा मांस के उद्देश्य से पाला जा रहा है और यह उनकी कृषि आय में पूरक है। उदयपुरी बकरियाँ स्थानीय बकरी पालकों के लिए आय का महत्वपूर्ण स्रोत हैं, क्योंकि आवश्यकता पड़ने पर इन्हें बाजार में बेच दिया जाता है तथा धार्मिक अनुष्ठानों में भी इनका उपयोग किया जाता है। एक नस्ल के रूप में इसे मान्यता मिलने से बकरी पालकों को बकरियों के सुधार एवं संरक्षण के माध्यम से इसकी उत्पादन क्षमता को बढ़ाने का रास्ता खुल गया है, ताकि इसे अधिक लाभकारी बनाया जा सके। पशुपालन विभाग, उत्तराखंड अब इसके आगे के सुधार और संरक्षण के लिए इसे राज्य बकरी प्रजनन नीति में मान्यता प्राप्त बकरी नस्ल के रूप में शामिल कर सकता है। कुलपति डा मनमोहन सिंह चौहान, निदेशक शोध डा. एसके वर्मा एवं अधिष्ठाता डा. एएच अहमद आदि ने वैज्ञानिकों के सार्थक प्रयास एवं सफलता के लिए बधाई दी।

# किसानों का शीघ्र भुगतान न होने पर आंदोलन करेगी कांग्रेस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** कांग्रेस किसानों का उत्पीड़न सहन नहीं करेगी, सरकार को तत्काल किसानों की फसल का भुगतान भुगतान करना होगा। उक्त विचार वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री एवं महानगर कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष अलका पाल ने यहां व्यक्त किए। नेत्री अलका पाल ने कहा कि धान की फसल का भुगतान न होने से नाराज किसानों द्वारा सहकारी समिति के गेट पर भीषण ठण्ड में प्रदर्शन किया जा रहा है, हजारों कुंतल धान सरकार ने खरीद तो लिया, लेकिन उसे सरकारी पोर्टल पर ना चढ़ाकर किसानों के हकों को मारने करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि किसान गेहूं की फसल की बुवाई भी कर्ज लेकर कर रहे हैं, बीज, खाद, डीजल सब उधारी पर है, लेकिन धान का अपना ही पैसा अटका पड़ा है। आखिर ऐसा कौन सा कारण है कि सरकार किसानों के पोर्टल को चालू नहीं कर रही है। जब धान पोर्टल पर चढ़ा ही नहीं तो उसका भुगतान नए साल में किसानों को कैसे हो पाएगा । 31 दिसंबर धान खरीद व पोर्टल एंट्री का आखिरी दिन है, ऐसे में किसानों के सामने यह प्रश्न है कि भुगतान आखिर किस तारीख को होगा। अलका पाल ने आरोप लगाते हुए कहा कि धान खरीद का तत्काल सरकार को भुगतान करना होगा। उन्होंने किसान नेताओं से संपर्क कर हर संभव मदद देने का वादा किया। भुगतान न होने पर कांग्रेस पार्टी किसानों के हित में आंदोलन करेगी।

# किसानों के धरने पर पहुंचे विधायक व पूर्व विधायक चीमा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** धान खरीद के भुगतान में हो रही देरी से नाराज किसानों का सोमवार रात से काशीपुर क्रय-विक्रय सहकारी समिति के समक्ष धरना-प्रदर्शन जारी है। बुधवार दोपहर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा और पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा किसानों के बीच पहुंचे और किसानों से बात की तथा उनकी मांग को सरकार तक पहुंचाकर शीघ्र ही उसका समाधान कराने का भरोसा दिलाया। दोपहर लगभग 12 बजे विधायक व पूर्व विधायक किसानों के आंदोलन स्थल पर पहुंचे और किसानों की समस्याओं, सरकारी प्रक्रियाओं और आंदोलन के शांतिपूर्ण समाधान को लेकर गहन चर्चा की, वे करीब तीन घंटे तक किसानों के साथ मौजूद रहे। इस दौरान संबंधित विभागीय अधिकारियों से भी लगातार बातचीत की गई, ताकि किसानों की समस्याओं का व्यवहा. रिक समाधान निकल सके। विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने कहा किसान हमारे देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। किसानों की किसी भी जायज मांग को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। धान भुगतान से जुड़ी दिक्कतों को लेकर संबंधित विभागीय अधिका. रियों से बातचीत की जा रही है और जल्द ही समाधान सुनिश्चित कराया जाएगा। सरकार किसानों के हितों के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा ने कहा किसानों की परेशानियों को समझना और उनके साथ खड़ा होना हमारी जिम्मेदारी है। बातचीत के जरिए ही समस्याओं का स्थायी समाधान निकल सकता है। उन्होंने कहा कि हर स्तर पर उनकी आवाज सरकार तक पहुंचाई जाएगी और शीघ्र ही समस्या का समाधान कराया जायेगा। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# 41 नाबालिगों को नशे की लत से उबारा


- आने वाले वर्ष में बड़े स्तर पर चलेगा अभियान
- 24 अभियोग पंजीकृत कर 37 अभियुक्तों को जेल भेजा: एसपी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** पुलिस अध्यक्षक चंद्रशेखर घोड़के ने बुधवार को पुलिस लाइन में मीडिया से वार्ता कर वर्ष 2025 में पुलिस द्वारा किए गए कार्यों का ब्यौरा बताया। एसपी ने कहा कि एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत राज्य की सबसे बड़ी मात्रा 9.712 किलोग्राम अवैध चरस के साथ जनपद की पुलिस ने आरोपियों को दबोचा। उन्होंने बताया कि पूर्व के वर्ष के सापेक्ष एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत 20 प्रतिशत अवैध चरस व 4 गुना अधिक स्मैक पकड़ी गई। जबकि 41 नाबालिकों की काउंस. लिंग करवाते हुए उन्हें नशे के गिरफ्त से बाहर लाने का अथक प्रयास पुलिस द्वारा किया गया। कप्तान ने कहा कि आने वाले वर्ष में पुलिस नशे के खिलाफ और अधिक सघन अभियान चलाएगी। जिसमें नशे प्रति जागरूकता के साथ अभिभावकों की भी काउंसलिंग करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत कुल 24 अभियोग पंजीकृत किए गए, जिनमें 37 अभियुक्तों को गिरफ्तारी कर जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में कुल 20.809 किलोग्राम अवैध चरस एवं 102.35 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गई। एसपी घोड़के ने बताया कि जनपद पुलिस द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत यातायात व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले 12,465 वाहन चालको के विरुद्ध चालान की कार्यवाही की गई। वही गुमशुदा बालक बालिकाओं को शत बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि अपरा. धिक गतिविधियों पर नजर रखने के लिए पुलिस ने जिला मुख्यालय में अलग अलग स्थानों पर पांच एनपीआर कैमरे स्थापित किए गए है, जबकि आगे भी अन्य स्थानों पर कैमरे स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने स्थानीय लोगों से भी अपील करते हुए कहा कि वे अपने घर, होटल, दुकान, आदि पर निजी संस्थाओं में कैमरे लगाए ताकि दुष्प्रवृत्ति वाले लोगों से बचा जा सके। वर्तमान समय में महत्वपूर्ण स्थानों में 116 सीसीटीवी केमरे क्रियाशील हैं। उन्होंने बताया कि जनपद पुलिस कानून व्यवस्था बनाए रखने, अपरा. धियों पर प्रभावी नियंत्रण एवं आमजन की सुरक्षा के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।

# अंकिता हत्याकांड को लेकर कांग्रेस ने भाजपा पर साधा निशाना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** अंकिता हत्याकांड को लेकर कांग्रेस ने भाजपा पर तीखा हमला बोला है। अंकिता को न्याय दिलाने की मांग को लेकर अल्मोड़ा विधायक मनोज तिवारी ने बुधवार को प्रेस वार्ता कर पूरे मामले की सीबीआई जांच की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि अंकिता भंडारी पर वीआईपी को सेवा देने का दबाव बनाया गया था। विधायक तिवारी ने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड में भाजपा के पूर्व विधायक की कथित पत्नी ने सोशल मीडिया के माध्यम से जो खुलासे किए हैं। इससे साफ है कि हत्याकांड में भाजपा के बड़े नेता भी शामिल रहे हैं। कहा कि सरकार मामले में निष्पक्ष जांच कराने व पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के बजाय इस मामले पर लीपापोती कर रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब सभी राजनीतिक दल, सामाजिक संगठन और प्रदेश की जनता सीबीआई जांच की मांग सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में कराए जाने की मांग कर रहे हैं, तो सरकार इससे क्यों बच रही है। हत्याकांड में शामिल वीआईपी की गिरफ्तारी के लिए सुप्रीम कोर्ट या हाईकोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की। यहां जिलाध्यक्ष कांग्रेस भूपेंद्र सिंह भोज, पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष राधा बिष्ट, नगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, सुशील साह, पूरन सिंह रौतेला, भैरव गोस्वामी, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

# नववर्ष से शहर को स्वच्छ रखने को नगर निगम ने दिलाई शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** नगर निगम काशीपुर द्वारा नववर्ष के अवसर पर नगर निगम परिसर में आज प्रात: एक विशेष पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम



सस्टेनेबल-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सतत जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर नागरिकों से अपील की गई कि आज संकल्प लें हम 2026 को स्वच्छ बनाएं। धरती, पानी और हवा की रक्षा करें। कार्यक्रम के दौरान सहायक नगर आयुक्त विनोद लाल द्वारा पर्यावरण मित्रों को सस्टेनेबल 2026 की शपथ दिलाई गई। शपथ के माध्यम से पर्यावरण मित्रों ने स्वच्छता बनाए रखने, प्रदूषण कम करने, संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग तथा आमजन को जागरूक करने का संकल्प लिया। नगर निगम काशीपुर द्वारा सभी नगर वासियों सामाजिक संगठनो से अपील की गई है कि वे इस शहर को स्वच्छ, स्वस्थ और सुन्दर काशीपुर के निर्माण में अपना योगदान दें। इस अवसर पर नगर निगम के कार्यालय अधीक्षक विकास शर्मा सफाई निरीक्षक मनोज बिष्ट, नगर निगम कर्मचारी, पर्यावरण मित्र एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### पुलिस ने 10 खोए मोबाइल खोजकर लौटाए

**काशीपुर।** कोतवाली आईटीआई पुलिस ने आधुनिक तकनीक का उपयोग कर गुम हुए 10 मोबाइलफोन बरामद किए हैं, जिनकी कुल बाजार कीमत लगभग 2.30 लाख रुपये है। कोतवाली आईटीआई में तैनात कांस्टेबल मुरली पांडे ने गुम हुए मोबाइलों का डाटा सीईआईआर पोर्टल पर अपलोड कर निरंतर निगरानी रखी। तकनीकी सर्विलांस की मदद से पुलिस ने एक-एक कर कुल 10 स्मार्टफोन बरामद कर लिए। पुलिस ने सभी मोबाइल स्वामियों को कोतवाली बुलाकर उनके मोबाइल उनके सुपुर्द किए। अपने मोबाइल वापस पाकर रोहित कुमार, तुलिका सिंह, कुलदीप, मदन, बबली, मनप्रीत सिंह, मुख्तार अली, मयंक, अनिल कुमार, नवीन गुसाईं के चेहरों पर मुस्कान लौटी। पुलिस ने अपील की है कि यदि आपका मोबाइल खो जाता है, तो तत्काल उसकी सूचना नजदीकी थाने में दें और सीईआईआर पोर्टल पर अपना आईएमईआई नंबर ब्लॉक करवाएं।

# विधायक ने किया दो सड़कों का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने दो सड़कों का शिलान्यास किया। इनमें ग्राम गंगापुर गोसाई में मुख्य मार्ग से अतुल श्रीवास्तव के घर तक 57 मीटर टायल्स मार्ग निर्माण व वीर सिंह के घर के पास डामर रोड से राकेश कुमार के मकान तक 110 मीटर टायल्स मार्ग निर्माण सम्मिलित है। विधायक श्री चीमा ने बताया कि इन मार्ग का निर्माण गुणवत्ता पूर्वक किया जाएगा। क्षेत्र के विकास के लिए जैसे-जैसे धन की उपलब्धता होगी। प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचने का भरसक प्रयास किया जाएगा। शिलान्यास अवसर पर पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, भाजपा मंडल अध्यक्ष ग्रामीण बृजेश पाल, बीडीसी सदस्य पंकज मोनू आदि मौजूद रहे।

# शहर में ताबड़तोड़ चेकिंग, जाम मुक्त रहा शहर

## सैलानियों की सुरक्षा के लिए एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने सम्भाला मोर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** न्यू-ईयर के सेलिब्रेशन को शांतिपूर्व तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस ने कमर कस ली है। सुरक्षा व यातायात व्यवस्था को दुरूस्त रखने के लिए कप्तान ने सभी थाना व चौकी प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। वहीं सुबह से ही काठगोदाम पुलिस चौकी बैरियर के पास काठगोदाम से ऊपर जाने वाले दो पहिया वाहनों पर लगाई रोक। आईडी दिखाने के बाद दी जाने अनुमति। जिसको लेकर न्यू-ईयर की पूर्व संध्या बुधवार को कप्तान डा. मंजूनाथ टीसी ने खुद सुरक्षा व यातायात व्यवस्था का जायजा लेने के लिए ड्यूटी प्वाइंटों और पुलिस के तमाम बैरियरों का निरीक्षण किया। इस मौके पर पुलिस कप्तान डा. मंजूनाथ टीसी ने स्वयं सड़कों पर उतरकर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था की कमान संभाली है। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने प्रमुख सरहदी बैरियरों, चौराहों, मार्गों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया और मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों तथा कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही यातायात व्यवस्था को सरल, सुगम और निर्बाध बनाए रखने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं ताकि सैलानी सुरक्षित और आराम से





अपने गंतव्य तक पहुंच सकें। पुलिस कप्तान ने टांडा तिराहा, सुभाषनगर बैरियर, लालकुआं, पुलिस चौक पोस्ट गौलापुल, काठगोदाम नारीमेन चौराहे सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर खुद मौजूद रहकर यातायात संचालन और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एसएसपी ने जिले के सभी थाना/चौकी प्रभारियों को अलर्ट मोड में कार्य करते हुए सुरक्षा व यातायात व्यवस्था को चाक चौबंद रखने के सख्त निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि पर्यटकों को सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए जिलेभर में एक प्रभावी यातायात प्लान भी लागू किया गया है। इस दौरान एसएसपी ने ड्यूटी प्वाइंट में तैनात पुलिस अधिकारी/कर्मियों को हर समय सतर्क रहते हुए लगातार वाहनों की चैकिंग कर यातायात व्यवस्था को सुचारू करने के निर्देश दिए। वहीं सुबह से ही काठगोदाम पुलिस चौकी बैरियर के पास काठगोदाम से ऊपर जाने वाले दो पहिया वाहनों पर लगाई रोक। आईडी दिखाने के बाद दी जाने अनुमति। बताया जा रहसा कि भीमताल और भवाली क्षेत्र में पार्किंग के 80 प्रतिशत भर जाने पर हल्द्वानी और काठगोदाम से ऊपर पर्यटक वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

## जश्न में खलल बर्दाश्त नहीं: एसएसपी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नए साल के जश्न में दारू पीकर हुड़दंग मचाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। इसके लिए सभी पुलिस कर्मियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि रात्रि दस बजे के बाद कोई भी डीजे नहीं बजेगा। दस बजे के बाद कोई डीजे बजाता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जायेगी और नशे में वाहन दौड़ाने वालों से भी पुलिस की नजर बनी रहेगी। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने कहा कि नए साल के जश्न की सभी लोग शांतिपूर्वक बनाए और जश्न की आड़ में हुड़दंग किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हुड़दंगियों से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह से तैयार है। इसके अलावा होटलों, रेस्टोंरेटों में होने वाले नए साल के आयोजनों पर भी मातहतों से नजर रखने को कहा गया है। एसएसपी ने कहा कि नए साल पर यातायात को सुगम बनाना पहली प्राथमिकता होगी। पर्यटकों को किसी भी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। एसएसपी ने कहा कि नए साल पर हुड़दंग करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। नशे में हुड़दंग काटने और वाहना दौड़ाने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस की तैनाती की गई है। उन्होंने लोगों और सैलानियों से नए साज के जश्न को घरों, दोस्तों और होटलों तक ही सीमित रखने की सलाह दी है। साथ ही कहा कि 10 बजे के बाद डीजे बजाने पर प्रतिबंध रहेगा। अगर कोई 10 बजे बाद डीजे बजाता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि जश्न और उमंग की आड़ में ऐसी हरकत न करें जिससे दूसरे को परेशानी हो।



### शहर में डंपर दिखा तो संबंधित अधिकारी पर होगी कार्रवाई

**हल्द्वानी।** नए साल के अवसर पर सुरक्षा और यातायात व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के लिए सड़क पर उतरे कप्तान डा. मंजूनाथ टीसी का पारा उस वक्त चढ़ गया, जब उन्हें शहर की सड़कों पर डंपर नजर आए। उन्होंने तुरंत वायरलेस पर चेतावनी देते हुए कहा कि अगर भविष्य में शहर में कोई भी डंपर नजर आया, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ तत्काल निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद, एसएसपी ने निर्देश दिए कि काठगोदाम से ऊपर दोपहिया वाहनों को शहर में प्रवेश न करने दिया जाए। इस दौरान शहर भर में ताबड़तोड़ चेकिंग की गई।

### सात एएसपी, 5 सीओ की निगरानी में जिला पीएसी भी तैनात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नए साल के जश्न के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने पूरी ताकत झोंकी है। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि नैनीताल और आसपास के क्षेत्रों में पर्यटन के चलते नए साल का जश्न हमेशा ही संवेदनशील रहता है। ऐसे में इस बार भी पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कड़े इंतजाम किए गए हैं। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी के अनुसार, सुरक्षा व्यवस्था को और भी सुदृढ़ बनाने के लिए तीन कंपनियां और दो प्लाटून पीएसी की तैनाती की गई है। इसके अलावा, सात एएसपी, पांच सीओ समेत 24 निरीक्षक, 137 महिला-पुरुष दरोगा और 400 से अधिक सिपाही पूरे जिले में तैनात किए गए हैं। सभी पुलिसकर्मी चौकस रहकर नए साल के जश्न को शांतिपूर्ण बनाने के लिए मुस्तैदी से ड्यूटी निभाएंगे। एसएसपी ने बताया कि सभी प्रमुख स्थानों पर त्वरित पुलिस कार्रवाई के लिए रणनीति बनाई गई है, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचा जा सके। प्रशासन ने जनता से अपील की है कि वे सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करें और जश्न को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं।

### थार में एंबुलेंस की लाइट, निजी अस्पताल के एमडी को पकड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पुलिस ने नैनीताल जाने से किसी को भी नहीं रोका है, लेकिन संदिग्ध वाहनों की चेकिंग जारी है। इसी चेकिंग के दौरान पुलिस ने शहर के एक निजी अस्पताल के एमडी और उनके दोस्तों को पकड़ा, जो अपनी थार गाड़ी पर एंबुलेंस की लाइट लगाकर नैनीताल जा रहे थे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए थार से लाइट उतारी और चालानी कार्रवाई कर दी सख्त हिदायत। जानकारी के अनुसार शहा के एक निजी अस्पताल का एमडी अपनी थार गाड़ी में अपने दोस्तों के साथ नैनीताल जाने की को. शिश कर रहे थे। पुलिस द्वारा चल रही सख्त चेकिंग से बचने के लिए उन्होंने अपनी गाड़ी की छत पर एंबुलेंस की लाइट लगा दी थी, ताकि उन्हें रोका न जाए, और बिना डर से वह नैनीताल घूम सके। हालांकि ऐसा कुछ नहीं हुआ, पुलि की सख्त चैकिंग के दौरान थार में लगी एंबुलेंस की लाइट देखते ही पुलिस जिले की एक चौकी के पास रोक दिया, और जांच की। जांच के दौरान, एमडी और उनके दोस्तों ने पुलिस को अपना परिचय दिया और लाइट लगाने का कारण बताया। पुलिस ने लाइट को उतार दिया और नियमों का उल्लंघन करने पर चालान काटाते हुए सख्त हिदायत दी।

# सती कालोनी वासियों को अतिक्रमण के नोटिस

## शहर विधायक सुमित हृदयेश ने जताई नाराज़गी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर के सती कॉलोनी, शनि बाजार रोड में पिछले कई वर्षो से रह रहे परिवारों के घरों को अतिक्रमण बताकर तोड़ने के लिए जारी किए गए नोटिसों को लेकर विधायक सुमित हृदयेश ने गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने इस कार्रवाई को दुखद, पीड़ादायक और अमानवीय बताते हुए कहा कि वर्षो से मेहनत कर बसे इन परिवारों के लिए ऐसी स्थिति स्वीकार्य नहीं है। बुधवार को शहर विधायक सुमित हृदयेश आज खुद सती कॉलोनी पहुंचे और प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उनकी समस्याएं, पीड़ाएं और चिंताएं सुनकर पूरी गंभीरता से स्थिति का आकलन किया। स्थानीय निवासियों ने बताया कि वे लंबे समय से यहां रह रहे हैं और अचानक आए नोटिसों के कारण अब वे बेघर होने की स्थिति में हैं। विधायक ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से बात की और पूरे मामले पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि इस मामले में मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए शीघ्र समाधान निकाला जाना चाहिए। साथ ही, विधायक ने यह भी कहा कि किसी भी स्थिति में निर्दोष नागरिकों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। विधायक ने प्रभावित परिवारों को आश्वस्त किया कि आम जनता के अधिक. ारों, सम्मान और न्याय की रक्षा के लिए वे हर स्तर पर उनके साथ खड़े रहेंगे और इस मुद्दे का समाधान कराने तक पूरी कोशिश करेंगे। इस दौरान मोहन सती, गुड्डू सती, गोपाल सिंह अधिकारी, कुंदन सिंह अधिकारी, सौरभ, अंकित, राम बाबू, जाकिर हुसैन, जावेद सहित कई लोग मौजूद रहे।

### तबियत बिगड़ी, उपचार के दौरान मौत

**हल्द्वानी।** गौला नदी में मजदूरी कर रहे एक मजदूर की अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद परिजनों द्वारा आनन फानन में बेस अस्पताल लाया गया। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। प्रारंभिक तौर पर यह आशंका जताई जा रही है कि ठंड के कारण उसे हार्ट अटैक आया, लेकिन असल कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही सामने आएगा। जानकारी के अनुसार मूलरूप से पश्चिमी चंपारण बिहार निवासी 67 वर्षीय जयपाल पटेल पुत्र पुण्यलाल पटेल हल्द्वानी के राजपुरा क्षेत्र में रहते परिवार के साथ रहते थे। बताया जा रहा कि वह गौला खनन में मजदूरी करते हुए अपना जीवनयापन कर रहे थे। बीते मंगलवार दोपहर अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। आस-पास के लोगों ने उन्हें आनन फानन में बेस अस्पताल लाया गया।

# एचसीएफ ने 6 विकेट से जीता मैच

## विदित जोशी के नाम रहा मैन ऑफ-द मैच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में जीएनजी क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जा रहे सीनियर पुरुष वर्ग की जिला क्रिकेट लीग के तहत बुधवार को एचसीएफ और गट्सएन ग्लोरी क्रिकेट क्लब के बीच मुकाबला हुआ।

एचसीएफ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। गट्सएन ग्लोरी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 36 ओवरों में 152 रन बनाकर आल आउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एचसीएफ की टीम ने 24 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 156 रन बनाकर 6 विकेट से मैच जीत



लिया। टीम के लिए विदित जोशी ने 77 रनों की शानदार पारी खेली, जबकि देवेश जोशी ने टीम के लिए 32 रन बनाए। मैन ऑफ-द मैच का पुरस्कार विदित जोशी को उनकी बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए दिया गया। इस मौके पर जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, लीला कांडपाल, नरेंद्र अधिकारी, जगमोहन बगड़वाल, आनंद बिष्ट, संजय चौधरी, सुनील साह, त्रिलोक जीना, विजय कुकसाल, बीएल साह, रवि नेगी, मनोज जोशी, विकास गुणवंत, दिलीप रावत, अभिषेक कुमार आदि मौजूद रहे।

# देवभूमि व्यापार मंडल ने मंडी व्यापारियों को दिया समर्थन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** देवभूमि व्यापार मंडल ने मंडी व्यापारियों के आंदोलन को अपना पूरा समर्थन देते हुए उनके मुद्दों का शीघ्र समाधान करने की

### कहा- मंडी परिषद के व्यापारियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान हो

बात कही। बुधवार को देवभूमि व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह चड्डा ने एक बैठक कर कहा कि मंडी परिषद के व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से लिया जाना चाहिए और व्यापारी हित में तुरंत समाधान निक. ाला जाना चाहिए। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बगड़वाल ने कहा कि मंडी के व्यापारी वर्षो से मंडी में अपना व्यापार कर रहे हैं और उनके साथ किसी भी प्रकार का उत्पीड़न नहीं होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि मंडी के व्यापारी मंडी परिषद परिवार के सदस्य हैं और परिषद को अपने परिवार के सदस्य की समस्याओं का शीघ्र समाधान करना चाहिए। बैठक में देवभूमि व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष दलजीत सिंह दल्ली, नगर महामंत्री राजीव जायसवाल, युवा प्रदेश अध्यक्ष मुकेश ढींगरा, जिलाध्यक्ष पंकज कपूर, युवा जिला अध्यक्ष रविंद्र बाली समेत कई व्यापारी प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# पार्वती कोरंगा की याद में स्मृति सभा

## भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने बिंदुखत्ता के संघर्ष में उनके योगदान को याद किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लालकुआं।** भाकपा माले की सक्रिय सदस्य रही कामरेड पार्वती कोरंगा की याद में उनके आवास पुराना खत्ता, बिंदुखत्ता, में स्मृति सभा की गई। उनका गत 22 दिसंबर को निधन हो गया था। स्मृति सभा की शुरुआत उनको एक मिनट के मौन स्वरूप श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई। वक्ताओं ने उनको याद करते हुए कहा कि पार्वती कोरंगा जनता और पार्टी द्वारा चलाए गए सभी आंदोलनों में खासतौर पर बिंदुखत्ता में चले जनसंघर्ष में सक्रियता से भागीदारी करती थीं। आज उनके जैसी प्रतिबद्ध साथी की कमी काफी खल रही है। किसान महासभा के आवारा गोवंश की




समस्या के समाधान के लिए चले हालिया आंदोलन तक भी वे सक्रिय रहीं। उन जैसी सैकड़ों संघर्षशील महिलाओं के दम पर ही आज बिंदुखत्ता का अस्तित्व है। वे हमारी यादों में हमेशा बनी रहेंगी। इस दौरान डा. कैलाश पाण्डेय, विमला रौथाण, पुष्कर दुबड़िया, किशन बघरी, आनंद सिंह सिजवाली, नैन सिंह कोरंगा, गोविंद जीना, चन्दन राम, धीरज कुमार, निर्मला शाही, प्रभात पाल, कमल जोशी, एडवोकेट एसडी जोशी, अंबादत्त बसखेती, आनंद दानू, किशन जग्गी, चंचल सिंह, देवेन्द्र आदि मौजूद रहे।

# सीएम से चैंबर और आधुनिक लाइब्रेरी की मांग की

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी बार एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से देहरादून में उनके आवास पर भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने



मुख्यमंत्री के समक्ष हल्द्वानी में अधिवक्ताओं के चैंबरों के निर्माण और एक आधु. िनक सुसज्जित लाइब्रेरी निर्माण के लिए धन आवंटन करने की मांग की। साथ ही अधिवक्ताओं के हित मे प्रदेश में अधिवक्ता प्रोटेक्शन बिल लागू किए जाने और अधिवक्ताओं के लिए मेडिक्लेम तथा जीवन बीमा सुविधा उपलब्ध कराये से सम्बंधित ज्ञापन भी सौंपा। मुख्यमंत्री धामी ने अधिवक्ताओं से सभी बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा करने के बाद शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष किशोर कुमार पंत, सचिव मोहन सिंह बिष्ट, लेखाधिकारी आरपी पांडे शामिल रहे।

# कांग्रेस सेवादल ने मनाया स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लालकुआं।** कांग्रेस सेवादल ने लालकुआं के गांधी पार्क में ध्वज वंदन कार्यक्रम एवं शपथ ग्रहण समारोह मनाया। इस दौरान उपस्थित सेवादल एवं सहयोगी जनों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कृतज्ञता व्यक्त की गई तथा राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत के साथ-साथ अनेक देशभक्ति गीतों के माध्यम से माहौल को राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कर दिया।

कांग्रेस सेवादल के अतिरिक्त प्रदेश मुख्य संगठक राजेन्द्र चन्द्र दुर्गापाल ने बताया कि 28 दिसंबर 1923 को कांग्रेस सेवादल की स्थापना हुई कांग्रेस सेवादल का उद्देश्य राष्ट्र सेवा समाज सेवा के साथ-साथ



सामाजिक समरसता एवं सद्भावना का वातावरण बनाना है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सेवादल का कार्य बसुधैव कुटुम्बकम-सर्व धर्म समभाव को मजबूती प्रदान करते हुए समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का दायित्वों का कुशलता पूर्वक निर्वहन करना है और समाज के हर व्यक्ति को इसके लिए प्रेरित करना है।

यहां मुख्य रूप से राजेंद्र चंद्र दुर्गापाल के अलावा सेवादल के जिला अध्यक्ष गोकर्ण सिंह बिष्ट (मुन्ना बिष्ट), सेवादल के ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र कार्की के अलावा वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरेंद्र बोरा, राजेंद्र सिंह खनवाल, कुंदन सिंह मेहता, पूर्व नगर पंचायतअध्यक्ष कैलाश चंद्र पंत, महिला कांग्रेस नेत्री बीना जोशी, लालकुंआ नगर कांग्रेस अध्यक्ष भुवन पांडे, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रमोद कालोनी, गिरधर बम, प्रदीप सिंह बथ्याल, गौरव मेहता, वरुण पाठक, विनय रजवार, सेवादल के बरिष्ठ सलाहकार सदस्य किसान नेता रमेश चंद्र तिवारी, पूर्व ट्रेड यूनियन लीडर पंतनगर नारायण दत्त पांडे, लाल. कुंआ के बरिष्ठ कांग्रेसी रविशंकर तिवारी, सेवादल के जिला उपाध्यक्ष शिरोमणी जोशी, जिला महासचिव जगदीश जोशी, नगर महिला कांग्रेस अध्यक्षा रश्मि चौधरी, राजो गुप्ता, माया देवी एवं सेवादल के भूपेंद्र सिंह कोरंगा आदि मौजूद रहे

# सहायक स्टेशन प्रभारी रावत को विदाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड परिवहन निगम के काठगोदाम डिपो में कार्यरत



सहायक स्टेशन प्रभारी मनोहर सिंह रावत के 36 वर्ष की सेवा के उपरांत सेवानिवृत्त होने पर बुधवार को डिपो में आयोजित विदाई समारोह में भावभीनी विदाई दी गयी। सेवानिवृत्त सहायक स्टेशन प्रभारी मनोहर रावत ने सभी का आभार जताते हुए रानीखेत डिपो से अपनी ड्यूटी के 35 वर्षों को याद किया। अपने 35 वर्ष की सेवा में उन्हें कर्मचारी नेता के रूप में सेवा का अवसर भी मिला। कर्मचारियों ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै, क्षेत्रीय अध्यक्ष आनंद बिष्ट, शाखा अध्यक्ष मनोज भट्ट, शशिकांत गौतम, नरेंद्र बिष्ट, बीसी भट्ट, पूरन तिवारी, सुभाष मिश्रा, पूरन डांगी, गोपाल आर्य, नीरज कन्याल, पवन कुमार, पुष्कर मेहरा, हरीश रावत, हेमंत गड़िया, योगेश मेहता आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रकाश पर्व पर निकली चौथी प्रभात फेरी

## चरण चलो चरण चलो मार्ग गोविंद...के भव्य गायन के साथ संगत ने किया गुरबाणी का पाठ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गुरुद्वारा श्री दुख निवारण साहिब कालाढूंगी रोड स्थित गुरुद्वारे



में श्री गुरु गोविंद सिंह जी के 359वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में चौथी प्रभात फेरी का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस प्रभात फेरी में चरण चलो चरण चलो मार्ग गोविंद...के भव्य गायन के साथ संगत ने गुरबाणी का पाठ किया और श्रद्धा भाव से इस आयोजन को सफल बनाया। प्रभात फेरी बुधवार सुबह रामलीला ग्राउंड से शुरू हुई जो कालाढूंगी चौराहे, भोलानाथ गार्डन, पंजाबी क्वार्टर कॉलोनी, हीरानगर होते हुए मुखानी चौराहे से गुज़रते हुए गुरुद्वारा श्री चार साहिबजादे में संपन्न हुई। इस यात्रा के दौरान संगत ने कीर्तन गायन किया और पूरे मार्ग में जगह-जगह प्रभात फेरी का पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया गया। इस आयोजन में महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग सभी ने मिलकर गुरु नानक देव जी का भव्य उत्सव मनाया। इस मौके पर गुरुद्वारा श्री चार साहिबजादे के मुख्य सेवादार अमनदीप सिंह, सिंह गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष वीरेन्द्र चड्ढा, हरजीत सिंह सिंबल, प्रवक्ता हरजीत सिंह चड्ढा, हिरपाल सेठी, मनजीत सिंह सेठी, मालिन कोहली, जसप्रीत सिंह, गुरविंदर सिंह, अमन आनंद, मनजीत कौर, अमरजीत कौर, बलजीत कौर, सतवीर कौर, रविंदर कौर, मनमोहन कौर मौजूद रहे। समेत कई अन्य सदस्य भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

### आज मनाया जाएगा टर्बन-डे

**हल्द्वानी।** प्रवक्ता हरजीत सिंह चड्ढा ने बताया कि पांचवी प्रभात फेरी 1 जनवरी कल यानि आज गुरूवार को गुरुद्वारा सिंह सभा से प्रस्थान करेगी, जो गुरुद्वारा श्री गुरु नानकपुरा भोटिया पड़ाव जाएगी। उन्होंने बताया इस दिन टर्बन-डे भी मनाया जाएगा। इस मौके पर श्री गुरु तेग बहादुर साहिब स्कूल के सिख नौजवानों द्वारा एक मार्च निकाला जाएगा, जो हल्द्वानी मुख्य बाजार से होते हुए गुरुद्वारा सिंह सभा पहुंचेगा। इस मार्च का उद्देश्य पगड़ी (टर्बन) के महत्व को उजागर करना है, जो सदियों से सिख संस्कृति का अभिन्न हिस्सा रहा है। पगड़ी न केवल एक सजावटी वस्त्र है, बल्कि यह सम्मान, गरिमा और आत्मसम्मान का प्रतीक भी है। इस अवसर पर सिख समुदाय के सभी सदस्य अपनी पगड़ी की गरिमा और महत्व को रेखांकित करेंगे।

# यूओयू में प्रवेश आज से

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्व. विद्यालय में शैक्षणिक सत्र जनवरी 2026 के लिए प्रवेश प्रक्रिया 1 जनवरी से प्रारंभ की जा रही है जो 31 जनवरी तक चलेगी। इस सत्र में विश्वविद्यालय के यूजी, पीजी, प्रमाण पत्र एवं डिप्लोमा स्तर के कुल 93 अध्ययन कार्यक्रमों में प्रवेश दिए जाएंगे। कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने बताया कि उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय का उद्देश्य देश और राज्य के दूरस्थ, कार्यरत एवं वंचित वर्ग के विद्यार्थियों तक गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा को सुलभ बनाना है। इसी दिशा में जनवरी 2026 सत्र के लिए विविध शैक्षणिक कार्यक्रमों में प्रवेश की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। संपूर्ण प्रवेश प्रक्रिया विश्वविद्यालय के आधिकारिक ऑनलाइन वेब पोर्टल के माध्यम से संपन्न की जाएगी। आवेदन से पूर्व अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय के प्रॉस्पेक्टस में दिए गए दिशा निर्देशों, पात्रता मानदंड एवं अन्य आवश्यक जानकारियों का भलीभांति अध्ययन करना है। कुलपति ने कहा कि सभी नए आवेदकों के लिए सही एबीसीआईडी एवं डीईबीआईडी प्रदान करना अनिवार्य है। यदि किसी आवेदक द्वारा सही एबीसीआईडी अथवा डीईबीआईडी. प्रस्तुत नहीं की जाती है, तो यूजीसी-डीईबी के नियमानुसार उनका प्रवेश रद्द किया जा सकता है। प्रो. लोहनी ने सभी इच्छुक विद्यार्थियों से समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने का आह्वान करते हुए कहा कि यूओयू निरंतर नवाचार, गुणवत्ता और समावेशी शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com


*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# विधायक निधि से क्षेत्र में किए जा रहे हैं भरपूर विकास कार्यः अरविंद पांडे

**क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों के बारे में भी दी जानकारी**

शाह टाइम्स संवाददाता

**गदरपुर।** विधायक अरविंद पांडे ने एक प्रतिष्ठान में आयोजित पत्रकार वार्ता में अपने द्वारा विधायक निधि से करवाए गए विकास कार्यों का ब्योरा दिया। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में गदरपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास की नई गाथा लिखी गई है।



विधायक अरविंद पांडे ने कहा कि बुक्सा समाज को नई पहचान दिलाने के लिए उन्होंने उनके नाम पर खेमपुर में एक स्टेडियम का निर्माण कराया है। इसके अलावा गूलरभोज क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का पूरा प्रयास किया गया है। विधायक अरविंद पांडे ने बताया कि उनके कार्यकाल में गदरपुर विधानसभा क्षेत्र में कई विकास कार्य हुए हैं। इनमें डल बाबा से डैम के नीचे रोड, पार्किंग, टॉयलेट व्यवस्था और नौकायन (Boating) शामिल हैं। इसके अलावा दिनेशपुर क्षेत्र में हॉट चौड़ में नया भवन, स्टेडियम, ऑडिटोरियम, दिनेश. पुर के चंडीपुर में नया भवन, कुल्हा क्षेत्र में स्टेडियम और थारू जनजाति के लिए हॉस्टल बनाया गया है। विधायक अरविंद पांडे ने बताया कि केलाखेड़ा में नया राजकीय इंटर कॉलेज और स्टेडियम बनाया गया है। इसके अलावा क्षेत्र की सभी मुख्य सड़कों का निर्माण कराया गया है। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग के लिए उनके द्वारा हर दुख-सुख में पहुंचने का प्रयास किया गया है। विधायक अरविंद पांडे ने बताया कि गदरपुर बाईपास, गदरपुर अनाज मंडी, श्री सनातन धर्म मंदिर में विशाल हॉल, गदरपुर डिग्री कॉलेज की अक्षय पात्र योजना, पुराने कन्या स्कूल में हॉस्टल और नया हॉस्टल का निर्माण कराया गया है। इसके अलावा नवनिर्मित बस स्टेशन, गदरपुर मटकोटा मार्ग और सकैनिया में स्टेडियम व कबड्डी हॉस्टल का निर्माण कराया गया है।

उन्होंने कहा कि बुक्सा जनजाति के प्रेरणा स्रोत राजा जगतदेव जी डल बाबा मंदिर में मूर्ति स्थापना और पिछले 6 वर्षों से वहां मेला का आयोजन किया जाना जन सहयोग से उनकी उपलब्धि है। सुरजीत सिंह,राकेश भुड्डी, शिवा तिवारी, विजय कश्यप, चंकित कुमार, शुभम पांडे,विपिन गुप्ता, रवि पाल आदि थे।

# बृजेश वर्मा ने चेन्नई में आयोजित एकल योगासन में जीता स्वर्ण पदक

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर के योग एवं वैकल्पिक चिकित्सा विभाग के छात्र बृजेश वर्मा ने स्वर्ण पदक जीता।

बता दें कि कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल की ओर से दिनांक 18 से 22 दिसंबर तक आयोजित अखिल भारतीय इंटर विश्वविद्यालय योगासन चौम्पियनशिप 2025 वेल्स विश्वविद्यालय चेन्नई में संपन्न हुई। विद्यार्थी द्वारा प्रतियोगिता के पारम्परिक एकल आयोजन में प्रतिभाग करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया।महाविद्यालय पहुंचने पर विजेता खिलाड़ी को महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. एम.सी. पाण्डे ने पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के योग विभाग के विद्यार्थियों की सराहना कर योग के क्षेत्र में इनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को रेखांकित किया। योग प्रशिक्षक डॉ. मुरली धर कापड़ी ने अवगत कराया कि बृजेश वर्मा वर्तमान के साथ पूर्व में भी राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त कर चुके हैं।

क्रीड़ा प्रभारी डॉ योगेश चन्द्र,एम.ए. योग संयोजक डॉ. मूलचन्द्र शुक्ल एवं डॉ. सुमन कुमार ने विजेता



खिलाड़ी के महाविद्यालय पहुँचने पर बधाइयाँ दीं। योग विभाग के छात्र-छात्राओं की योग प्रतियोगिताओं में राष्ट्रीय स्तर पर विगत अनेक वर्षों से निरन्तर एक अलग पहचान बन चुकी है।

आम जन मानस से अपील है कि महाविद्यालय में प्रतिदिन संचालित निःशुल्क योगाभ्यास शिविर का लाभ लेने के लिए डॉ. विवेक जोशी से संपर्क कर सकते हैं, जिसमें स्वस्थ व्यक्ति,स्वस्थ समाज और समृद्ध राष्ट्र की कल्पना को साकार किया जा सकता है।योग विभाग के सहयोगी योग शिक्षक डॉ. नितिन ढोमणे हैं।

## एक नजर

# पालिकाध्यक्ष ने स्वच्छता के लिए किया जागरूक

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** स्वच्छ भारत अभियान के तहत नगर पालिका प्रशासन द्वारा रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



पालिका अध्यक्ष नौशाद सम्राट के नेतृत्व में पालिका कर्मीयों द्वारा नगर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। पालिका अध्यक्ष ने रैली के साथ हाथ में लाउडस्पीकर लेकर नागरिकों से शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए मुंनादी की। साथ ही नगर की साफ सफाई में पालिका प्रशासन का सहयोग करने तथा कचरा सड़क के आसपास न डालने की अपील की। अध्यक्ष ने कहा कि कचरा इकट्ठा करने के लिए नगर में 10 गाड़ियां लगाई गई हैं। कचरा उन्ही में डालें। सफाई अभियान वार्ड नंबर 14 वार्ड नंबर 16 डेहरिया रोड कॉलोनी, रहमानिया कॉलोनी, मदीना मस्जिद रोड,चांद मस्जिद रोड,फैजान रोड आदि स्थानों पर चलाया गया।उन्होंने बताया कि यह अभियान पूरे शहर में चलाया जाएगा। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष मोहम्मद नौशाद सम्राट, ईओ उदयवीर सिंह, पालिका कर्मी अनिल कुमार सुमित कुमार, महेंद्र बिष्ट, अवनीश कुमार, महेंद्र रही, मोहम्मद इस्लाम आदि मौजूद रहे।

# शिल्पी अरोड़ा को कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव बनाए जाने पर रामकृष्ण सैनी ने दी शुभकामनाएं

शाह टाइम्स संवाददाता



**रुद्रपुर।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस द्वारा शिल्पी अरोड़ा को राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किए जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है। इस अवसर पर उत्तराखंड के पूर्व महासचिव (आई टी) एवं रुद्रपुर विधानसभा से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामकृष्ण सैनी ने शिल्पी अरोड़ा को बधाई देते हुए कहा कि यह निर्णय महिलाओं और संगठन को मजबूती देने वाला साबित होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी ने नेतृत्व ने एक कर्मठ, समर्पित और अनुभव भी कार्य करता को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, जिससे महिलाओं को और संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। रामकृष्ण सैनी ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी, महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा सहित सभी वरिष्ठ नेताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया, जिन्होंने संगठन के हित में यह महत्वपूर्ण फैसला लिया। रामकृष्ण सैनी ने कहा शिल्पी अरोड़ा एक जमीनी कार्यकर्ता है जो वर्षों से पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए कार्य कर रही हैं।

# प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना को लक्ष्य निर्धरित

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** जिला समाज कल्याण अधिकारी/ जिला प्रबंधक उत्तराखण्ड बहुउद्देशीय वित्त एवं विकास निगम अमन अनिरूद्ध ने बताया कि प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु आजीविका सृजन के लिए 50 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने जनपद के सभी सहायक समाज कल्याण अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अपने-अपने विकास खण्ड क्षेत्रान्तर्गत परियोजनाओं में पात्र/इच्छुक आवेदकों के ऋण आवेदन तैयार कर पूर्ण औपचारिकता के साथ 30 जनवरी 2026 तक जिला समाज कल्याण कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि भैस, गाय, बकरी, सुअर, मुर्गी पालन, सिंलाई/बुटीक, परचून दुकान, जनरल स्टोर, किराना, व्युटीशियन, फोटोग्राफ/वीडियोग्राफी व अचार निमार्ण हेतु 50 प्रतिशत अनुदान एवं अधिकतम 50 हजार अनुदान पर 50 हजार एवं 01 से 2 लाख तक का ऋण का प्राविधान है। उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत ऋण आवेदन हेतु उत्तराखण्ड का निवासी हो एवं अनुसूचित जाति का व्यक्ति हो तथा 18 से 55 वर्ष के मध्य हो आवेदन कर सकते है।

# नुक्कड़ सभा में ब्लॉक प्रमुख व पूर्व विधायक ने भाग लिया

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत वीरपुरी के अंतर्गत ग्राम हमीरावाला में नुक्कड़ सभा आयोजित की गई, जिसमे जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर जनता की बात सुनकर मौके पर ही समाधान कराया गया।



सभा में पूर्व विधायक डा. शैलेंद्र मोहन सिंघल ने ब्लॉक प्रमुख तीरथ सिंह के साथ सहभागिता की। ब्लॉक प्रमुख ने ग्राम प्रधान शैलेंद्र व ग्रामीणों की मांग पर चामुंडा माता मंदिर पर टीन शेड निर्माण की घोषणा की तथा अन्य कार्यों को भी शीघ्र पूर्ण कराने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सनी पधान, ग्राम प्रधानआशीष चौहान, हरजीत फौजी, सिद्धार्थ सिंघल, वीर बहादुर , रवि कुमार , बलवीर सिंह, रामवीर सिंह , राम सिंह, निक्कू , सतीश, सुच्चा सिंह,संजीव, रंजीत सिंह, दीपू सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# लायंस क्लब ने पर्यावरण मित्रों को बांटे टोपी, मफलर व दस्ताने

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** लायंस क्लब खटीमा सिटी द्वारा नगरपालिका परिषद के पर्यावरण मित्रों को टोपी, मफलर एवं दस्ताने वितरित किए गए। नगर पालि. का अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी के निवेदन पर लायंस क्लब खटीमा सिटी के द्वारा बड़ती ठंड से बचाव हेतु नगर पालिका परिषद के पर्यावरण मित्रों के स्वास्थ्य सुरक्षा एवं कल्याण को ध्यान में रखते हुए टोपी, मफलर एवं हाथों के दस्ताने वितरित किए गए। इस पहल का उद्देश्य कर्मचारियों को सुरक्षित स्वास्थ्य एवं सकारात्मक कार्य वातावरण सुनिश्चित करना है। इस मौके पर नगर पालिका परिषद ईओ प्रियंका आर्य, लायंस क्लब के अध्यक्ष हरमीक सिंह, सचिव विवेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राहुल कंसल, जतिन बत्रा, राजपाल गुंबर, गुरपाल सिंह खिंडा, रोहित छाबड़ा, सुरेंद्र मौर्य, रविंद्र ओझा, अर्पित कॉलोनी तथा शुभम पटवा आदि मौजूद थे।




# चेकिंग अभियानः पांच वाहनों का चालान

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा के आदेश अनुसार पुलिस अधीक्षक स्वपन कुमार, सीओ दीपक कुमार, कोतवाल राजेन्द्र सिंह दांगी के निर्देशानुसार पुलिस द्वारा नए साल में हुड़दंगियों और नशे की रोकथाम हेतु वाहनों के चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी क्रम में नादेही पुलिस चौकी इंचार्ज संतोष देवरानी द्वारा नादेही उत्तराखंड -उत्तर प्रदेश बोर्डर पर अपनी टीम के साथ सघन चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें दर्जनों वाहनों को चेक किया गया तथा मौके पर पांच वाहनों का चालान भी काटा गया। टीम में चौकी इंचार्ज संतोष देवरानी, देशराज सिंह, अशोक कुमार, ललित सिंह, भुवन सिंह, प्रेरणा राठी समेत कई पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# ख्वाजा के दरबार में पहुंचे डा.यूनुस चौधरी ने मुख्यमंत्री के नाम से चादर चढ़ाई



शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** क्षेत्र के ग्राम बेलजोड़ी निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता डा. यूनुस चौधरी ने अजमेर शरीफ राजस्थान में ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती रहमतुल्ला के दरबार में हाजिरी कर उत्तराखंड राज्य की खुशहाली और अमन चैन की दुआ कर उत्तराखंड राज्य के सीएम पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, सांसद अजय भट्ट के लंबे/स्वस्थ जीवन की कामना कर चादर चढाई।

चादर पोशी के बाद लौटे वरिष्ठ भाजपा नेता डा. यूनुस चौधरी ने मीडिया से रूबरू होकर कहा कि मुझे ख्वाजा की ओर से हाजिरी का मौका मिला। इस मौके पर मैने उत्तराखंड और देश की कौमी एकता के लिए और पुष्कर सिंह धामी मुख्यमंत्री उत्तराखंड, महेंद्र भट्ट प्रदेश अध्यक्ष उत्तराखंड ,अजय भट्ट सांसद नैनीताल लोकसभा क्षेत्र के लिए प्रार्थना की गई और चादर गुलपोसी पेश की गई। कौमी एकता भाईचारे के लिए दुआएं की गई। इस मौके पर सैयद इमरान अली चिश्ती गद्दी नसीन दरगाह अजमेर शरीफ ने चादर पेश कराई। उनके साथ निजामुद्दीन मोहम्मद आरिफ़ मोहम्मद अर्श, फुरकान अली आदि कई लोगों ने हाजिरी दी।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** भानु प्रताप पब्लिक स्कूल, शारदा नगर, गांव डिबडिबा, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, देहरादून क्षेत्र के तत्वावधान में कक्षाओं में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग पर एक क्षमता निर्माण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक डिजिटल दक्षताओं और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के विजन के अनुरूप नवीन शिक्षण रणनीतियों के साथ सशक्त बनाना था।

इस कार्यक्रम में शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिन्होंने सक्रिय रूप से यह समझने में भाग लिया कि शिक्षण प्रभावशीलता और छात्र सीखने के परिणामों को बढ़ाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को रोजमर्रा की कक्षा प्रथाओं में सार्थक रूप से कैसे



एकीकृत किया जा सकता है। कार्यशाला का संचालन दो प्रतिष्ठित और अत्यधिक अनुभवी संसाधन व्यक्तियों अभिनव चौधरी और विकास घवरी ने किया, जिन्होंने शिक्षा में AI उपकरणों के उपयोग पर समृद्ध अंतर्दृष्टि, व्यावहारिक प्रदर्शन और नवीन दृष्टिकोण प्रस्तुत किए। दोनों संसाधन व्यक्तियों ने अपने सत्र बहुत ही अनोखे, आकर्षक और पेशेवर तरीके से दिए, जिससे जटिल AI अवधारणाओं को सरल, व्यावहारिक और कक्षा के अनुकूल बनाया गया।

सत्रों के दौरान, शिक्षकों को विभिन्न AI-आधारित उपकरणों और अनुप्रयोगों से परिचित कराया गया जो पाठ योजना, मूल्यांकन, व्यक्तिगत सीखने, रचनात्मकता और समय प्रबंधन में सहायता कर सकते हैं। कार्यशाला की मेजबानी मनीषा और कोमल ने बहुत ही शालीनता से की, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम को सुंदरता, समन्वय और गर्मजोशी के साथ प्रबंधित किया। कार्यक्रम की शुरुआत भानु प्रताप पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल महेश चंद्र द्वारा गर्मजोशी और सम्मानजनक स्वागत के साथ हुई, जिन्होंने दोनों संसाधन व्यक्तियों का स्वागत पौधे भेंट करके किया। अपने संबोधन में प्रिंसिपल ने शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अपनाने के महत्व पर जोर दिया और बताया कि भानु प्रताप पब्लिक स्कूल पहले से ही छात्रों और शिक्षकों को भविष्य के लिए तैयार सीखने के माहौल के लिए तैयार करने के लिए ।ए-आधारित प्रथाओं को सफलतापूर्वक लागू कर रहा है। उन्होंने ऐसे महत्वपूर्ण शैक्षणिक पहल के लिए स्कूल को स्थल के रूप में चुनने के लिए CBSE सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, देहरादून क्षेत्र के प्रति आभार व्यक्त किया।

# अतिक्रमण हटाने को लेकर सड़कों पर उतरा पालिका प्रशासन

शाह टाइम्स संवाददाता

**गदरपुर।** थाने के सामने मदान फोटो स्टेट वाली गली में नगर पालिका और तहसील प्रशासन ने संयुक्त अभियान चलाकर नाली के ऊपर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटवाया। इस दौरान दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए और चेतावनी दी गई कि यदि दोबारा अतिक्रमण पाया गया तो चालानी कार्रवाई की जाएगी।

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी कैलाश सिंह पटवाल ने बताया कि अतिक्रमण हटाओ अभियान आगे भी जारी रहेगा और किसी भी कीमत पर नालियों और सड़कों पर अतिक्रमण नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने दुकानदारों से अपील की है कि वे स्वयं अतिक्रमण हटाकर प्रशासन का



सहयोग करें। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी कैलाश सिंह पटवाल ने बताया कि यदि किसी ने अतिक्रमण करने की कोशिश की तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण के कारण नालियां बंद हो जाती हैं और सड़कों पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, साथ ही छोटे-बड़े वाहनों की आवाजाही भी बाधित होती है जिससे आम जनता को परेशानी होती है। नगर पालिका और तहसील प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि अतिक्रमण हटाओ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# विवादित भूमि का तहसील प्रशासन ने किया निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** खसरा नंबर 33 की भूमि पर चल रहे विवाद के दृष्टिगत एसडीएम, तहसील प्रशासन, नगर पालिका, चकबंदी अधिकारी समेत तहसीलकर्मियों द्वारा निरीक्षण किया गया।

एसडीएम अभय प्रताप सिंह, तहसीलदार दिलीप सिंह, कानूनगो कुलदीप सिंह, पटवारी नवल किशोर, अधिशासी अधिकारी उदयवीर सिंह, चकबंदी अधिकारी आदि भूतपुरी रोड पर विवादित भूमि खसरा नंबर 33 पर पहुंचे और विवादित भूमि का निरीक्षण किया। तहसीलदार ने बताया कि भूमिका निरीक्षण किया गया, जिसकी रिपोर्ट जिले में भेजी गई है। पुराना रिकॉर्ड निकल जाने के बाद ही सही जानक. ारी का पता लगेगा। उक्त भूमि की



नाप जोक के लिए तीन सदस्य टीम बनाई गई है। खसरा नंबर 33 में भूमि धरी एवं सरकारी भूमि शामिल है। भूमि धरी के हिस्से में तीन रजिस्ट्री हो चुकी हैं, कितनी शेष बची है यह जांच का विषय है। बता दे कि सप्ताह पूर्व बैनामे के आधार पर कुछ लोगों द्वारा उक्त भूमि पर नीव खुदान का कार्य शुरू किया गया था। विधायक एवं पालिकाध्यक्ष ने उक्त भूमि को पालिका की भूमि बताते हुए विरोध प्रदर्शन किया था। मामले को लेकर फायरिंग की घटना भी हुई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन द्वारा उक्त भूमि के निर्माण पर रोक लगा दी गई थी। मामला आज तक चर्चा का विषय बना हुआ है।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला प्रभारी गणेश रावत का किया स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला प्रभारी बनाएं जाने पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष सैयद अली नकवी के नेतृत्व में मोहल्ला खताड़ी रोड स्थित भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के नगर अध्यक्ष मोहम्मद इमरान के कार्यालय पर जोरदार स्वागत किया।

भाजपा नेता गणेश रावत ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हर वर्ग का सम्मान करती हैं और सबको साथ लेकर चलती है।उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में प्रदेश में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनेंगी। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष सैयद अली नकवी ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की अहम भूमिका निभाएंगी। यहां सैयद अली नकवी, अजीज खान, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद आदिल, जिकरान कुरैशी, छात्रसंघ उपाध्यक्ष मनोज पांडे आदि मौजूद थे।

# खेल प्रतियोगिताओं का पूर्व विधायक राना ने किया शुभारंभ

**खेल प्रतियोगिता में विजयी बालिकाओं को पुरस्कृत किया**

शाह टाइम्स संवाददाता

**नानकमत्ता।** नगर के श्री गुरु नानक अकादमी के खेल मैदान में मुख्यमंत्री चैंपियनशिप ट्रॉफी के तहत खेल महाकुंभ विधायक चैंपियनशिप ट्रॉफी बालिका वर्ग की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गय,जिसका शुभारंभ पूर्व विधायक डा. प्रेम सिंह राना ने किया।

न्याय पंचायत स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में प्रथम ,द्वितीय , तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं ने अंडर- 14 में 60 मीटर, 600 मीटर दौड़, कबड्डी , खो खो, मुर्गा झपट, ऊंची कूद, लंबी कूद, गोला फेंक, पिट्टू गेम, वॉलीबॉल प्रतियोगिताएं तथा अंडर-19 वर्ग में 100 मीटर




,200 मीटर ,800 मीटर, 1500 मीटर, 5000 मी, 100 मी लंबी रिले दौड़, कबड्डी, खो- खो,मुर्गा झपट, पिट्टू गेम, वॉलीबॉल आदि प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गयी। खेल प्रतियोगिताओं में अव्वल आने वाली खिलाडियों को पूर्व विधायक डा. प्रेम सिंह राना द्वारा पुरस्कार देकर पुरस्कृति किया । खेल कार्यक्रम का संचालन शिक्षक नेता खिलानंद अटवाल ने किया। सीआरसी समन्वयक मोहम्मद हसन सिद्दीकी, बीना नगदली, जसौद मेहता प्रधानाध्यापक राजकीय प्राथमिक विद्यालय सुनखरी ने खेल महाकुंभ में आयोजित प्रतियोगिताओं के बारे में बच्चों को विस्तृत जानकारी देते हुए खेल भावना के साथ खेलने हेतु प्रेरित किया।

इस अवसर पर खेल के संयोजक विद्यासागर वर्मा, वरिष्ठ प्रधानाध्यापिका ज्योति मेहरा, मुकेश गौड़ क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी सितारगंज, लीला रौतेला, नीलम रानी, विरेश चौहान, निर्मल सिंह, अजय सिंह क्यूरा , दलेर सिंह, फकीर सिंह, उमेश चंद्र ओली, निमाई चंद्र माझी, पुष्पेंद्र कटियार, पाकेश चौहान, रंजू राणा, महेश आर्या, संजय टम्टा,कुंवर सिंह राणा,पवन कुमार, मोहित कुमार, आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# ग्राम पूछड़ी क्षेत्र में दस जगहों पर की अलाव की व्यवस्था

शाह टाइम्स संवाददाता



**रामनगर।** रामनगर में बढ़ती ठंड को देखते हुए ग्राम शक्तिनगर पूछड़ी क्षेत्र की ग्राम प्रधान हज्जन नरगिस और प्रधान प्रतिनिधि हाजी शकील अहमद अंसारी द्वारा एक सराहनीय पहल की गई है।

क्षेत्र के शक्तिनगर, पूछडी और फौजी कॉलोनी सहित दस जगहों पर अलाव की व्यवस्था कराई गई है, जिससे स्थानीय निवासियों को ठंड से राहत मिल सके।इन दिनों रामनगर का तापमान काफी गिरा हुआ है ऐसे में अलाव की यह व्यवस्था बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष रूप से लाभकारी साबित हो रही है। सुबह और शाम के समय लोग अलाव के पास बैठकर ठंड से बचाव कर रहे हैं।स्थानीय ग्रामवासियों ने ग्राम प्रधान हज्जन नरगिस और प्रधान प्रतिनिधि हाजी शकील अहमद अंसारी ने इस पहल की सराहना कर आभार व्यक्त किया है।लोगों का कहना है कि इस तरह की संवेदनशील और जनहितकारी पहल से आम जनता को बड़ी राहत मिलती है।यह कदम न केवल ठंड से बचाव में मददगार है, बल्कि जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी और जनसेवा की भावना को भी दर्शाता है। ग्रामीणों में इस पहल को लेकर खुशी और संतोष का माहौल है।

# विकास योजनाओं को लेकर गोष्ठी आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** विकासखंड सभागार में विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर एक महत्वपूर्ण गोष्ठी/बैठक का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में जिला विकास अधिकारी (क्क्० ) उधम सिंह नगर सुशील मोहन डोभाल उपस्थित रहे। उनके साथ खंड विकास अधिकारी शेखर जोशी सहित ब्लॉक के सभी गणमान्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

बैठक में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं की सक्रिय और उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। इस अवसर पर इस बात पर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा की गई कि सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक महिलाओं/बहनों तक कैसे पहुँचाया जाए तथा उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सशक्त कैसे बनाया जा सके। मुख्य वक्ता डोभाल ने कहा कि महिला सशक्तिकरण और स्वरोजगार को बढ़ावा देना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों को योजनाओं की जानकारी लेकर उसका सही उपयोग करने और अन्य महिलाओं को भी इससे जोड़ने के लिए प्रेरित किया।

खंड विकास शेखर जोशी ने ब्लॉक स्तर पर संचालित योजनाओं की जानकारी साझा करते हुए आश्वासन दिया कि पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में प्रशासन हर संभव सहयोग करेगा। यह गोष्ठी महिला सशक्तिकरण, स्वरोजगार को बढ़ावा देने और समावेशी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

# वात्सल्य योजना में कोई भी पात्र बच्चा वंचित न रहे: डीएम

■ कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई वात्सल्य योजना की त्रैमासिक समीक्षा बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी आशीष भटगाईं की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में वात्सल्य योजना की त्रैमासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में संचालित वात्सल्य योजना के अंतर्गत लाभार्थी बच्चों को दी जा रही सहायता, प्रगति एवं भावी कार्ययोजना की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वात्सल्य योजना शासन की अत्यंत संवेदनशील एवं मानवीय योजना है, जिसका उद्देश्य अनाथ, निराश्रित, असहाय एवं संकटग्रस्त बच्चों को संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा आर्थिक सहयोग प्रदान करना है। उन्होंने निर्देश दिए कि योजना के अंतर्गत कोई भी पात्र बच्चा किसी भी परिस्थिति में लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि "बच्चों के हित में जो भी सर्वोत्तम संभव हो, उसे प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। आगामी पांच माह की कार्ययोजना पूर्व निर्धारित (Pre-Decided Priority) होनी चाहिए।" उन्होंने सीसीआई (Child Care Institution) खोलने हेतु अनुरोध भेजे जाने, वात्सल्य सदन के लिए ठोस परियोजना तैयार करने, तथा समाज की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लाभार्थियों के चयन में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए, लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण किया जाए तथा आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति हेतु लाभार्थियों को समयबद्ध सूचना दी जाए। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी, समाज कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री धामी की पूर्णागिरी मेले को लेकर की गई घोषणा का दिखाई देने लगा है असर

■ तीर्थ यात्रियों की सुविधा के लिए तीन महत्वपूर्ण पुलों का निर्माण प्रस्तावित
■ दो बड़े पुलों के लिए मिली वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** उत्तर भारत के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल पूर्णागिरि धाम को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बड़ी सौगात दी है। अब तक प्रतिवर्ष होली के दिन से लगभग तीन माह तक लगने वाला पूर्णागिरि मेला निकट भविष्य में अब वर्षभर आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री धामी ने बीते वर्ष मार्च माह में पूर्णागिरि मेले का उद्घाटन करते हुए इसे सालभर संचालित करने की घोषणा की थी, जिसके बाद मेले के स्थायी विकास के लिए सभी संबंधित विभाग सक्रिय हो गए थे।

अब तक मेला अवधि में जिला पंचायत द्वारा तीर्थ यात्रियों के लिए अस्थायी व्यवस्थाएं की जाती थीं, लेकिन वर्षभर मेला लगने से स्थायी ढांचे के निर्माण की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इसी क्रम में टनकपुर से पूर्णागिरि मंदिर तक लगभग 18.875 किलोमीटर मार्ग में पड़ने वाले प्रमुख नालों पर पुलों का निर्माण प्रस्तावित किया गया है। नायकगोठ के पास किरोडा नाले पर 480 मीटर लंबा पुल बनाया जाएगा, जिसकी लागत 48.37 करोड़ रुपये होगी। इसके अलावा इसी क्षेत्र में 120 मीटर लंबा दूसरा पुल 36 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित है। दोनों पुलों का निर्माण ब्रिज कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन उत्तराखंड द्वारा किया जाएगा। निगम के परियोजना प्रबंधक आकाश भट्ट के अनुसार टेंडर जारी होने के बाद 18 माह के भीतर दोनों पुलों का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही बांटनागाड़ क्षेत्र में 270 मीटर लंबे पुल का भी प्रस्ताव है, जिसकी अनुमानित लागत 36 करोड़ रुपये है। इस पुल का निर्माण लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के खंड चंपावत द्वारा किया जाएगा। पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता एमसी पलड़िया ने बताया कि पुल की डीपीआर तैयार हो चुकी है, हालांकि मामला फिलहाल वन विभाग में लंबित है, जिसके शीघ्र निस्तारण की उम्मीद है।

## एक नजर

# चैंपियनशिप ट्रॉफी की स्पर्धाएं दो जनवरी से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** विधानसभा स्तरीय खेल महाकुंभ 2025 की तीन दिवसीय विधायक चैंपियनशिप ट्रॉफी की स्पर्धाएं दो जनवरी से आरंभ होगी। जिसमें नगर पालिका जसपुर, नगर पंचायत महुआ डाबरा के अलावा चार न्याय पंचायत पूरनपुर, मेघावाला, भरतपुर व अहमदनगर शामिल होंगी।

मीडिया से उक्त जानकारी देते हुए क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी व प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी अमित कुमार सैनी ने बताया कि जेनेसिस इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के खेल मैदान में आयोजित विधायक चैंपियनशिप ट्रॉफी का शुभारंभ दो जनवरी 2026 से होगा। प्रथम रोज अंडर 14 बालक - बालिकाओं , 3 जनवरी को अंडर-19 बालक और 4 जनवरी को अंडर 19 बालिकाओं की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि न्याय पंचायत स्तरीय प्रतियोगिता खो-खो, कबड्डी, एथलेटिक्स व मुर्गा झपट के विजेता खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे ।साथ ही वॉलीबॉल व पिट्ठू में सीधी स्पर्धा होगी। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को जन्म प्रमाण पत्र, बैंक खाता, आधार कार्ड की छाया प्रति, स्थायी निवास प्रमाण पत्र के अलावा फोटो लाना अनिवार्य होगा। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ियों के बैंक खातों में सीधे क्रमशः 500, 400 व 300 की धनराशि जमा की जाएगी। उन्होंने बताया कि विधायक चैंपियनशिप ट्रॉफी में जो न्याय पंचायत सर्वाधिक अंकों के साथ अब्बल रहेगी उन्हें एक लाख की पुरस्कार धनराशि व ट्रॉफी दी जाएगी।

# उत्तराखंड की शिल्पी अरोड़ा को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**गदरपुर।** उत्तराखंड कांग्रेस की सक्रिय और जुझारू नेत्री शिल्पी अरोड़ा को कांग्रेस पार्टी ने एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें अखिल भारतीय महिला कांग्रेस में राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति से उत्तराखंड कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

**महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त, समर्थकों में उत्साह**

शिल्पी अरोड़ा लंबे समय से संगठन में सक्रिय रहकर महिलाओं की भागीदारी, सामाजिक सरोकारों और पार्टी की नीतियों को मजबूती से उठाती रही हैं। उनके अनुभव, संगठनात्मक क्षमता और समर्पण को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह अहम जिम्मेदारी सौंपी है। नियुक्ति के बाद शिल्पी अरोड़ा ने कांग्रेस नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वह महिला कांग्रेस को और अधिक मजबूत करने के साथ-साथ महिलाओं की आवाज को राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाने का कार्य करेंगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पार्टी की विचारधारा और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगी।

# पाटी में बाल मेले की रंगारंग धूम, बच्चों की प्रतिभा ने जीता दिल

■ विभिन्न गांवों के बच्चों, किशोरियों और महिलाओं ने दिखाई सृजनात्मक प्रतिभा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** पर्यावरण संरक्षण समिति पाटी के तत्वावधान में सरस्वती शिशु मंदिर पाटी के प्रांगण में आयोजित बाल मेले में विभिन्न गांवों से आए बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने अपने सांस्कृतिक, बौद्धिक और रचनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से न केवल प्रभावी संवाद प्रस्तुत किया, बल्कि दर्शकों की जमकर तालियां भी बटोरीं।

बाल मेले में ग्राम शिशु शिक्षण केंद्र गूंम, पाटी कमलेख एवं पुणे कोर्ट के बच्चों के साथ-साथ ग्रामीण किशोरियों और महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की आराधना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मुख्य अतिथि एवं प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता सुवेदार पीएस बिष्ट, एनसीसी अधिकारी व प्रवक्ता सतीश चंद्र जोशी अल्मोड़ा से आए उत्तराखंड सेवा निधि के प्रतिनिधि जीडी पांडे, रमा जोशी, कैलाश पपने, घनश्याम पचौली, सुरेश गहतोड़ी एवं हरिनंदन गहतोड़ी ने दीप प्रज्वलित कर मेले का उद्घाटन किया। तीन घंटे तक चले इस बाल मेले में भाषण, कहानी, वाद-विवाद, क्विज प्रतियोगिता के साथ-साथ अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बच्चों की प्रस्तुतियों पर दर्शक दीर्घा से बार-बार उठती तालियां उनके उत्साह और प्रतिभा का प्रमाण बनती रहीं। प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित करते हुए बताया गया कि प्रथम स्थान ग्राम शिशु शिक्षण केंद्र गूंम, द्वितीय स्थान पाटी, तृतीय स्थान कमलेख केन्द्र ने प्राप्त किया। इस अवसर पर पिंताम्बर गहतोड़ी, कैलाश पपने, रतना जोशी, सुरेश गहतोड़ी, हरिनंदन गहतोड़ी एवं सतीश चंद्र जोशी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि उत्तराखंड सेवा निधि के तत्वावधान में ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित विद्यालय बच्चों में प्रारंभिक स्तर से ही शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों का विकास कर उनके व्यक्तित्व को मजबूत आधार दे रहे हैं। मेले के सफल आयोजन में सरस्वती शिशु मंदिर के समस्त आचार्यों के साथ-साथ पलक पचौली, चंद्रकला, मोहनी, हिमानी बोहरा, रेखा पचौली सहित अनेक सहयोगियों का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# भाजपा नेताओं का कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नगर पालिका के वार्ड नंबर 4 गांधीनगर में मंडल अध्यक्ष टिंकू यादव की अध्यक्षता में ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेश प्रजापति एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष यशपाल राजहंस अनुसूचित जनजाति के जिला अध्यक्ष नरेश सिंह का बुधवार को स्वागत किया। कार्यक्रम के संयोजक विनोद यादव,गगनदीप, कार्यक्रम का सफल संचालन मंडल महामंत्री संदीप गुप्ता द्वारा किया। कार्यक्रम में गन्ना राज्य मंत्री मंजीत सिंह राजू, पूर्व में विधान सभा प्रत्याशी रहे राजेश कुमार, नगर पालिका के पूर्व प्रत्याशी गौरव शर्मा, गणमान्य वार्ड वासी मौजूद रहे।

# अवैध कच्ची शराब के साथ एक युवक को पुलिस ने पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** जनपद उधम सिंह नगर में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक काशीपुर एवं क्षेत्राधिकारी बाजपुर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बाजपुर के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा एक युवक को अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के अनुसारकोतवाली बाजपुर क्षेत्र के अंतर्गत दीनदयाल पार्क के पास पुलिस टीम ने अभियुक्त मन्नू सिंह पुत्र सुखविंदर सिंह, निवासी ग्राम केशोवाला, कोतवाली बाजपुर, जनपद उधम सिंह नगर, उम्र लगभग 25 वर्ष, को 52 पाउच अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना बाजपुर में धारा 60(1) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक देवेंद्र सिंह मनराल एवं कांस्टेबल सुरेंद्र कंबोज शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में नशे के कारोबार के विरुद्ध अभियान आगे भी इसी प्रकार सख्ती से जारी रहेगा।

# बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रह रहे अत्याचार पर आक्रोश

■ शिव व भवानी सेना के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में शिवसेना व भवानी सेवा के कार्यकर्ताओं ने आक्रोश व्यक्त किया है। हिन्दूवादी संगठनों ने देश के प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेज कर बांग्लादेश के अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर हो रहे अमानवीय कृत्य से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

तहसीलदार वीरेन्द्र सिंह सजवाण को सौंपे ज्ञापन में शिव एवं भवानी सेवा के कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रही अत्याचार, महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कार एवं जिंदा जलाने की घटनाओं के प्रति आक्रोश व्यक्त किया है।

ज्ञापन में प्रधानमंत्री से तत्काल सैन्य कार्यवाही कर हिन्दू परिवारों को सुरक्षा दिलाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में विक्रम सिंह बिष्ट, राजकुमार गुप्ता, शोभित कठेरिया, विजय कुमार, मो. हनलाल, महेंद्र सिंह राणा, राम प्रवेश, राम कुमारी वर्मा, छेद लाल, किरण सैनी, राधा देवी, संध्या चौहान, अंकित भारती, विशाल सैनी, आयुष सक्सेना, रोहित, राज. कुमार, निक्कू आदि मौजूद थे।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा ने किया अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** भाजपा ओबीसी मोर्चा विधानसभा खटीमा के खटीमा मंडल, नौसर मंडल व चकरपुर मंडल के द्वारा लोक निर्माण विभाग के परिसर में अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन किया गया। जहां मुख्य वक्ता भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला प्रभारी अमित कुमार पांडे रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री भाजपा ओबीसी मोर्चा संतोष चंद द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा अटल के जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर पर 11लखपति दीदी महिला स्वयं सहायता समूहों को डलिया टोकरियां देकर सम्मानित किया गया तथा अतिथितों को मसरूम और डलिया टोकरी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा ओबीसी मोर्चा जानकी गोस्वामी, खटीमा मण्डल अध्यक्ष सचिन रस्तोगी, नौसर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद, डा. नवीन भट्ट, नंदन सिंह खड़ायत, रामा चन्द, विशाल रस्तोगी, रीना राणा, भागीरथी जोशी, प्रेमा गोस्वामी, कमला चन्द, रेनू जोशी, कमला गोस्वामी, सन्तोष जोशी, भूपाल रौतेला, कविता राणा, महेश कोहली, सुनील राम, राम दत्त भट्ट, प्रशांत रस्तोगी, रवि सक्सेना, शंकर सागर आदि अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विरासतन नामांतरण की समस्या को लेकर ईओ से मिले लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत भवन स्वामी के निधन होने के बाद नजूल भूमि में काबिज मृतक भवन स्वामी के उत्तर जीबी के नाम विरासतन नामांतरण न होने से भवनकर जमा करने को लेकर परिजनों को हो रही परेशानी का समाधान करने की मांग को लेकर एक प्रतिनिधि मंडलअधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल से उनके कार्यालय में मिला।

उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के प्रधान महासचिव राज्य आंदोलनकारी प्रभात ध्यानी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका आलोक उनियाल को बताया कि नगरपालिका सीमा अंतर्गत भवन स्वामी के निधन के बाद मृतक के नाम से ही नगर पालिका द्वारा भवन कर जमा करने के नोटिस निर्गत किया जा रहे हैं और भवन कर मृतक के नाम से ही जमा हो रहे हैं। प्रतिनिधि मंडल ने अधिशासीअधिकारी को बताया कि मृतक भवन स्वामी के विरासतन उत्तराधिकारियों द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र जमा करने के बाद भी नगर पालिका द्वारा विरासतन नामांतरण नहीं किये जा रहे है और मृतक भवन स्वामी के नाम से ही भवन कर जमा करने को बाध्य होना पड़ रहा है। अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल ने बताया कि इस संबंध में उनके द्वारा उच्च अधिकारियों से लगातार पत्राचार किया गया है।

प्रभात ध्यानी ने बताया कि शीघ्र ही इस संबंध में एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी नैनीताल से मिलेगा। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल में उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के प्रधान महासचिव प्रभात ध्यानी, देवभूमि व्यापार मंडल के संरक्षक मनमोहन अग्रवाल कांग्रेस नेता ताईफ खान शामिल रहे।

# जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक में दिए दिशा निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी आशीष भटगाई की अध्यक्षता में जिला सभागार में जिला गंगा संरक्षण समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में जनपद अंतर्गत स्थापित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (STP) की कार्यप्रणाली, सभी नदी घाटों की नियमित साफ-सफाई, बायोमेडिकल वेस्ट निस्तारण, प्रमुख नदियों के संरक्षण, प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक पर सख्त नियंत्रण तथा विभिन्न विभागों द्वारा संचालित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि नदियों में दूषित जल, ठोस अपशिष्ट अथवा किसी भी प्रकार की गंदगी प्रवाहित करने पर पूर्ण रोक सुनिश्चित की जाए। इसके लिए संबंधित विभाग नियमित मॉनिटरिंग, निरीक्षण एवं समयबद्ध रिपोर्टिंग करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता, पेयजल निगम पिथौरागढ़ को निर्देशित किया कि जनपद में स्थापित सभी एसटीपी को निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित किया जाए तथा उनकी नियमित तकनीकी समीक्षा सुनिश्चित की जाए। एसटीपी के संचालन में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। नगर निगम एवं नगरपालिकाओं द्वारा किए जा रहे वेस्ट मैनेजमेंट कार्यों की भी गहन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी नगर निकायों, ग्राम पंचायतों एवं खंड विकास अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर स्वच्छता अभियान संचालित करने के निर्देश दिए।

# सरकार चली गांव की ओर में कई जनसमस्याओं का समाधान

■ शिविर में जनता को मिला एक ही छत के नीचे सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** सरकार द्वारा संचालित जन जन की सरकार, जन जन के द्वार कार्यक्रम के तहत विकास खण्ड जसपुर के राजकीय आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय भरतपुर में वृहद बहुउददेशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में न्यायपंचायत भरतपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायतो के साथ ही अन्य आमजनता द्वारा 2279 प्रतिभाग किया गया जो जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभाविन्त हुए।

शिविर का शुभारम्भ क्षेत्रीय विधायक आदेश चौहान, ब्लॉक प्रमुख अनूप कौर, दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू एवं मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी द्वारा किया गया। बहुउददेशीय शिविर में 23 विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से आम जनता को लाभान्वित किया गया। शिविर में 2279 ने प्रतिभाग किया तथा 267 विभिन्न तरह की शिकायते आदि तरह के प्रमाण पत्र बनाने की सस्याएं आई जिनमे से आधे से अधिक शिकायतों का मौके पर ही निस्तरण किया गया। दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू ने कहा कि सरकार का उददेश्य है कि जो जनकल्याणकारी योजनायें संचालित है उन योजनाओं का लाभ शिविरों के माध्यम से सीधे आम नागरिकों तक पहुचे तथा उनकी समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित हो। विधायक अदेश सिं चौहान ने कहा कि सरकार का मुख्य उददेश्य है कि जो भी जनकल्याणकारी योजनायें संचालित है उन योजनाओं का लाभ शिविरों के माध्यम से सीधे आम नागरिकों तक पहुचे तथा उनकी समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित हो। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जन समस्याओं का त्वरित निदान व सभी पात्र व्यक्तियों को जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करना सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए सभी अधिकारी नियमित व शीघ्रता से जन समस्याओं का निराकरण करें। शिविर में पूर्व विधायक शैलेन्द्र मोहन सिंघल, शीतल जोशी, अमित नारंग, अंकुर कुमार, हरिओम, अभय प्रताप सिंह, पंकज चंदौला, संदीप सैनी, विद्या सिंह सोमनाल, कमलेश कुमार काण्डपाल, अमन अनिरुद्ध, जिला प्रोवेजन अधिकारी के साथ ही अन्य विभागीय अधिकारी, क्षेत्रीय ग्राम वासी एवं बडी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही।

# हाई स्कूल व इंटर के 50 विद्यार्थियों का बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

■ सरस्वती पब्लिक स्कूल छिनकी फॉर्म के विद्यार्थियों की सम्मानित माताएं पुरस्कृत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सरस्वती पब्लिक स्कूल छिनकी फॉर्म के 50 विद्यार्थियों की माताओं को कमला नेहरू पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस सम्मान के प्रति विद्यालय परिवार एवं क्षेत्र के अभिभावकों में खुशी का माहौल है।

विद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि उप नेता प्रतिपक्ष विधायक खटीमा भुवन कापड़ी ने विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए हाई स्कूल के 38 तथा इंटर कक्षा के 12 छात्र-छात्राओं की सम्मानित माताओं को चेक वितरित कर उन्हें इस सफलता के लिए बधाई दी। विधायक कापड़ी ने शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य के लिए प्रबंध निदेशक परमजीत खनका व चेयरपर्सन विमला खनका को बधाई दी। प्रधानाचार्य धीरेन्द्र चौहान ने अतिथियों का आभार जाताया। कार्यक्रम में उमेश चन्द, विक्रम बुंगला, ईश्वरी दत्त पांडे, चंद्रकला रौतेला, बहादुर सिंह बोरा अध्यक्ष, नवनीत अरोरा, नरेश कॉलोनी, प्रकाश कापड़ी, उप प्रधानाचार्य बबीता भट्ट, संगीता जोशी, ममता खनका आदि मौजूद थे।

# नए साल पर पुलिस अलर्ट हुड़दंगियों पर कड़ी नजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नए साल के मद्देनजर बाजपुर पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर दिखाई दे रही है। शराब पीकर हुड़दंग करने वालों और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर पुलिस की विशेष नजर है।

इसी क्रम में बुधवार को दोराहा चौकी पुलिस द्वारा दोराहा मार्ग पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।चेकिंग अभियान के दौरान आने-जाने वाले सभी वाहनों की गहनता से जांच की गई। पुलिस ने वाहन चालकों के कागजात, हेलमेट, सीट बेल्ट सहित शराब सेवन की भी जांच की। बिना दस्तावेज, नियमों का उल्लंघन करने और संदिग्ध पाए गए वाहनों व व्यक्तियों से पूछताछ की गई।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नए साल के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे कानून का पालन करें, शराब पीकर वाहन न चलाएं और शांति बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।

# डॉक्टरों की एक कमेटी गठित करने के निर्देश

## अपात्र विकलांगता प्रमाण पत्रों के जरिये शिक्षा विभाग में आरक्षण के मामले पर हाई कोर्ट में सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने अपात्र विकलांगता प्रमाण पत्रों के जरिये शिक्षा विभाग में आरक्षण का लाभ ले रहे कार्मिकों के प्रमाण पत्रों की जांच की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई हेतु 15 मार्च 2026 की तिथि नियत की है। बता दें बीते मंगलवार को आदेश पर स्वास्थ्य सचिव की जगह एडिशनल सेकेट्री हैल्थ कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुए। उनके द्वारा कोर्ट को अवगत कराया गया कि अपात्र लोगों के शैक्षणिक दस्तावेजों की जांच कराई जा रही है, कोर्ट इससे भी सन्तुष्ट नहीं हुई। कोर्ट ने एम्स ऋषिकेश के न्यरोलीजिस्ट की अध्यक्षता में डाक्टरों की एक कमेटी गठित करने को कहा है। कमेटी से कहा है कि वे मामले की जाँच करके अपनी रिपोर्ट 15 मार्च 2026 से पहले कोर्ट में प्रस्तुत करें। मामले की अगली सुनवाई 15 मार्च 2026 की तिथि नियत की है। बुधवार को मामले की सुनवाई मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ में हुई। पूर्व में कोर्ट ने विभाग से उन सभी व्यक्तियों की सूची मांगी थी जिन्हें दिव्यांग कोटे के तहत नियुक्त किया गया है। कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिया था कि शपथ पत्र के साथ नियुक्त व्यक्तियों की विकलांगता का प्रकार और उनके विकलांगता प्रमाणपत्रों की प्रतियां भी अनिवार्य रूप से संलग्न की जाएं। यह जनहित याचिका नेशनल फैडरेशन ऑफ ब्लाइंड की उत्तराखंड शाखा द्वारा दायर की गई है।

### भीमताल जून स्टेट मामले में फैसला रखा सुरक्षित

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने भीमताल के जून स्टेट में हो रहे निर्माण कार्यो के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों के बहस सुनने के बाद निर्णय निर्णय सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि बिना वन विभाग की अनुमति के पेड़ों का पातन नहीं किया जाएगा। मामले के अनुसार पीटर ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि जून स्टेट में वन विभाग की भूमि पर अतिक्रमण करके निर्माण कार्य किये जा रहे हैं। शिकायत में यह भी कहा गया कि सक्षम अधिकारियों के अनुमति के बिना विकास गतिविधियों को करने के लिए मशीन का भी इस्तेमाल किया जा है। न ही कभी भी पर्यावरण विभाग की अनुमति ली गयी। यह वन विभाग की भूमि है न कि रेवन्यू विभाग की। जो इसका रिकार्ड था वह भी गायब हो चुका है। पूर्व में कोर्ट ने इसकी जांच करने के आदेश दिए थे परन्तु अभी तक इसकी जाँच तक नही की गई। इसलिए इस मामले की जांच कराई जाए।

### ऋषिकेश-भानियावाला फोरलेन परियोजना पर रोक बरकरार

नैनीताल। हाईकोर्ट ने ऋषिकेश-भानियावाला फोरलेन परियोजना पर रोक बरकरार रखते हुए एनएचएआई को प्रोजेकट को लेकर नया प्लान पेश करने को कहा है। बता दें देहरादून निवासी रेनू पाल की ओर से दायर जनहित याचिका पर मुखय न्यायाधीश जी. नरेन्द्र और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की अदालत में सुनवाई हुई। एनएचएआई की ओर से कहा गया कि एलिवेटेड रोड के निर्माण पर अधिक पेड़ काटे जाएंगे। प्रस्तावित परियोजना में तीन किलोमीटर एलीवेटेड रोड का निर्माण किया जाना है जबकि शेष चार किमी हिस्सा एलीवेटेड नहीं है। एनएचएआई की ओर से यह भी कहा गया कि एलीवेटेड रोड को लेकर केंद्र सरकार के साथ एक बैठक संपन्न हो चुकी है। अदालत एनएचएआई के जवाब से संतुष्ट नजर नहीं आयी। अंत में अदालत ने एनएचएआई से नया प्रस्ताव पेश करने को कहा है। इस मामले में अगली सुनवाई एक सप्ताह बाद होगी।

# माल रोड की पुरानी वीडियो अपलोड कर पुलिस व्यवस्था पर सवाल खड़े कराए

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल की मालरोड में देर रात कपड़े खोलकर सड़क पर अराजकता फैलाने का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। लोगों ने पुलिस व्यवस्था पर सवाल उठाए तो पुलिस ने मामले में जांच की। पुरानी वीडियो को नई बताकर अपलोड करने पर पुलिस ने वीडियो हटवा दी है। जानकारी के अनुसार मंगलवार की देर रात फेसबुक में मालरोड में कुछ युवकों का कपड़े खोलकर मालरोड में अराजकता फैलाने का वीडियो सोशल मीडिया में अपलोड किया गया था। वीडियो में युवक सड़क में कपड़े उतारकर नाचते व हिंदूवादी नारे लगाते नजर आ रहे हैं जिसको 30 दिसंबर यानी मंगलवार का वीडियो बताकर अपलोड किया गया था। वीडियो देख सोशल मीडिया में लोगों ने पुलिस की व्यवस्था व अराजकता पर सवाल उठाने शुरू कर दिए। पुलिस ने वीडियो की जांच की तो वह पुरानी निकली। जिसके बाद पुलिस ने सोशल मीडिया में वीडियो अपलोड करने वाले व्यक्ति अजय आर्य को थाने बुलाया। सीओ रविकांत सेमवाल ने बताया कि अजय कुमार ने पुराना वीडियो नया बताकर अपलोड किया था। जिसको डिलीट करा दिया है। बताया कि गलत जानकारी देते वीडियो पर पुलिस नजर रख रही है। गलत तरीके से या पुराने वीडियो नए बताकर अपलोड करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### भाई को सिगरेट पिलाने पर मारपीट

नैनीताल। नगर के तल्लीताल क्षेत्र में भाई को सिगरेट पिलाने के आरोप के चलते दो युवकों में मारपीट हो गई। पुलिस ने मारपीट करने वाले दो युवकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार बुधवार को तल्लीताल रोडवेज स्टेशन के समीप दो युवकों के बीच विवाद हो गया। एक युवक ने दूसरे युवक पर भाई को सिगरेट पिलाने का आरोप लगाया तो मारपीट हो गई। मारपीट बढ़ी तो लोगों ने पुलिस को सूचित कर दिया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस दोनों को थाने ले आई। तल्लीताल के थाना प्रभारी मनोज नयाल ने बताया कि सार्वजनिक स्थान पर मारपीट करने पर दो युवकों अरबाज व साहिल के खिलाफ पुलिस एक्ट में चालानी कार्रवाई की गई है।

### पर्यटक के साथ होटल बुकिंग के नाम पर ठगी

**नैनीताल।** नैनीताल में होटल बुकिंग के नाम पर दिल्ली के पर्यटकों से ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। पर्यटक ने साइबर में शिकायत कर मामले में कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार दिल्ली निवासी अहमर बुधवार को नैनीताल पहुंचे। उन्होंने दिल्ली से निकलते वक्त की ऑनलाइन बुकिंग कर 1400 रुपये ऑनलाइन एडवांस भी पे कर दिया था लेकिन यहां होटल में पहुंचने पर पता चला कि उनकी कोई ऑनलाइन बुकिंग नहीं हुई है। साथ ही जो कमरे या होटल की फोटो उनको दिखाई गई थी। वह भी उस होटल की नहीं हैं। उनके बार बार कॉल करने पर भी व्यक्ति की ओर से कॉल नहीं उठाई गई जिससे उनको ठगी का अहसास हुआ। पुलिस की राय पर उन्होंने 1930 में कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

### प्रधान प्रतिनिधि बिष्ट ने गिनाई समस्याएं

**नैनीताल।** राजकीय इंटर कालेज रातीघाट में आयोजित जन जन की सरकार जन जन के द्वार कार्यक्रम में सूबे की कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य के समक्ष सामाजिक कार्यकर्ता और प्रधान प्रतिनिधि त्रिभुवन सिंह बिष्ट द्वारा लोहाली में वन्य जीवों से फसलों की सुरक्षा के लिए घेरबाड़ करने व कोसी नदी से लिफ्ट सिचाई पाईप लाईन को प्रस्ताव के अनुसार किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए धरातल पर विस्तारीकरण की और पानी के वितरण के लिए उचित रोस्टर बनाने की मांग उठाई। बिष्ट के मुताबिक मामले में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने विभागीय अधिकारियों को तत्काल धरातल पर निरीक्षण कर समस्या के समाधान करने का निर्देश दिये हैं।

### रेखा हॉकी प्रतियोगिता के लिए चयनित

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित मोहन लाल साह बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज की मेधावी खिलाड़ी रेखा आर्या का चयन विद्यालयी नेशनल स्कूल हॉकी प्रतियोगिता अंडर 14 के लिए उत्तराखंड राज्य की टीम में



हुआ है। रेखा अब 2 जनवरी से लेकर 10 जनवरी 2026 तक ग्वालियर में आयोजित होने वाली विद्यालयी नेशनल स्कूल हॉकी प्रतियोगिता में उत्तराखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी। दूसरी ओर मेधावी खिलाड़ी रेखा आर्या की इस अहम कामयाबी पर स्कूल की प्रधानाचार्या शबनम अहमद, मैनेजर विनय साह, स्पोर्ट्स टीचर पुष्पा दर्मवाल समेत रश्मि पुरोहित, पूनम दुहन और कालेज परिवार तथा हॉकी कोच सुनील कुमार, भगवत मेर तथा कमल बिष्ट तथा रेखा के परिजनों व शुभचिंतकों ने खुशी जाहिर करते हुए उनके बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

कुविवि के पूर्व वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो.बिष्ट की पत्नी मंजू का हुआ निधन

नैनीताल। कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर के समाज शास्त्र विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष तथा पूर्व डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. देवेंद्र सिंह बिष्ट की पत्नी मंजू बिष्ट (63) का बुधवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार वीरवार आज किया जाएगा। बता दें कि दिवंगत मंजू बिष्ट की पुत्री द्वाराहाट पीजी कॉलेज में सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र हैं तथा पुत्र डीएसबी परिसर में फिजिकल एजुकेशन में प्राध्यापक हैं। कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) परिवार ने मंजू बिष्ट के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। कूटा की तरफ से प्रो. ललित तिवार समेत डा. नीलू लोधियाल, डा. दीपक कुमार, डा. युगल जोशी, डा. संतोष कुमार, डा. कुबेर गिनती, डा. शिवांगी, डा. दीपिका गोस्वामी, डा. अनिल बिष्ट तथा डा. अशोक कुमार सहित डा. रितेश साह के साथ ही पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष मुकेश जोशी व सचिन नेगी महासचिव श्रीराम सेवक सभा जगदीश चंद्र बवाड़ी सहित बिमल चौधरी, डा. मोहित रौतेला, भूपेंद्र सिंह बिष्ट, आनंद बिष्ट तथा संतोष कुमार ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक व्यक्त किया है।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली से गिरकर एक व्यक्ति घायल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** सरबखेड़ा क्षेत्र में ओवर ब्रिज के पास अनाज के कट्टों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से गिरकर एक व्यक्ति घायल हो गया। बताया जा रहा है कि व्यक्ति ट्रॉली में रखे अनाज के कट्टों पर बैठा हुआ था। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से वह कट्टों सहित सड़क पर जा गिरा। गनीमत रही कि उसी समय पीछे से कोई भारी तेज रफ्तार वाहन नहीं आ रहा था, अन्यथा दुर्घटना में उसकी जान भी जा सकती थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन द्वारा ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवारी बैठाने और ओवरलोडिंग पर नियमित निगरानी और सख्त कार्रवाई की आवश्यकता है।

# दिल्ली के उपराज्यपाल का नैनीताल पहुंचने पर स्वागत



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भ्रमण पर पहुंचे दिल्ली के उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना का लोक भवन नैनीताल आगमन पर कुमाऊं आयुक्त /सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने बुके देकर स्वागत किया तथा नैनीताल और लोक भवन की खूबियों के बारे में बताया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी, पुलिस अधीक्षक डा.जगदीश चंद्रा, उप जिलाधिकारी नवाजिश खलिक तथा तहसीलदार नैनीताल मौजूद रहे।

# सीएम की जनकल्याणकारी सोच से सशक्त हो रहा जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार अभियान: दीपक रावत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** आयुक्त कुमाऊं मंडल/सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने नव वर्ष -2026 के अवसर पर कुमाऊं मंडल के समस्त नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दूरदर्शी नेतृत्व एवं जनकल्याणकारी सोच के अनुरूप राज्य सरकार द्वारा संचालित जन-जन की सरकार- जन जन के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक जनपद में आयोजित किए जा रहे बहुउद्देशीय शिविर आमजन के लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रभावी सिद्ध हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से समाज के अंतिम छोर पर खड़े जरूरतमंद व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ सीधे पहुँच रहा है जो सुशासन की मजबूत आधारशिला है। आयुक्त ने जनपदवासियों से अपील की कि वे इन बहुउद्देशीय शि. विरों में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करें, शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें तथा अपने सुझाव एवं समस्याएं भी निर्भीक होकर प्रस्तुत करेंए ताकि उनका समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि जनता से प्राप्त सुझाव शासन-प्रशासन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और इन्हें नीतिगत निर्णयों में समिलित किया जाता है। उन्होंने बताया कि इन शिविरों के माध्यम से मिशन एप्पल, मिशन कीवी सहित कृषि, उद्यान, स्वरोजगार व पशुपालन एवं आजीविका से जुड़ी विभिन्न योजनाओं का लाभ भी पात्र लाभार्थियों को मुहैया कराया जा रहा है जिससे किसानों एवं बागवानों की आय में वृद्धि हो रही है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। उन्होंने आगामी वर्ष -2026 के लिए तैयार किए जा रहे डिस्ट्रिट प्लान एवं विकास योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, पर्यटन, रोजगार सृजन एवं आधारभूत संरचना के विकास को प्राथमिकता देते हुए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। ताकि जनपद का सर्वांगीण विकास संभव हो सके।

# नैनीताल: नए साल के स्वागत में देर रात तक चला जश्न

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में स्थानीय लोगों व पर्यटकों ने बुधवार को वर्ष 2026 की विदाई तथा वीरवार को नए साल-2026 का स्वागत हर्षोल्लास से किया। इससे पूर्व बुधवार की रात यानी थर्टी फर्स्ट रात को 12 बजते ही सरोवर नगरी हैप्पी न्यू ईयर के उद्घोष से गुंजायमान हो गई। इस दौरान यहां हुई आतिशबाजी की बीच सभी से एक दूसरे को नव वर्ष-2026 की बधाई देकर नए साल का स्वागत किया। जिसके बाद देर रात तक मस्ती का दौर चलता रहा। शहर के बड़े होटल शेरवानी लॉज, विक्रम विंटेज, नैनी रिट्रीट, नमरू रेडिएसन में डीजे व लाइव म्मयूजिक की धूम रही। इस दौरान देर रात तक यहां म्मयूजिक की धुन में पर्यटक झूमते रहे। होटलों में कठपुतली नृत्य समेत कुमाऊंनी नृत्य, बलून डांस तथा कपल डांस तो हुआ ही साथ ही बालीवुड के गीतों पर सैलानी नाचते दिखे। इसके अलवा होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन की ओर से मालरोड पर संगीत की व्यवस्था की गई। सुर लहरियों के बीच भी पर्यटकों ने खूब मस्ती की। इसके अलावा ठंड से बचने के लिए एसोसिएशन की ओर से गैस हीटर की व्यवस्था की गई।



### आसपास के पर्यटन स्थल में भी पहुंचे सैलानी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के साथ ही समीपवर्ती पंगोट, किलबरी, ज्योलीकोट, गेठिया तथा मंगोली में भी सैलानी पहुंचे। इस दौरान यहां के भी अधिकांश होमस्टे के कमरे पैक रहे। नैनीताल में प्रवेश के दौरान हो रही दिक्कतें से बचने के लिए सैलानियों ने अन्य स्थलों की ओर भी रुख किया।

### सुबह पसरा सन्नाटा, शाम को उमड़ी भीड

**नैनीताल।** नए साल का जश्न मनाने पहुंचे सैलानियों से सरोवर नगरी पट गई। बुधवार की सुबह यहां कम भीड़ देखने को मिली लेकिन शाम होते ही सैलानियों की आमद में इजाफा हुआ। शहर पहुंचे सैलानियों ने मालरोड और होटलों में देर रात जमकर नये साल का जश्न मनाया। इस दौरान अधिकांश होटलों के कमरे पैक रहे।

### माल रोड 6 बजे कराई बंद

**नैनीताल।** नव वर्ष के जश्न को नैनीताल पहुंचे पर्यटकों की भीड़ को देखते हुए पुलिस ने मंगलवार को भी रोजना की तहत शाम छह बजे से माल रोड में वाहनों की आवाजाही बंद करा दी। यातायात बंद होने से सैलानियों ने बिजली की मालाओं की रोशनी से सजी माल रोड में बज रहे म्यूजिक के बीच जमकर मस्ती की।

# हल्द्वानी में पार्किंग सबसे बड़ी समस्या: नवीन वर्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** महानगर में दो पहिया वाहनों और कारों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे शहर में पार्किंग एक गंभीर समस्या बन गई है। वर्तमान में, कई ऐसे लोग हैं जिनके घरों में गाड़ी खड़ी करने की जगह नहीं है, और उन्होंने सड़कों पर गाड़ियां खड़ी करना शुरू कर दिया है, जिससे यातायात व्यवस्था पर भी बुरा असर पड़ रहा है। व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष और वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद के उपाध्यक्ष नवीन वर्मा ने कहा कि सरकार हल्द्वानी को एक व्यवस्थित शहर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि तहसील परिसर में बनने वाले नमो भवन के निर्माण के बाद पार्किंग की समस्या का समाधान हो जाएगा। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी को एक बेहतरीन शहर बनाने का संकल्प लिया है। नमो भवन के निर्माण के साथ ही, तीन पानी से लेकर काठगोदाम तक सड़क चौड़ीकरण का काम भी प्रगति पर है। इन सभी परियोजनाओं के पूरा होने के बाद, हल्द्वानी कुमाऊं का एक प्रमुख और व्यवस्थित शहर के रूप में विक. सित होगा।



# अधिवर्षता आयु पूर्ण करने पर प्रोफेसरों का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर के भौतिकी विज्ञान विभाग में आयोजित कार्यक्रम में मंगलवार को परिसर के डीन एग्रीकल्चर प्रो. जीत राम तथा पत्रकारिता व जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. गिरीश रंजन तिवारी के अधिवर्षता आयु पूर्ण करने पर उनका सम्मान समारोह भव्यता से आयोजित किया गया।

इस मौके पर विवि के मुखिया व कुविवि के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने परिसर के दोनों वरिष्ठ गुरुजनों को शाल ओढ़ाकर तथा श्री गणेश भगवान जी की मूर्ति भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। प्रो.रावत ने दोनों गुरुजनों के कार्यकाल की सराहना की तथा कहा कि गुरुजन शिक्षण संस्थान को मजबूती देते हैं तथा विद्यार्थियों को जीवन में नई दिशा देने का कार्य करते हैं। इस मौके पर प्रो. जीत राम ने कहा कि विश्वविद्यालय ने उन्हें काम करने का मौका दिया इसके लिए वह विश्वविद्यालय का आभार है जबकि प्रो. तिवारी ने कहा के पत्रकारिता लेखनी है तथा विभाग के विद्यार्थियों को नई दिशा विभाग से मिली है। इसके पूर्व परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा ने सभी का स्वागत किया जबकि डीन साइंस प्रो. चित्रा पांडे तथा डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. संजय पंत ने भी कार्यक्रम में विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर डा. ललित तिवारी ने सेवानिवृत हो रहे दोनों गुरुजनों का जीवन वृत्त सभी के समक्ष रखा। कार्यक्रम में प्रो. आशीष तिवारी, प्रो. एलएस लो. धियाल, प्रो. कल्पना, प्रो. लता पांडे, प्रो. ज्योति जोशी, प्रो. नीलू लोधियाल, प्रो. एसएस बरगली, प्रो. गीता तिवारी, डा. पैनी जोशी, डा. पूनम बिष्ट, प्रो. अनीता पांडे, डा. गगनदीप होती, डा. अशोक कुमार, डा. श्रुति, डा. नंदन, प्रो. अनिल बिष्ट, डा. कुबेर गिनती, डा. एएस अधिकारी, डा. नंदन सिंह बिष्ट समेत विशाल बिष्ट, नंदा बल्लभ पालीवाल, डीएस बिष्ट, कुंदन व अजय आदि उपस्थित रहे।



# धूमधाम से मनाया विद्यालय का वार्षिकोत्सव

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**रानीखेत।** ताड़ीखेत के जैनोली स्थित न्यू ऑन एकेडमी जूनियर हाईस्कूल ने बड़ी धूमधाम से मनाया अपना वार्षिकोत्सव। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक डा. प्रमोद नैनवाल ने प्रतिभाग किया। सर्वप्रथम अतिथियों का फूल मालाओ व पुष्प गुच्छ भेंट देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसके बाद विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी का मनमोह लिया। जिसके बाद स्कूल प्रबंधक शकर राम ने अपने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने विद्यालय परिवार और अभिभावकों को सफल आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने विद्यालय को अपनी विधायक निधि से स्कूल सामग्री देने की घोषणा की। वही ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि भारत मेहरा ने अपने संबोधन मे विद्यालय परिवार और अभिभावकों को सफल आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यालय को अपनी ब्लाक निधि से फर्नीचर सामग्री देने की घोषणा की। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक शंकर राम, अभिभावक संघ अध्यक्ष पान सिंह मेहरा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि भारत मेहरा, ज्येष्ठ प्रमुख प्रतिनिधि मंजीत भगत, मंडल अध्यक्ष मुकेश पांडेय, खुशाल राम, चन्दन सिंह देव, रमेश सिंह खनायत, नन्द किशोर, नीलम मेहरा, जानकी बिष्ट, अनीता, दीपक, महेन्द्र कुमार सहित विद्यालय के बच्चे व अभिभावक मौजूद रहे।

# दिव्यांगों को स्वरोजगार से जोड़ने का संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी के अरुण कुमार गुप्ता, जो एक छोटी सी दुकान चलाते हैं, ने अपने जन्मदिन के मौके पर दिव्यांगों को स्वरोजगार और रोजगार से जोड़ने का संकल्प लिया है। हर साल 1 जनवरी को, वह दिव्यांगों की मदद के लिए पैसे इकठ्ठे करते हैं और उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं। इस साल, उन्होंने 26 जनवरी को दिव्यांग रोजगार मेला आयोजित करने का लक्ष्य रखा है। इस आयोजन में दिव्यांगों के लिए विभिन्न रोजगार विकल्प प्रस्तुत किए जाएंगे। अरुण पिछले तीन सालों से इस काम में सक्रिय हैं। उन्होंने एक दिव्यांग को रुई से बत्तियां बनाने का कार्य दिलवाकर उसे रोज़ाना 700-800 रुपये कमाने का अवसर भी प्रदान किया। इसके अलावा, अरुण अपनी दुकान पर दिव्यांगों के नाम से एक गुल्लक भी रखते हैं, जिसमें वह और उनके ग्राहक दान राशि जमा करते हैं। अरुण का मानना है कि अगर किसी को रोजगार मिलता है, तो वह अपनी जीवनशैली को आत्मनिर्भर बना सकता है, और यह सबसे बड़ा योगदान है। अरुण का मानना है आप किसी को एक दिन मिठाई खिला सकते हैं, भोजन करवा सकते हैं, लेकिन अगर आप उसे रोजगार का अवसर देते हैं तो वह खुद ही सक्षम बन जाएगा। उनका यह प्रयास न केवल दिव्यांगों की मदद कर रहा है, बल्कि समाज में एक सकारात्मक बदलाव भी ला रहा है।



# अल्मोड़ा में बड़ी संख्या में पहुंचे सैलानी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** साल 2025 को विदाई और नये साल के स्वागत में बुधवार को अल्मोड़ा के पर्यटन स्थलों में भारी संख्या में स्थानीय समेत बाहरी पर्यटक पहुंचे। बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने शाम को जश्न मनाकर साल 2025 को विदा किया। जिले में करीब 15 हजार से अधिक पर्यटकों के पहुंचने का अनुमान है। नगर समेत क्षेत्र भर के होटल, रिजॉर्ट आदि में नए साल के जश्न को लेकर ऑनलाइन बुकिंग रही। धार्मिक और पर्यटन स्थलों में लोगों ने जमकर मस्ती की। साल की विदाई पर पर्यटन स्थल पहुंचे पर्यटकों को कुमाऊंनी व्यंजन परोसे गये। अल्मोड़ा के बिनसर, कसारद. ेवी, सिमतोला पार्क, जागेश्वर, सल्ट के मरचूला समेत रानीखेत और आदि जगह पर्यटकों और स्थानीय लोगों से गुलजार रहा। विभिन्न स्थानों में सैलानियों के साथ ही स्थानीय लोगों की भीड़ रही। जबकि नगर के सिमतौला पार्क और डोलीडाना में भारी संख्या में पर्यटक और स्थानीय लोग पहुंचे। साल के अंत और नये साल के आगाज के लिये लोगों ने तैयारियां की। बच्चों के संग हर उम्र के लोग छोड़ मस्ती करते नजर आये। जिले में साल के अंत को मनाने के लिये महानगरों और विभिन्न स्थानों से पर्यटक पहुंचे। इस दौरान लोग दिनभर जश्न और घूमते दिखाई दिये। लेकिन पुलिस कर्मी, डाक्टर, सफाई कर्मी आदि ड्यूटी पर तैनात रहे। जहां लोग नये साल के जश्न में रहे, वहीं नगर, पार्कों और पर्यटन स्थलों में पुलिस बल तैनात रहा। जिले में साल के अंतिम दिन पर्यटकों को लुभाने के लिये होटल कारोबारियों ने भी कोई कसर नहीं छोड़ी। अधिकांश होटलों में पर्यटकों को लुभाने के लिये पहाड़ी व्यंजनों से स्वागत किया गया। पर्यटकों ने मडुवा की रोटी, झंगोरा, भट की चुड़कानी, गहत की दाल आदि पहाड़ी व्यंजनों का स्वाद लिया। जबकि कई जगहों पर पर्यटकों को वेस्टन व्यंजन परोसे गये।



### डीएम ने दी बधाई

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने नव वर्ष 2026 के अवसर पर नैनीताल जिले के समस्त नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में जिला. धिकारी श्री रयाल ने कहा कि नव वर्ष 2026 जनपदवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं नवीन ऊर्जा लेकर आए। उन्होंने कहा कि बीते वर्ष जनपदवासियों के सहयोग और सामूहिक प्रयासों से प्रशासनिक कार्यों को मजबूत दिशा मिली है।

# ज्वालापुर में मेडिकल स्टोर पर छापा

**हरिद्वार।** ड्रग्स इंस्पेक्टर हरीश सिंह के नेतृत्व में कोतवाली ज्वालापुर पुलिस की संयुक्त टीम ने पीठ बाजार स्थित सुपर हेल्थ मेडिकोज मेडिकल स्टोर पर आकस्मिक छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध नशीली व प्रतिबंधित दवाइयां बरामद कीं, जिनमें नशीले कैप्सूल, कफ सिरप और टैबलेट शामिल हैं। अवैध रूप से नशीली दवाइयों की बिक्री की शिकायत के आधार पर 30 दिसंबर 2025 को की गई इस कार्रवाई के दौरान मौके पर मौजूद आरोपी परवेज पुत्र शराफत निवासी मोहल्ला पावधोई कोतवाली ज्वालापुर हरिद्वार से पूछताछ की गई, जिसने स्वयं को मेडिकल स्टोर का मालिक बताते हुए बी-फार्मा जमाल निवासी मोहल्ला मैदानियान, कोतवाली ज्वालापुर से किराए पर लेने की बात कही। बरामदगी के आधार पर कोतवाली ज्वालापुर में आरोपी के विरुद्ध केस पंजीकृत कर लिया गया है।

**सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा**

पत्रांक: SSJU/2025-26/सा0/1169

दिनांक: 30.12.2025

**वैण्डर विज्ञप्ति सूचना**

सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अपने प्रशासनिक भवन एवं इसके चारों परिसरों (अल्मोड़ा, बागेश्वर, पिथौरागढ़ एवं चम्पावत) के पुस्तकालयों में पुस्तकों की आपूर्ति हेतु नवीन विक्रेता पंजीकरण के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पंजीकरण की प्रक्रिया हेतु समस्त सूचनाएं विश्वविद्यालय की आधिकारिक वैबसाईट www.ssju.ac.in से प्राप्त की जा सकती है। इच्छुक विक्रेता पंजीकरण हेतु अपना आवेदन पंजीकृत डाक एवं व्यक्तिगत रूप से कुलसचिव कार्यालय में जमा कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक: 25 जनवरी, 2026.

(डा० देवेन्द्र सिंह बिष्ट), कुलसचिव

## संक्षिप्त खेल समाचार

### प्रो रेसलिंग लीग 2026 के लिए नीलामी शनिवार को

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय कुश्ती महासंघ ( डब्ल्यूएफआई) द्वारा स्वीकृत भारत की प्रमुख फ्रेंचाइजी-आधारित पेशेवर कुश्ती लीग, प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्लूएल), अपने बहुप्रतीक्षित पांचवें सीजन की औपचारिक शुरुआत करने जा रही है। लीग ने आधिकारिक खिलाड़ी नीलामी की तारीख 3 जनवरी 2026 (शनिवार) घोषित कर दी है। नीलामी से पहले, लीग ने उन छह फ्रेंचाइजी के नामों का भी खुलासा किया है जो पीडब्लूएल 2026 में प्रतिस्पर्धा करेंगी। यह छह वर्षों के अंतराल के बाद लीग की वापसी की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पड़ाव है। आगामी सीजन फाइव में प्रतिस्पर्धा करने वाली छह फ्रेंचाइजी हैं। हरियाणा थंडर्स, टाइगर्स ऑफ मुंबई डांगल्स, पंजाब रॉयल्स, महाराष्ट्र केसरी, दिल्ली डांगल वॉरियर्स और यूपी डॉमिनेटर्स।

### तीन शतकों के साथ बड़ौदा ने बनाया 417/4 का स्कोर

**राजकोट, वार्ता।** अमित हरिराम पासी (127), नित्य पंड्या (122) और कप्तान क्रुणाल पंड्या (नाबाद109) की शतकीय पारियों के दम पर बड़ौदा ने बुधवार को विजय हजारे ट्राफी एलीट ग्रुप बी मुक. ाबले में हैदराबाद के खिलाफ चार विकेट पर 417 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। यहां हैदराबाद ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बड़ौदा के लिए नित्य पांड्या और अमित हरिराम पासी की सलामी जोड़ी ने बेहतरीन शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 230 रन जोड़े। 30वें ओवर में ए वरुण ने अमित को आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। अमित ने 93 गेंदों में 12 चौके और सात छक्के उड़ाते हुए 127 रनों की पारी खेली।

# कार्लसन ने 9वां टाइटल जीता

**मैग्नस कार्लसन ने रिकॉर्ड बनाया, भारतीय ग्रैंडमास्टर एरिगैसी को कांस्य पदक मिला**



**दोहा, वार्ता।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने यहां वर्ल्ड ब्लिट्ज चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर अपने शानदार कैंपेन का अंत किया, जबकि वर्ल्ड नंबर 1 मैग्नस कार्लसन ने रिकॉर्ड नौवां वर्ल्ड ब्लिट्ज टाइटल जीता।

22 साल के एरिगैसी को सेमीफाइनल में युवा उज्बेक ग्रैंडमास्टर नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव से 2-5-0-5 से भारी हार के बाद ब्रॉन्ज मेडल से ही संतोष करना पड़ा। इस हार के बावजूद, यह मेडल भारतीय खिलाड़ी के लिए एक बड़ी कामयाबी थी, जिन्होंने इस हफ्ते की शुरुआत में रैपिड चैंपियनशिप में भी ब्रॉन्ज मेडल जीता था, और विश्वनाथन आनंद के बाद ओपन कैटेगरी में वर्ल्ड ब्लिट्ज मेडल जीतने वाले दूसरे भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन गए। भारतीय खिलाड़ी ने लीग स्टेज में शानदार 15 पॉइंट्स के साथ टॉप किया था, जिसमें उन्होंने अपने आखिरी छह गेम में से चार जीते और दो ड्रॉ किए, और अकेले लीडर बने। लेकिन, वह सेमीफाइनल में शुरुआती मौकों को भुना नहीं पाए, और सफेद मोहरों से दबाव बनाने के बावजूद पहला गेम हार गए। अब्दुसत्तोरोव ने फिर एक लंबे एंडगेम मुकाबले के बाद दूसरा गेम जीतकर मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली, और फिर जल्दी से ड्रॉ करके फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। टाइटल मुक. ाबले में, मैग्नस कार्लसन ने एक बार फिर इस फॉर्मेट में अपनी बादशाहत दिखाई, अब्दुसत्तोरोव को 2-5-1-5 से हराकर दो दिन पहले हासिल किए गए रैपिड गोल्ड मेडल में नौवां वर्ल्ड ब्लिट्ज क्राउन जोड़ा।

# गिल, राहुल व जडेजा विजय हजारे ट्रॉफी खेलेंगे

- **इन खिलाड़ियों ने अपनी उपलब्धता के बारे में अपने राज्य संघों को सूचित कर दिया है**



**नई दिल्ली, वार्ता।** नए साल में विजय हजारे ट्रॉफी में और भी स्टार पावर आने वाली है। इंटरनेशनल खिलाड़ी शुभमन गिल, रवींद्र जडेजा और केएल राहुल घरेलू 50 ओवर के टूर्नामेंट के लिए अपनी-अपनी राज्य टीमों में शामिल होंगे, जबकि राष्ट्रीय टीम अगले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज की तैयारी कर रही होगी। क्रिकबज इस बात की पुष्टि कर सकता है कि इन खिलाड़ियों ने अपने अनिवार्य घरेलू प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए वीएचटी के लिए अपनी उपलब्धता के बारे में अपने राज्य संघों को सूचित कर दिया है। टेस्ट और वनडे कप्तान गिल से उम्मीद है कि वह पंजाब के लिए 3 और 6 जनवरी के मैच खेलेंगे, जो उन दिनों जयपुर में सिक्किम और गोवा से भिड़ेंगे। पंजाब, जो ग्रुप सी में पावरहाउस मुंबई के साथ है, तीन मैचों में दो जीत के साथ चौथे स्थान पर है।

उन्हें जल्द ही भारतीय टीम में शामिल होने के लिए राज्य टीम छोड़नी होगी, जिसके 7-8 जनवरी को बड़ौदा में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे (11 जनवरी) के लिए इकट्ठा होने की उम्मीद है। पता चला है कि जडेजा ने सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन को बताया है कि वह 6 और 8 जनवरी को सर्विसेज और गुजरात के खिलाफ मैच खेलेंगे। सौराष्ट्र टीम फिलहाल कर्नाटक के अलूर में अपने लीग मैच खेल रही है। उन्होंने तीन मैचों में एक जीत हासिल की है और आठ टीमों के ग्रुप में छठे स्थान पर हैं, जिसमें ऋषभ पंत की दिल्ली टीम भी शामिल है। कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन तुरंत यह पुष्टि नहीं कर सका कि राहुल कौन से मैच खेलेंगे, लेकिन सूत्रों से पता चला है कि उनके 3 और 6 जनवरी को अहमदाबाद में त्रिपुरा और राजस्थान के खिलाफ मैच खेलने की संभावना है। कर्नाटक ग्रुप ए में तीन मैचों में 100 प्रतिशत जीत के रिकॉर्ड के साथ दूसरे स्थान पर है। इस बीच, मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने कन्फर्म किया है कि यशस्वी जायसवाल जयपुर पहुंच गए हैं और उम्मीद है कि वह बुधवार (31 दिसम्बर) को गोवा के खिलाफ मुंबई का मैच खेलेंगे। जायसवाल कुछ समय के लिए बीमार थे और उन्हें पहले तीन मैच छोड़ने पड़े थे, और यह लेफ्ट-हैंडेड ओपनर गोवा के खिलाफ मैच में खेल सकते हैं। मुंबई ग्रुप सी में तीन जीत के साथ टॉप पर है। रोहित शर्मा से लेकर विराट कोहली और पंत तक, जयादातर इंटरनेशनल खिलाड़ी, जसप्रीत बुमराह को छोड़कर - विजय हजारे ट्रॉफी (वीएचटी) में अपनी घरेलू जम्मिेदारियों को पूरा करने के लिए आए हैं, जिसमें भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने हिस्सा लेना जरूरी कर दिया है। बुमराह एक खास मामला हैं क्योंकि बीसीसीआई देश के मुख्य गेंदबाज पर ज्यादा वर्कलोड डालने से बच रहा है।

# गौस ने वाईपर्स को ILT टी-20 फाइनल में पहुंचाया

- **एंड्रीज गौस ने 58 गेंदों में 120 रनो की नाबाद पारी खेली, गौस ने नौ छक्के और सात चौके लगाए**

**अबू धाबी, वार्ता।** एंड्रीज गौस की 58 गेंदों में 120 रन की नाबाद पारी ने डेजर्ट वाइपर्स को आईएल टी20 फाइनल में पहुंचा दिया, क्योंकि उन्होंने मंगलवार को अबू धाबी में पहले क्वालीफायर में एमआई अमीरात को 45 रनों से हरा दिया।

गौस, जिन्होंने नौ छक्के और सात चौके लगाए, ने फखर जमान के साथ पहले विकेट के लिए रिकॉर्ड 157 रनों की साझेदारी की, जिससे वाइपर्स ने 233/1 का बड़ा स्कोर बनाया। एमआई अमीरात, टॉम बैंटन (27 गेंदों में 63 रन) की अच्छी शुरुआत और आखिर में रोमारियो शेफर्ड की तेज पारी के बावजूद, 7 विकेट पर 188 रन ही बना पाई, जिससे वाइपर्स ने एक शानदार जीत हासिल करके लगातार दूसरी बार आईएल टी20 फाइनल में जगह बनाई। फजलहक फारूकी के खिलाफ सतर्क शुरुआत के बाद, गौस और फखर जल्दी ही जम गए, आसानी से स्ट्राइक रोटेट करते रहे और वाइपर्स को बल्लेबाजी करने के लिए कहा गया तो उन्होंने अपने शॉट्स खेलने शुरू कर दिए।

पांचवें ओवर में शेफर्ड को 20 रन पड़े, जिसमें गौस ने दो छक्के और एक चौका लगाया। वाइपर्स ने पावरप्ले में 47 रन बनाए और बीच के ओवरों में बाउंड्री लगने लगीं, क्योंकि दोनों बल्लेबाजों ने ओवरपिच या छोटी गेंदों पर प्रहार किया, जिससे वाइपर्स का शतक 11 ओवर के अंदर पूरा हो गया और साझेदारी आईएल टी20 इतिहास में सबसे बड़ी ओपनिग साझेदारी बन गई। यह साझेदारी आखिरकार तब टूटी जब फखर 69 रन बनाकर एएम गजनफर का शिकार हुए, जिससे 16वें ओवर में गेंदबाजों को कुछ राहत मिली। लेकिन तब तक, गौस ने पूरी तरह से नियंत्रण कर लिया था। उन्होंने साफ-सुथरे सीधे हिटिंग और दमदार पुल शॉट्स के मिश्रण से अपनी पारी को आगे बढ़ाया। उनका शतक सिर्फ 58 गेंदों में आया, जिससे वह लीग के नॉकआउट चरणों में शतक बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। अमीरात के गेंदबाजों को डेथ ओवरों में गेंदबाजी करने में मुश्किल हुई, उन्होंने लगातार फुल टॉस गेंदें फेंकी जो स्टैंड्स या गैप्स में चली गईं। 19वें ओवर में 22 रन बने, जब गौस ने शेफर्ड की गेंदों पर दो छक्के और एक चौका लगाकर वाइपर्स को 200 रन के पार पहुंचाया। सैम करन ने यह सुनिश्चित किया कि मोमेंटम और भी बढ़े, क्योंकि उन्हें सेट होने में कोई समय नहीं लगा, उन्होंने सिर्फ 12 गेंदों में 38 रन बनाए। इसमें आखिरी ओवर में जहूर खान की गेंदों पर दो छक्के और दो चौके शामिल थे, क्योंकि आखिरी दो ओवरों में 44 रन बने, जिसमें गौस-करन की जोड़ी ने सिर्फ 25 गेंदों में 76 रन बनाए।

एमआई अमीरात ने इरादे के साथ पीछा करना शुरू किया, मुहम्मद वसीम ने पहली गेंद से ही तेजी से रन बनाए और बार-बार लेग-साइड की बाउंड्री पार की। आंद्रे फ्लेचर उस गति से तालमेल बिठाने में संघर्ष करते दिखे और जल्दी आउट हो गए, लेकिन बैंटन ने एक तूफानी जवाबी हमले से पीछा जारी रखा। क्लीन पुल शॉट्स को निडर लॉफ्टेड स्ट्रोक्स के साथ मिलाकर, बैंटन ने 21 गें. दों में अर्द्धशतक बनाया, और वसीम के साथ एक तेज साझेदारी की जिसने कुछ समय के लिए विश्वास जगाया। आधे मैच तक,एमआई अमीरात 104/1 पर ट्रैक पर लग रही थी, लेकिन हर शांत ओवर के साथ आस्किंग रेट बढ़ता गया।

# दीप्ति शर्मा टी-20 में सबसे अधिक विकेट लेने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनी

- **दीप्ति ने श्रीलंका में नीलाक्षिका सिल्वा को आउट कर मेगन शट के 151 विकेटों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा**



**तिरुवनंतपुरम, वार्ता।** ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में महिला और पुरुष वर्ग दोनों में सबसे अधिक विकेट लेने वाली पहली भारतीय गेंदबाज बन गई है। दीप्ति ने मंगलवार को श्रीलंका के खिलाफ खेले गए पांचवें अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में नीलाक्षिका सिल्वा को आउट कर मेगन शट के 151 विकेटों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। उन्होंने 2016 में पर्दापण के बाद से 133 मैचों में अपना 152वां टी-20 विकेट लेकर यह मुकाम हासिल किया।

इसी के साथ दीप्ति ने ऑस्ट्रेलिया की तेज गें. दबाज मेगन शट के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। इस सूची में पाकिस्तान की निदा डार 144 विकेट के साथ तीसरे स्थान पर हैं। रवांडा की हेनरीट इशिम्वे 117 मैचों में 144 विकेट के साथ चौथे तथा इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन 101 मैचों 142 विकेट के साथ पांचवें स्थान पर है। इस उपलब्धि के साथ ही दीप्ति शर्मा महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने के झूलन गोस्वामी के रिकॉर्ड के करीब पहुंच रही हैं। दीप्ति के पास (टेस्ट में 20, एकदिवसीय में 162 और टी-20 में 152 विकेट) सहित कुल 334 विकेट हैं, जबकि गोस्वामी ने (टेस्ट में 44, एकदिवसीय में 255, टी-20 में 56 विकेट) कुल 355 विकेट के साथ सबसे आगे हैं। इंग्लैंड की कैथरीन साइवर-ब्रंट 335 विकेट के साथ दीप्ति से ठीक आगे हैं।

# आईसीसी ने ईडन गार्डन्स पिच को 'संतोषजनक' बताया

**दुबई, वार्ता।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स पिच को संतोषजनक रेटिंग दी है। इस मैदान पर 14 नवम्बर से भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहला टेस्ट खेला गया था, और मैच तीन दिनों के अंदर खत्म हो गया, जिसमें भारत को मेहमान टीम से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, सतह की कोई निदा नहीं हुई। यह बिल्कुल वैसी ही पिच थी जिसकी हम तलाश कर रहे थे। यह बिल्कुल वैसी ही पिच है और मुझे लगता है कि क्यूरेटर बहुत, बहुत मददगार थे। और हम बिल्कुल यही चाहते थे। और हमें बिल्कुल यही मिला। जब आप अच्छा नहीं खेलते हैं, तो ऐसा ही होता है कि भारत के कोच गौतम गंभीर ने अपनी टीम के 30 रनों से हारने के बाद कहा था, जब वे 124 रनों का पीछा करने में नाकाम रहे। हालांकि, बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने गुवाहाटी पहुंचने पर गंभीर की बात का खंडन किया। जो दूसरे टेस्ट का स्थान था, उन्होंने कहा कि कोई भी कोलकाता जैसी पिच नहीं चाहता था। पिच ने पहले दिन से ही तेज टर्न दिया, और दक्षिण अफ्रीका के ऑफ-स्पिनर साइमन हार्मर को मैच में 51 रन देकर आठ विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। हालांकि, भारतीय स्पिनर वैसा प्रभाव नहीं डाल पाए, जिससे शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम को चौंकाने वाली हार का सामना करना पड़ा। सौरव गांगुली ने ऐसी सतह चुनने के लिए भारतीय टीम मैनेजमेंट की आलोचना की। पूर्व भारतीय कप्तान को लगा कि टीम में इतनी प्रतिभा है कि वह अत्यधिक सहायता वाली पिचों के बजाय खेल के लिए अच्छी पिचों पर सफल हो सकती है। उन्होंने कहा कि अच्छी विकेटों पर खेलें। मुझे उम्मीद है कि गौतम गंभीर सुन रहे होंगे। मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं। लेकिन उन्हें अच्छी विकेटों पर खेलना चाहिए। क्योंकि उनके पास (जसप्रीत) बुमराह, (मोहम्मद) सिराज, (मोहम्मद) शमी, कुलद. ीप (यादव) और (रवींद्र) जडेजा हैं। गुवाहाटी में दूसरा और आखिरी टेस्ट काफी बेहतर पिच पर खेला गया, और मैच पूरे पांच दिन चला।

## वर्षों तक कोमा में रहने के बाद पूर्व क्रिकेटर अक्षु फर्नांडो का निधन

**कोलंबो, वार्ता।** दुर्घटना के बाद कई वर्षों तक कोमा में रहने के बाद मंगलवार को श्रीलंका के पूर्व अंडर-19 क्रिकेटर अक्षु फर्नांडो का निधन हो गया। समुद्री तट पर अभ्यास के बाद फर्नांडो 28 दिसम्बर 2018 को दक्षिणी कोलंबो के माउंड लाविनिया में रेलवे ट्रैक को पार करते समय एक ट्रेन की चपेट आकर गंभीर रूप से घायल होने के बाद वह अधिकांश समय लाइफ सपोर्ट पर ही रहे। 27 वर्षीय दाएं हाथ के प्रतिभाशाली बल्लेबाज फर्नांडो जब ट्रेन से दुर्घटनाग्रस्त हुए थे उस समय उनके करियर ने अपनी उड़ान ही भरी थी। दुर्घटना से कुछ सप्ताह पहले ही उन्होंने रगामा क्रिकेट क्लब के लिए प्रथम श्रेणी में अपना पहला शतक बनाया था। उस समय वह अपनी ऑफ स्पिन पर भी काम कर रहे थे। सीनियर लेवल पर उन्होंने सात बार 50 से अधिक

# काम्या साउथ पोल तक स्कीइंग करने वाली सबसे कर उम्र की भारतीय बनीं

**काम्या ने 89 डिग्री दक्षिण से शुरू करके साउथ पोल तक लगभग 115 किमी. का सफर तय किया**



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय नौसेना के एक अधिकारी की 18 साल की बेटी काम्या कार्तिकेयन ने साउथ पोल तक स्कीइंग करके इतिहास रच दिया है। वह यह कारनामा करने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय और दुनिया की दूसरी सबसे कम उम्र की महिला बन गई हैं। काम्या ने 89 डिग्री दक्षिण से शुरू करके, अपने पूरे एक्सपेडिशन का सामान ले जा रही स्लेज को खींचते हुए, स्कीइंग करते हुए ज्योग्राफिक साउथ पोल तक पैदल लगभग 115 किमी का सफर तय किया।

उन्होंने 27 दिसम्बर को यह मुश्किल अभियान पूरा किया। इस शानदार उपलब्धि को हासिल करने के लिए उन्होंने अंटार्कटिका की मुश्किल परिस्थितियों का सामना किया, जिसमें तापमान माइनस 30 डिग्री सेल्सियस तक गिरना और तेज तूफानी हवाएं शामिल थीं। उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए भारतीय नौसेना ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारतीय नौसेना काम्या कार्तिकेयन, जो एक नौसेना अधिकारी की 18 वर्षीय बेटी और नेवी चिल्ड्रन्स स्कूल की पूर्व छात्रा हैं, को बधाई देती है, जिन्होंने साउथ पोल तक स्कीइंग करके सबसे कम उम्र की भारतीय और दुनिया की दूसरी सबसे कम उम्र की महिला बनकर एक बार फिर इतिहास रचा है।

नौसेना ने आगे कहा कि काम्या माइनस 30 डिग्री सेल्सियस के कठोर मौसम और तूफानी हवाओं का सामना करते हुए, अपने पूरे एक्सपेडिशन के सामान से भरी स्लेज को खींचते हुए, लगभग 60 नॉटिकल मील (लगभग 115 किमी) पैदल चलकर 27 दिसम्बर को साउथ पोल पर पहुंचीं। बारहवीं कक्षा की छात्रा काम्या, प्रतिष्ठित एक्सप्लोरर्स ग्रैंड स्लैम को पूरा करने का प्रयास कर रही हैं, जिसमें सभी सात महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटियों पर चढ़ना और नॉर्थ और साउथ पोल दोनों जगह स्कीइंग करना शामिल है। इससे पहले, उन्होंने सेवन समिट्स चैलेंज पूरा किया था और नेपाल की तरफ से माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय और दुनिया की दूसरी सबसे कम उम्र की महिला बनीं।

उनकी पर्वतारोहण उपलब्धियों में माउंट किलिमंजारो (अफ्रीका), माउंट एल्ब्रस (यूरोप), माउंट कोसियसको (ऑस्ट्रेलिया), माउंट एकॉनकागुआ (दक्षिण अमेरिका), माउंट डेनाली (उत्तरी अमेरिका), माउंट एवरेस्ट (एशिया), और माउंट विसन (अंटार्कटिका) पर चढ़ाई शामिल है। काम्या 24 दिसम्बर को अपने पिता, भारतीय नौसेना के कमांडर एस कार्तिकेयन के साथ माउंट विसन की चोटी पर पहुंचीं, ताकि साउथ पोल स्की अभियान शुरू करने से पहले सेवन समिट्स चैलेंज पूरा कर सकें। उनकी असाधारण यात्रा की सराहना करते हुए भारतीय नौसेना ने कहा कि उनकी उपलब्धि निश्चित रूप से उनकी पीढ़ी के कई लोगों को अपनी सीमाओं से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। उन्हें नॉर्थ पोल तक स्कीइंग के अंतिम पड़ाव को लेकर 'स्वच्छ हवा और साफ आसमान' की शुभकामनाएं।

# क्रिकइंफो टीम ऑफ द ईयर में बावुमा, स्टार्क, कोहली व रॉड्रिग्स

- **2025 की पुरुष टीम में ट्रैविस हेड, केएल राहुल, बावुमा (कप्तान) शुभमन गिल, रूट, एलेक्स केरी(विकेटकीपर), जडेजा, मार्को यानसन, मिचेल स्टार्क, साइमन हार्मर और मोहम्मद सिराज शामिल**

**नई दिल्ली, वार्ता।** क्या किसी फॉर्मेट में महज चार मैच खेलकर भी साल की सर्वश्रेष्ठ टीम में जगह बनाई जा सकती है? अगर उन्हीं चार मैचों में आपने अपने देश को उसका पहला विश्व खताब दिलाया हो। साथ ही अगर उसी दौरान एक ऐतिहासिक और लगभग अभूतपूर्व क्लीन स्वीप भी हुआ हो। और यह सब आपकी कप्तानी में, आपके निर्णायक योगदान के साथ हुआ हो। तो फिर इस पर क्यों ही सवाल उठे। टेम्बा बावुमा साउथ अफ्रीका के डब्ल्यूटीसी खताब जीतने के बाद ईएसपीएन क्रिकइंफो की 2025 की टेस्ट टीम ऑफ द ईयर की कप्तानी करेंगे। वहीं उनकी महिला समकक्ष लॉरा वुलफॉर्ट महिला वनडे टीम की कप्तान चुनी गई हैं। इस टीम में भारत की विश्व कप विजेता टीम के चार खिलाड़ी भी शामिल हैं।

2025 की पुरुष टेस्ट टीम: ट्रैविस हेड, केएल राहुल, टेम्बा बावुमा(कप्तान), शुभमन गिल, जो रूट, एलेक्स केरी (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, मार्को यानसन, मिचेल स्टार्क, साइमन हार्मर, मोहम्मद सिराज, बावुमा के चार मैचों में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल और कोलकाता में भारत के खिलाफ खेला गया टेस्ट शामिल था। दोनों मैचों की दूसरी पारी के उनके अर्द्धशतक अहम थे। इन मौकों पर दबाव के बीच आए उनके रन टीम के लिए निर्णायक साबित हुए। बावुमा की तरह साइमन हार्मर ने भी साल में सिर्फ चार टेस्ट खेले, लेकिन 30 विकेट लेकर उनमें से तीन मैचों में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका की जीत की पटकथा लिखी। मार्को यानसन का असर गुवाहाटी में भारत के खिलाफ सीरीज जिताने वाले टेस्ट में साफ दिखा, जहां उन्होंने 93 रन बनाए और 48 रन देकर छह विकेट लिए। इसी प्रदर्शन के दम पर उन्हें सीम गेंदबाज ऑलराउंडर की जगह मिली। इस तरह टीम में दक्षिण अफ्रीका के तीन खिलाड़ी शामिल हैं, लेकिन कुल नतीजों के बावजूद सबसे जडादा प्रतिनिधित्व भारत का है। शुभमन गिल 2025 में टेस्ट क्रिकेट के सबसे जडादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे, जबकि केएल राहुल और रवींद्र जडेजा भी आंकड़ों की सूची में ऊपर रहे। मोहम्मद सिराज की रफ्तार और निरंतर प्रभाव ने उन्हें विशेषज्ञ तेज गेंदबाजों में से एक स्थान दिलाया। सिराज के साथ गें. दबाजी आक्रमण की अगुवाई उस इकलौते खिलाड़ी ने की, जिसने 2025 में उनसे जडादा विकेट लिए। मिचेल स्टार्क हमारे स्टाफ के बीच एकमात्र सर्वसम्मत चयन रहे। वह साल में 50 से जडादा टेस्ट विकेट लेने वाले एकमात्र गें. दबाज भी थे। ट्रैविस हेड और एलेक्स केरी एशेज में शानदार प्रदर्शन के बाद स्टार्क के साथ टीम में शामिल हुए। हेड को पारी की शुरुआत की जिम्मेदारी दी गई है। जो रूट बल्लेबाजी क्रम को पूरा करते हैं। यह हमारी टेस्ट टीम ऑफ द ईयर में उनकी लगातार पांचवीं मौजूदगी है।

2025 की महिला वनडे टीम: स्मृति मंधाना, लॉरा वुलफॉर्ट (कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, मरिजान काप, एश्ले गार्डनर, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), नादीन डी क्लार्क, फातिमा सना, अलाना किग, सोफी एक्लस्टन

इस कैलेंडर वर्ष का सबसे बड़ा आयोजन महिला वनडे विश्व कप रहा। हमारी चुनी गई इलेवन में शामिल सात खिलाड़ी फाइनल खेलने वाली भारत और दक्षिण अफ्रीका से हैं।

2025 में वनडे क्रिकेट में सबसे जडादा रन बनाने वाली दो बल्लेबाज स्मृति मंधाना और वुलफॉर्ट ओपनिग करेंगी। दोनों के नाम 1100 से जयादा रन रहे। 976 रन बनाने वाली प्रतीका रावल को जगह न मिल पाना दुर्भाग्यपूर्ण रहा। मंधाना के साथ बल्लेबाजी क्रम में विश्व कप विजेता टीम की जेमिमा रॉड्रिग्स और विकेटकीपिग की जम्मिेदारी संभालने वाली ऋचा घोष शामिल हैं। ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा भी इस टीम का हिस्सा हैं। वह विश्व कप की प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहीं और साल की सबसे जडादा विकेट लेने वाली गेंदबाज भी थीं। दक्षिण अफ्रीका की ओर से मरिजान काप और नादिन डी क्लर्क इस इलेवन में अन्य दो खिलाड़ी हैं। दोनों ने विश्व कप में भी और पूरे साल बल्ले और गेंद दोनों से अहम योगदान दिया।

एश्ले गार्डनर मिडिल ऑर्डर को मजबूती देती हैं। उन्होंने 2025 में दस पारियों में 530 रन बनाए। इनमें विश्व कप में लगाए गए दो शानदार शतक भी शामिल हैं। अलाना किग ग्प में शामिल दूसरी ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हैं। गार्डनर, किग और दीप्ति के साथ स्पिन आक्रमण की धार सोफी एक्लस्टन बढ़ाएंगी।

फातिमा सना इस दशक में हमारी किसी भी महिला टीम ऑफ द ईयर में जगह बनाने वाली पहली पाकिस्तानी खिलाड़ी बन गई हैं।

2025 की पुरुष वनडे टीम: रोहित शर्मा (कप्तान), मैथ्यू ब्रीट्जके, विराट कोहली, जो रूट, शाई होप (विकेटकीपर), ग्लेन फर्लिप्स, मिचेल सैंटनर, आदिल राशिद, जोफ्रा आर्चर, मैट हेनरी, जेडन सील्स

रोहित शर्मा और विराट को. हली हमारी 2025 की पुरुष वनडे टीम ऑफ द ईयर में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं।भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की थी। रोहित को कप्तान चुना गया है।

# राशिद खान करेंगे टी-20 विश्वकप में अफगानिस्तान की कप्तानी



**काबुल, वार्ता।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को कहा कि राशिद खान आगामी टी-20 विश्व कप में 15 सदस्ईय राष्ट्रीय टीम की कप्तानी करेंगे। चयनकर्ताओं ने कंधे की चोट से उबर चुके नवीन-उल-हक को राष्ट्रीय टीम में जगह दी है वहीं गुलबदीन नायब भी आगामी टी-20 विश्व कप के लिए टीम में लौट आए हैं। नवीन ने आखिरी टी-20 मैच दिसम्बर 2024 में खेला था। जिम्बाब्वे सीरीज के लिए अफगानिस्तान टीम का हिस्सा रहे शराफुद्दीन अशरफ, फरीद अहमद मलिक, बशीर अहमद और एजाज अहमद अहमदजई को टीम से बाहर कर दिया गया। विश्व कप के लिए अफगानिस्तान को ग्रुप डी में रखा गया है, जिसमें उनके अलावा न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, यूएई और कनाडा भी हैं। उनका अभियान आठ फरवरी को चेन्नई में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होगा। विश्व कप से पहले यह 15 खिलाड़ियों की टीम 19 जनवरी से यूएई में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज खेलेगी। अफगानिस्तान टीम: राशिद खान (कप्तान), नूर अहमद, अब्दुल्ला अहमदजई, सेदिकुल्लाह अटल, फजलहक फारूकी, रहमानुल्लाह गुरबाज, नवीन उल हक, मोहम्मद इशाक,

# धामी के नेतृत्व में स्वास्थ्य योद्धाओं ने रचा सेवा का इतिहास

## 'हेल्थ हीरो ईयर' –चारधाम यात्रा व आपदाओं में उत्तराखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था रही मजबूत

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** हिमालय सिर्फ पहाड़ों की श्रृंखला नहीं है, यह सहनशक्ति की परीक्षा है। वर्ष 2025 में उत्तराखंड ने इसी परीक्षा को स्वास्थ्य सेवाओं के मोर्चे पर पूरी मजबूती से पास किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के दिशा-निर्देशन में राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था ने वह कर दिखाया, जो अक्सर दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों में असंभव माना जाता है।

चारधाम यात्रा के दौरान लाखों श्रद्धालुओं की धड़कनों की निगरानी हो या मॉनसून की विभीषिका में फंसी जिंदगियों को बचाने की चुनौती–स्वास्थ्य विभाग हर मोर्चे पर अग्रिम पंक्ति में खड़ा दिखा। यह कहानी केवल सरकारी उपलब्धियों की सूची नहीं है। यह उन डॉक्टरों, नर्सों, पैरामेडिकल कर्मियों, एंबुलेंस ड्राइवरों और फील्ड स्टाफ की कहानी है, जिन्होंने बर्फ, बारिश, अंधेरे और जोखिम के बीच सेवा को अपना धर्म बनाया।

वर्ष 2025, उत्तराखंड के लिए सिर्फ एक कैलेंडर वर्ष नहीं, बल्कि "हेल्थ हीरो ईयर" बनकर इतिहास में दर्ज हुआ। वर्ष 2025 की चारधाम यात्रा ने नया रिकॉर्ड बनाया। केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री में 47 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। इतनी बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करना किसी सैन्य अभियान से कम नहीं था।

इसी चुनौती को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने यात्रा शुरू होने से पहले ही बहुस्तरीय रणनीति तैयार की। यात्रा से पूर्व 13 भाषाओं में हेल्थ एडवाइजरी जारी की गई, जिसमें हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, डायबिटीज, ऊँचाई से जुड़ी बीमा. रियों और आपात स्थितियों में सावधानियों की जानकारी दी गई।



वर्ष 2025 में उत्तराखंड के स्वास्थ्य विभाग ने जो कार्य किया है, वह केवल प्रशासनिक सफलता नहीं, बल्कि मानवीय सेवा की मिसाल है। चारधाम यात्रा जैसे विशाल आयोजन और प्राकृतिक आपदाओं की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में स्वास्थ्य कर्मियों ने तत्परता, संवेदनशीलता और समर्पण के साथ लाखों श्रद्धालुओं व नागरिकों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित की। दुर्गम भौगोलिक हालात के बावजूद जिस तरह डॉक्टरों, नर्सों, पैरामेडिकल स्टाफ और आपदा राहत दलों ने दिन-रात सेवा दी, वह पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय है...**पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड।**

### मुख्यमंत्री ने नववर्ष की शुभकामनाएं दीं

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समस्त प्रदेशवासियों को नववर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। नववर्ष की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड की अब तक की विकास यात्रा उपलब्धियों से परिपूर्ण रही है। राज्य की विकास यात्रा संघर्ष, समर्पण और प्रगति की एक प्रेरक गाथा को प्रस्तुत करती है।

" चारधाम यात्रा और आपदा प्रबंधन के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती हमारे सतत प्रयासों का परिणाम है। समय पर स्क्रीनिंग, आधुनिक चिकित्सा इकाइयों, प्रशिक्षित मानव संसाधन और मजबूत रेफरल सिस्टम ने सैकड़ों जिंदगियों को बचाया। हमारा लक्ष्य केवल उपचार नहीं, बल्कि रोकथाम और जागरूकता भी है...
**डॉ. धन सिंह रावत, स्वास्थ्य मंत्री**

### आंकड़ों में दिखती सेवा

कुल ओपीडी मरीज: 4,78,189, को-मॉर्बिड ओपीडी: 23,383, दुर्घटना में घायल मरीज: 8,450, इमरजेंसी केस: 51,719, एम्बुलेंस रेफरल: 963, हेलीकॉप्टर रेफरल: 43, मेडिकल काउंसलिंग: 7,376, यात्रा न करने की सलाह: 108, इसके अलावा, यात्रा मार्ग पर 154 एंबुलेंस (82 विभागीय और 72 '108' सेवा से) तैनात रहीं। ऋषिकेश की हेली-एम्बुलेंस ने 43 गंभीर मरीजों को समय रहते उच्च चिकित्सा केंद्रों तक पहुंचाया। '104 हेल्थ हेल्पलाइन' पर 32,242 कॉल्स अटेंड की गईं।

**परीक्षा में खरी उतरी हमारी टीम: डॉ. आर. राजेश कुमार** 2025 स्वास्थ्य विभाग के लिए परीक्षा का वर्ष था और हमारी टीम उस पर खरी उतरी। चारधाम यात्रा हो या आपदाएं, हर स्थिति में 24x7 सेवा देना संभव हुआ। समय पर इलाज से बचीं सैकड़ों जिंदगियां ही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि हैं। यह स्वास्थ्य गाथा बताती है कि जब नीति, नेतृत्व और मानवीय संवेदना एक साथ काम करें, तो हिमालय जैसी चुनौतियाँ भी झुक जाती हैं। आपदाओं के बीच बचाई गई हर सांस सबसे बड़ी उपलब्धि है।

# अवैध खनन पर तिहरा प्रहार 'हिमालय संपदा' भंडारण सस्पेंड



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** खनन विभाग ने विकासनगर क्षेत्र में अवैध खनन और अनियमितताओं के खिलाफ आज एक साथ तीन जगहों पर सख्त कार्रवाई की। जिला खान अधिकारी ऐश्वर्या शाह की निगरानी और सीधे निर्देश पर हुई इन कार्रवाइयों से खनन करने वालों में खलबली मच गई है।

ढकरानी क्षेत्र में 'हिमालय संपदा' नाम से संचालित स्वीकृत उपखनिज भंडारण पर औचक निरीक्षण किया गया। जांच में अनियमितताएं पाए जाने पर ऐश्वर्या शाह के आदेश पर भंडारण का ई-रवन्ना पोर्टल तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया। अब यहां से कोई खनिज सामग्री बाहर नहीं निकल सकेगी। ढालीपुर में हिमाचल प्रदेश से चोरी-छिपे उत्तराखंड में खनिज लाने वाला गुप्त रास्ता चिह्नित किया गया। ऐश्वर्या शाह के निर्देश पर टीम ने जेसीबी मंगवाई और पूरे रास्ते को खोदकर गहरी खाई बना दी। इस कदम से अंतरराज्यीय अवैध तस्करी को बड़ा झटका लगा है। टीम में आशीष कुमाई, कुबेर सलाल, आशीष गुप्ता, चालक संदीप तथा उमराव भंडारी सहित अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

एक ही दिन मेंये कार्रवाइयां साफ दर्शाती हैं कि अवैध खनन, अनियमित भंडारण और सीमा पार तस्करी पर विभाग की नजर अब और पैनी हो गई है। माफियाओं के लिए मुश्किलें बढ़ रही हैं और यह अभियान आगे भी इसी रफ्तार से जारी रहने के संकेत दे रहा है।

# मनाव सेवा ही पहला धर्म: राम सिंह महाराज

- निर्मल अस्पताल में उन्नत ब्रोंकोस्कोपी मशीन का हुआ लोकार्पण
- सस्ती दरों पर श्वास रोगियों को अस्पताल में मिल सकेगा बेहतर उपचार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ऋषिकेश।** निर्मल आश्रम अस्पताल ने चिकित्सा सेवाओं का विस्तार करते हुए उन्नत तकनीक वाली आत्याधुनिक ब्रोंकोस्कोपी मशीन का लोकापर्ण हुआ। मशीन का उद्घाटन निर्मल आश्रम के महंत बाबा राम सिंह महाराज ने किया। एम्स के बाद यह सुविधा सिर्फ निर्मल आश्रम अस्पताल में ही उपलब्ध होगी।

इस मौके पर महंत बाबा राम सिंह महाराज ने कहा कि किसी भी अस्वस्थ को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाना मानव सेवा का अभिन्न अंग है। ऐसा करने से इंसान को आत्मिक शान्ति प्राप्त होती है। इस दौरान संत जोध सिंह महाराज ने चिकित्सा एवं शिक्षा के क्षेत्र में निर्मल आश्रम की ओर से चल रहे जन कल्याणकारी कार्यों को जारी रखने का आश्वासन दिया।

अस्पताल चिकित्सा निदेशक डा. अजय शर्मा ने कहा कि ब्रोंकोस्कोपी श्वास रोगियों की एक सुरक्षित और आधुनिक जांच है। उन्होंने यह भी बताया कि यह जांच बाजार से रियायती दरों पर अनुभवी श्वास रोग विशेषज्ञों द्वारा की जाएगी। श्वास रोग विशेषज्ञ डा. अखलेश ने बताया कि इसमें एक पतली कैमरा नली के माध्यम से फेफड़ों व श्वास नलियों की जांच की जाती है।

लंबे समय से खांसी, बलगम में खून, टीबी या फेफड़ों के संक्रमण की जांच, फेफड़ों में गांठ या कैंसर की जांच, बिना कारण सांस फूलना, श्वास नली में जमी गंदगी या फॉरेन बॉडी निकालना जैसी स्थितियों में यह जांच की जाती है। इस मौके पर अस्पातल चिकित्सा निदेशक डा. अजय शर्मा, डा. मो. शोएब, डा. अखलेश, डा. अमित अग्रवाल, डा. जगमोहन सिंह राणा, डा. अश्वनी कंडारी, डा, हेमंत कपरूवान, करमजीत सिंह, प्रदीप बक्शी मौजूद रहे।

# पीपलकोटी दुर्घटना के मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** जिलाधिकारी गौरव कुमार एवं पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार ने पीपलकोटी स्थित निर्माणाधीन टीएचडीसी विष्णुगाडख्रपीपलकोटी जल विद्युत परियोजना की टीबीएम साइट पर घटित घटना के उपरांत मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने टीएचडीसी एवं एचसीसी के अधिकारियों से घटना की विस्तृत जानकारी ली तथा भविष्य में ऐसी किसी भी घटना की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए सभी आवश्यक सुरक्षा मानकों को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने टीएचडीसी के अधिकारियों के साथ सुरंग के भीतर घटनास्थल का भी निरीक्षण किया और लोको ट्रेनों की आपसी टक्कर की मजिस्ट्रेटीय जांच के आदेश दिये। साथ ही महाप्रबंधक टीएचडीसी को श्रमिकों की सुरक्षा हेतु आवश्यक तकनीकी एवं मानवीय सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। जिलाधिकारी ने कार्यस्थल पर श्रमिकों की एंट्री एवं एग्जिट रजिस्टर का भी निरीक्षण किया और उसे अद्यतन रखने के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि बीती रात शिफ्ट परिवर्तन के दौरान सुरंग के भीतर श्रमिकों को लाने-ले जाने वाली दो लोको ट्रेनों की आपस में टक्कर हो गई थी। उस समय सुरंग के भीतर कुल 109 श्रमिक मौजूद थे। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग एवं परियोजना प्रबंधन द्वारा त्वरित राहत एवं बचाव कार्य किया गया। इस अवसर पर टीएचडीसी के महाप्रबंधक अजय वर्मा, के.पी. सिंह, एसडीएम आर.के. पाण्डेय, पुलिस उपाधीक्षक मदन सिंह बिष्ट आदि उपस्थित रहे।

# हाउस ऑफ हिमालयाज की बोर्ड बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में हाउस ऑफ हिमालयाज की 6वीं बोर्ड बैठक आयोजित हुयी। बैठक के दौरान अध्यक्ष श्री आनन्द बर्द्धन एवं निद. ेशक मंडल द्वारा विभिन्न प्रस्तावों को स्वीकृति दी गयी। अपर सचिव एवं एमडी सुश्री झरना कमठान ने हाउस ऑफ हिमालयाज की अब तक की प्रगति की विस्तृत जानकारी दी।

मुख्य सचिव ने कहा कि हाउस ऑफ हिमालयाज से अधिक से अधिक क्लस्टर लेवल फेडरेशन्स एवं स्वयं सहायता समूहों को जोड़ कर हाउस ऑफ हिमालयाज में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने क्लस्टर लेवल फेडरेशन्स और स्वयं सहायता समूहों को और अधिक मजबूत किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि सीएलएफ एवं स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों का भुगतान को प्राथमिकता पर लेते हुए उनका भुगतान शीघ्र से शीघ्र किया जाए।



उत्पादों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए जीआई टैगिंग और जैविक प्रमाणीकरण के महत्त्व पर बल देते हुए उन्होंने जीआई टैगिंग और जैविक प्रमाणीकरण की दिशा में कार्य किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही, उत्पादों के एमआरपी निर्धारित किए जाने के लिए मैकेनिज्म तैयार किए जाने की भी बात कही।

मुख्य सचिव ने हाउस ऑफ हिमालयाज को अपने वेयरहाउस और स्टोरेज क्षमता बढ़ाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हाउस ऑफ हिमालयाज का वेयरहाउस गढ़वाल एवं कुमाऊं के साथ ही, एक बड़ा वेयरहाउस हब राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली एवं एनसीआर में भी होना चाहिए। इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

मुख्य सचिव ने रॉ मैटीरियल एवं उत्पादों के लिए सगन्ध पौधा केन्द्र एवं दून सिल्क फेडरेशन के साथ शीघ्र एमओयू किए जाने की बात भी कही। उन्होंने एयरपोर्ट्स एवं मैट्रो स्टेशनों में आउटलेट्स बढ़ाए जाने के साथ ही अलग-अलग राज्यों में बन रहे यूनिटी मॉल्स में हाउस ऑफ हिमालयाज के उत्पादों के लिए आउटलेट्स स्थापित किए जाने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि आउटलेट्स को उत्पाद बिक्री के लक्ष्य प्रदान किए जाएं। साथ ही अच्छा कर रहे आउटलेट्स को इंसेटिव भी प्रदान किया जाए, ताकि बाकी आउटलेट कर्मी भी प्रेरित हों।

इस अवसर पर पूर्व मुख्य सचिव इंदु कुमार पाण्डेय, पूर्व निदेशक एलबीएसएनएए राजीव चोपड़ा, सचिव धीराज सिंह गर्ब्याल, अपर सचिव हिमांशु खुराना सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित है।

# बाल आयोग अध्यक्ष ने की निजी विद्यालयों के मामलों की सुनवाई



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना ने निजी विद्यालयों से संबंधित मामलों की सुनवाई की।

ब्राइट लैंड्स विद्यालय के एक छात्र का प्रकरण आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें छात्र की जबरन टी.सी. (स्थानांतरण प्रमाण पत्र) निर्गत की गई थी। साथ ही शुल्क वापसी के संबंध में विद्यालय द्वारा आयोग के पूर्व आदेशों का अनुपालन नहीं किया गया था। आयोग की अग्रिम कार्यवाही के क्रम में छात्र की शुल्क वापसी कराई गई व विद्यालय प्रबंधन ने आयोग को लिखित माफीनामा भी प्रेषित किया।

कैम्ब्रियन हॉल विद्यालय से संबंधित जमीनी विवाद एवं विभिन्न पक्षों की शिकायतों पर सुनवाई की गई। आयोग ने पारदर्शी प्रक्रिया में पाया कि वर्तमान में विद्यालय बिना वैध लीज के संचालित है तथा संबंधित सोसायटी का पंजीकरण अभी लंबित है। दोनों पक्षों द्वारा ट्रस्ट की शेष भूमि की खरीद-फरोख्त से जुड़े तथ्य प्रस्तुत किए गए, जिस पर आयोग ने इसे अपनी कार्य-सीमा से बाहर बताते हुए सुनने से इंकार किया।

सोसायटी के रजिस्ट्रार को पत्र एवं दूरभाष के माध्यम से निर्देशित किया गया कि वे एनओसी की प्रक्रिया, सोसायटी से जुड़े निर्देशों तथा अपना वक्तव्य प्रस्तुत करें। क्योंकि नो-मैन्स-लैंड पर विद्यालय संचालन की एनओसी निर्गत नहीं की जा सकती। विद्यालय को अपने सभी दस्तावेज प्रस्तुत कर उन्हें सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। साथ ही शिक्षा विभाग से यह स्पष्ट करने को कहा गया कि भूमि की वैधता एवं सोसायटी पंजीकरण के बिना तथा भूमि अभिलेखों की जांच किए बिना एनओसी कैसे निर्गत की गई।

कॉन्वेंट ऑफ जीसस एंड मैरी विद्यालय में एक बालिका के साथ अपमानजनक व्यवहार एवं उसकी अस्मिता पर व्यक्तिगत आघात का मामला सामने आया। इस प्रकरण में प्रधानाचार्य सुनवाई में उपस्थित नहीं हुईं। बीईओ के कार्यालय से आए अधिकारियों को 17 जनवरी को अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। चूंकि बालिका की कक्षा 12 की परीक्षा है, इसलिए उसकी पढ़ाई में व्यवधान न हो, इसके लिए उसे वीडियो कॉलिंग के माध्यम से सुनवाई से जोड़ने का निर्देश दिया गया।

लूसेंट विद्यालय का मामला, जिसमें पूर्व वर्षों में बिना पंजीकरण के छात्रों को धोखे से रखा गया था, पर भी सुनवाई हुई। उच्च न्यायालय की सहायता से कुछ छात्रों को परीक्षा देने की अनुमति दिलाई गई थी। इसके बावजूद शिक्षा विभाग द्वारा बार बार पूछे जाने पर भी विधालय से कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ, न ही प्रबंधन समिति उपस्थित हुई। शिक्षा विभाग की रिपोर्ट के आधार पर आयोग ने एनओसी को समाप्त करने के आदेश जारी किए हैं, तथा इसी संबंध में बीईओ को आयोग द्वारा निर्देशित किया कि विधालय के बाहर बोर्ड लगाया जाये जिससे अभिवावकों को पता चल सके। मदरसा जामिया इस्ताफतिमातुज्जहारा की सुनवाई के क्रम में मंगलवार को वहाँ की प्रबंधन समिति एवं अध्यापकगण सभी संबंधित अभिलेखों सहित सुनवाई में उपस्थित हुए। प्रस्तुत किए गए सभी दस्तावेजों के संतोषजनक पाए जाने पर उनके प्रकरण को निस्तारित कर दिया गया।

# गैरोला ने जारी किया नवंबर माह का कार्मिक प्रतिवेदन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उपाध्यक्ष (बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति उत्तराखंड सरकार) ज्योति प्रसाद गैरोला ने प्रगति प्रतिवेदन नवंबर माह का कार्मिक प्रतिवेदन जारी किया। ज्योति प्रसाद गैरोला ने बताया कि बीस सूत्रीय कार्यक्रम में प्रत्येक माह का रिपोर्ट पत्र जारी किया जाता है जिसमें सभी जिलों के कार्यों की प्रगति रिपोर्ट सूचीबद्ध की जाती है। इस बार नवंबर माह में चंपावत जिला प्रथम स्थान बागेश्वर जिला द्वितीय स्थान व उधम सिंह नगर तृतीय स्थान पर रहे हैं मैं सभी जिलों को शुभकामनाएं देता हूं कि आपकी कार्यशैली के अनुसार यह रैंक प्राप्त कर चुके हैं। प्रदेश के युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लगातार योजनाओं के माध्यम से प्रदेश का चौमुखी विकास कर रहे हैं हम सबको भी उनकी कार्यशैली को देखते हुए जिला अनुसार कार्य को प्रगति देनी है।

# कांग्रेस ने प्रदेशभर में दीपक जला कर मांगा अंकिता के लिए न्याय

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी की और से उत्तराखंड की बेटी अंकिता भण्डारी हत्याकांड में वीआईपी के नाम का खुलासा होने पर हत्याकांड की जांच सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश की देखरेख में सीबीआई से कराये जाने की मांग को लेकर प्रदेशभर में सीबीआई जांच की मांग पूरी होने तक चलाये जा रहे व्यापक अभियान के तहत बुधवार को प्रदेशभर के जिला/महानगर/ब्लाक, नगर/मंडल मुख्यालय एवं ग्राम स्तर पर दीपक जला कर न्याय मांगा गया।

प्रदेश की राजधानी देहरादून में कांग्रेसजनों की और स दियों के साथ प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन से घंटा घर तक पैदल मार्च निकाला गया तथा घंटाघर में सैकडों दीपक जलाकर अंकिता भंडारी को श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस वक्ताओं ने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड में भाजपा के पूर्व विधायक की पत्नी द्वारा हत्याकांड में शामिल वीआईपी का नाम उजागर किया गया है, रिसार्ट पर स्थानीय विधायक रेणु बिष्ट के इशारे पर बुल्डोजर की कार्रवाई किये जाने का भी खुलासा हुआ है परन्तु प्रदेश की सरकार सीबीआई जांच कराने से कतरा रही है। अंकिता भंडारी हत्याकांड में हुए खुलासे से साबित हो गया है कि भाजपा सरकारों का बेटी बचाओ-बेटी पढाओ का नारा खोखला साबित हुआ है।



कार्यक्रम में चुनाव प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष डॉ. हरक सिंह रावत, प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकान्त धस्माना, राजेन्द्र सिंह भण्डारी, राजेन्द्र शाह, राजीव महर्षि, ज्योति रौतेला, डॉ. जसविन्दर सिंह गोगी, कर्नल राम रतन नेगी, अभिनव थापर, लालचन्द शर्मा, सावित्री थापा, मदन लाल, शिवानी थपलियाल मिश्रा, रॉबिन त्यागी, मधुसूदन सुन्द्रियाल, अमरजीत सिंह आदि मौजूद थे।

# चकराता विकासखंड में कनिष्ठ सहायकों की कमी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** विकासखंड चकराता में पंचायत कार्यों के सुचारू संचालन को लेकर ग्राम पंचायत डेरियों के प्रधान सुरेंद्र सिंह चौहान ने मुख्य विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर अतिरिक्त कनिष्ठ सहायकों की तैनाती की मांग की है। ज्ञापन में पंचायत विभाग में कर्मचारियों की गंभीर कमी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया है।

प्रधान सुरेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि विकासखंड चकराता के अंतर्गत कुल 117 ग्राम पंचायतें हैं, जबकि वर्तमान में पंचायत विभाग में मात्र एक ही कनिष्ठ सहायक कार्यरत है। पंचायतों से जुड़े प्रशास. निक कार्यों तथा विकास योजनाओं के प्राक्कलन तैयार करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि कार्यभार अत्यधिक होने से न केवल पंचायतों का काम प्रभावित हो रहा है, बल्कि जनप्रतिनिधियों में भी असंतोष बढ़ता जा रहा है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि विकासखंड चकराता में कम से कम तीन अतिरिक्त कनिष्ठ सहायकों की शीघ्र तैनाती की जाए, ताकि पंचायतों के कार्य समयबद्ध ढंग से पूरे हो सकें। प्रधान ने मुख्य विकास अधिकारी से इस मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की मांगों के लिए सुप्रीम कोर्ट में केस अति शीघ्र होगा दर्ज: अंसारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** सामाजिक कार्यकर्ता यामीन अंसारी ने अखिल भारतीय आंगनबाड़ी ऐम्पलाईज फैडरेशन के केंद्रीय पदाधिकारीयों राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशीला खत्री, राष्ट्रीय संयोजक बालमुकुंद सिन्हा, राष्ट्रीय महामंत्री सावित्री चौधरी, राष्ट्रीय प्रवक्ता आसमीन खातून, राष्ट्रीय सचिव प्रभावती को साथ लेकर सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता दीपक कंसल से मुलाकात कर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के हितों के लिए बात की। सामाजिक कार्यकर्ता यामीन अंसारी ने उत्तराखंड में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मांगों के लिए केस दायर करने के लिए दीपक कंसल को सहमत कर लिया है और अतिशीघ्र जनवरी माह में ही सुप्रीम कोर्ट में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मांगों के लिए केस दायर कर दिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता ने सुप्रीम कोर्ट में केस दायर करने के लिए अपनी सहमति दी है। इसके लिए मैं सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता श्री दीपक कंसल जी का दिल की गहराई से आभार व्यक्त करता हूं और साथ ही अपनी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की कोर कमेटी के सक्रिय सभी पदाधिकारियों का भी दिल की गहराई से आभार व्यक्त करता हूं उन्होंने पूरी तरह से पूरा समय दिया है। प्रतिनिधि मंडल में मुहम्मद यामीन अंसारी के साथ सुशीला खत्री, बालमुकुंद सिन्हा, आस्मीन खातून, सावित्री चौधरी, प्रभावती शामिल रहे।

# प्रज्ञा और अभिषेक ने पार की सेना की डगर, बनेंगे अधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** सफलता की इबारत वही लिखते हैं जिनके सपनों में जान और इरादों में अनुशासन होता है। शहर के प्रतिष्ठित संस्थान श्ड्रीमर्स एजु हबश के दो होनहार सितारों ने भारतीय सशस्त्र बलों की कठिन चयन प्रक्रिया में सफलता का परचम लहराकर इस बात को सच कर दिखाया है। प्रज्ञा कुलश्रेष्ठ और अभिषेक दुबे ने देश की रक्षा सेवा में चयनित होकर न केवल अपने माता-पिता, बल्कि संस्थान और जिले का नाम भी रोशन किया है। चयन बोर्ड के समक्ष अपनी स्पष्ट सोच और मानसिक दृढ़ता का परिचय देते हुए प्रज्ञा ने साबित किया कि मेहनत और आत्मविश्वास का कोई विकल्प नहीं है।

**थल सेना में नेतृत्व करेंगे अभिषेक**

वहीं, अभिषेक दुबे ने सीडीएस एंट्री के जरिए 18 एसएसबी (प्रयागराज) से सफलता प्राप्त की। मनोवैज्ञानिक परीक्षणों और चुनौतीपूर्ण कार्यों में अभिषेक की टीम भावना और सकारात्मक दृष्टिकोण ने चयनकर्ताओं को खासा प्रभावित किया। उनकी यह उपलब्धि उनके अटूट समर्पण का परिणाम है।



**संस्थान का मार्गदर्शन और अटूट विश्वास**

इस दोहरी सफलता पर ड्रीमर्स एजु हब के संस्थापक हरिओम चौधरी एवं सह-संस्थापिका अंकिता तनेजा ने हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रज्ञा और अभिषेक की सफलता उनके शांत स्वभाव, सकारात्मक सोच और कभी हार न मानने वाले जज्बे की जीत है। इन दोनों में पहले दिन से ही ऑफिसर बनने के गुण मौजूद थे, जिन्हें सही प्रशिक्षण और निष्ठा ने निखारने का काम किया।

**सफलता का मंत्र: अनुशासन और सही दिशा**

दोनों सफल अभ्यर्थियों ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता के आशीर्वाद और श्ड्रीमर्स एजु हबश की अनुभवी टीम के सटीक मार्गदर्शन को दिया। संस्थान के मेंटर्स ने विद्यार्थियों को न केवल लिखित परीक्षा बल्कि शारीरिक और मानसिक रूप से भी तैयार किया, जो इस सफलता की नींव बना।

प्रेरणा स्रोत: प्रज्ञा और अभिषेक की यह जीत उन हजारों युवाओं के लिए एक मशाल का काम करेगी, जो वर्दी पहनकर राष्ट्र सेवा का सपना देख रहे हैं।

शाह टाइम्स


सम्पादकीय

गुरुवार, 1 जनवरी 2026

# अब चीन का दावा

गत मई में भारत–पाक के बीच छिड़े सैन्य संघर्ष के दावों में अब चीन का नाम भी जुड़ गया है। बीजिंग में आयोजित कार्यक्रम में चीन विदेश मंत्री वांग यी ने यह दावा करते हुए कहा कि चीन दुनिया के कई संघर्षों को सुलझाने में मदद करता रहा है और उसी कोशिश के चलते ही उसने भारत–पाक के बीच तनाव के दौरान ही मध्यस्थता की थी। इससे पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प यह दावा करते रहे हैं कि उनकी टैरिफ की धमकी के चलते ही भारत–पाक युद्ध रोकने पर सहमत हुए थे। जहां तक बात भारत की है, अमेरिकी राष्ट्रपति की तरह चीनी विदेश मंत्री के इस दावे को भी खारिज कर दिया है। भारत ने साफ कहा है कि संघर्ष को रुकवाने में किसी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं है। भारत के मुताबिक भारी नुकसान होने के बाद पाक के सैन्य अधिकारी ने भारतीय सैन्य अधिकारी से संपर्क किया था। पाक के डायरेक्टर जनरल ऑफ मिल्ट्री ऑपरेशन्स ने भारतीय डीजीएमओ से बात की और इसके बाद ही दोनों देशों में दस मई से जमीन, हवा और समुद्र में सभी तरह की सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनाई। नवंबर में जारी अमे. रिकी रिपोर्ट में भी यह आरोप लगाया गया था कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद चीन ने गलत जानकारी फैलाने की कोशिश की थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि सोशल मीडिया पर चीन ने फर्जी अकाउंट के जरिये एआई से बनाई झूठी तस्वीरें फैलाई, जिनका मकसद भारत द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे फ्रांस के राफेल लड़ाकू विमानों की छवि को नुकसान पहुंचाना और चीन के अपने जे 35 विमान को बढ़ावा देना था। समझना मुश्किल है कि आखिर अमेरिकी राष्ट्रपति हों या चीनी विदेश मंत्री इस तरह के दावे कर क्या साबित करना चाहते हैं। वह भी बार–बार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को तो ठीक से याद भी नहीं होगा कि वह कितनी बार अपने देश के बाहर भी जहां भी अवसर मिलता है वह यह दावा करने से भी नहीं चूकते। अब चीन भी शांति का दूत बनकर सामने आने का प्रयास कर रहा है। वैसे देखा जाए तो भारत के लिए भी यह भी एक बड़ा सबक है कि आखिर उसके साथ इस तरह की हरकतें क्यों की जा रही हैं। वह भी तब जब भारत स्पष्ट रूप से साफ कह चुका है कि किसी ने भी भारत–पाक के बीच संघर्ष रुकवाने में कोई हस्तक्षेप नहीं किया। इसमें कोई दोराय नहीं है कि भारत को ऑपरेशन सिंदूर के चलते जबरदस्त सफलता मिली और उसने पाक के 11 एयरबेसों को नुकसान पहुंचाया, लेकिन यह तो मानना ही पड़ेगा कि कहीं न कहीं राजनीतिक व कूटनीतिक स्तर पर हमसे चूक हुई है और हम अपनी बात को विश्व स्तर पर सही तरीके से नहीं रख पाए हैं, जिससे अमेरिका व चीन जैसे देशों को भारत के मामलों में बोलने का अवसर मिल गया है और वह बोल भी रहे हैं। अब यह कूटनीति की विफलता ही कहा जाएगा कि भारत पाक के बीच संघर्ष विराम की खबर सबसे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति के माध्यम से ही आई थी।


## मोदी की चुप्पी परेशान करने वाली



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बाद अब चीन दावा कर रहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच इस साल हुए सैन्य कार्रवाई में उसकी मध्यस्थता से अचानक ऑपरेशन सिन्दूर रोका गया था, सैन्य कार्रवाई रोकने को लेकर सरकार ने जो कुछ बताया ये दावे उसके विपरीत हैं और इस तरह के दावे देश की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठाते हैं, इसलिए प्रधानमंत्री मोदी को इसका जवाब देना चाहिए, ट्रम्प पहले ही बार– बार दावे कर रहे हैं कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान पर आयात शुल्क का डर दिखाकर कर भारत–पाक के बीच संघर्ष को रुकवाया था और अब चीन भी दावा कर रहा है, इस पर श्री मोदी की चुप्पी परेशान करने वाली है।

**–जयराम रमेश, प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग**

# देश को कहां ले जाएंगे ये नफरती संस्कार



निर्मल रानी



उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में गत 9 दिसंबर को कुछ स्थानीय युवकों द्वारा अगरतला त्रिपुरा के निवासी 24 वर्षीय एंजेल चकमा नामक एक छात्र पर जानलेवा हमला किया गया। हमले के बाद 17 दिनों तक अस्पताल में इलाजरत रहने के बाद गत 26 दिसम्बर को आखिरकार उसकी मृत्यु हो गई। चकमा, देहरादून स्थित एक निजी विश्वविद्यालय में एमबीए अंतिम वर्ष के छात्र थे। खबरों के अनुसार देहरादून में एंजेल चकमा की मौत एक कथित नस्लीय हमले के कारण हुई। बताया जाता है कि 9 दिसम्बर को जब एंजेल और उनके 21 वर्षीय छोटे भाई माइकल चकमा पास के सेलाकुई इलाके में किराने का सामान खरीदने गए थे उसी समय उनके चेहरों को देखकर हमलावरों ने उन्हें नस्ली गालियां दीं। बताया जाता है कि घटनास्थल पर करीब छह लोगों का एक समूह, जो पास में ही पहले से किसी के जन्मदिन का जश्न मना रहा था, ने उन्हें रोक लिया। हमलावरों ने उन पर नस्ली टिप्पणियां करते हुए उनपर चिंकी, चीनी और मोमो जैसी टिप्पणी की। जबकि एक आरोपी ने कहा कि ओए चीनी, क्या मांस खरीदने आए हो? माइकल ने इसका विरोध किया, तो एक आरोपी ने उन्हें ब्रेसलेट से सिर पर मारा। एंजेल ने अपने भाई की रक्षा करने की कोशिश की और शांतिपूर्वक कहा, हम चीनी नहीं हैं। हम भारतीय हैं। क्या प्रमाण–पत्र दिखाएं कि हम भारतीय हैं, लेकिन नफरती संस्कारों में डूबे गुंडों के इस समूह ने हिंसक रूप से उन पर हमला कर दिया। यज्ञ अवस्थी नामक मुख्य आरोपी ने एंजेल की गर्दन और पीठ पर तेज हथियार से वार किया, जिससे वे गिर पड़े। माइकल भी घायल हुए, लेकिन उन्होंने एंजेल को पास के अस्पताल पहुंचाया। एंजेल की हालत गंभीर थी। उनकी गर्दन और स्पाइन में गहरी चोटें थीं। आखिरकार वे कभी पूर्ण चेतना में वापस नहीं आए और नफरत के सौदागरों ने एक होनहार भारतीय छात्र की हत्या कर उसके परिवार को अंधकार में धकेल दिया। निश्चित रूप से इस घटना ने उत्तर–पूर्वी राज्यों के छात्रों के खिलाफ उपजी नस्लवाद की समस्या को फिर से उजागर कर दिया है। इस घटना को लेकर त्रिपुरा सहित देश के विभिन्न राज्यों व शहरों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए हैं।

हालांकि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी राज्य के विकास को लेकर तरह तरह की बातें करते रहते हैं, परन्तु हकीकत यही है कि गत कुछ वर्षों में इसी देव भूमि में सत्ता संरक्षित धर्म जाति आधारित नफरती घटनाओं में भी काफी बढ़ोतरी हुई है। उदाहरण के तौर पर अक्टूबर 2023 में उत्तराखंड के पुरोला कस्बे में एक 14 वर्षीय लड़की के अपहरण के बाद श्लव जिहादश का आरोप लगाकर हिंदू–मुस्लिम दंगे भड़काए गए। मुस्लिम मकानों व दुकानों पर लक्षित हमले किए गए, कई परिवार शहर छोड़कर भागने को मजबूर हुए। इसी तरह हल्द्वानी में 2024 की बनभूलपुरा में अवैध मदरसे और मस्जिद के विध्वंस पर पथराव, आगजनी और पेट्रोल बम फेंके जाने की घटना सबसे प्रमुख रही, जहां 6 लोगों की मौतें हुईं। 2025 में भी कश्मीरपुर और हल्द्वानी में साम्प्रदायिक तनाव देखा गया। राज्य में दलितों के विरुद्ध भी अनेक घटनाएं होती रहती हैं। परन्तु समाज में धर्म जाति व क्षेत्र के नाम पर बढ़ती नफरतों के बीच इस राज्य को श्देव् भूमिश के रूप में भी प्रचारित किया जाता है।

सवाल यह है कि उत्तराखंड जैसे शांतिप्रिय राज्य सहित देश के अन्य विभिन्न राज्यों में इस तरह के नफरत व हिंसा पैदा करने वाले हालात क्या अचानक पैदा हुए हैं या सत्ता के संरक्षण में इन नफरती संस्कारों को पोषित किया जा रहा है? उत्तराखंड की घटना के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू द्वारा दिए गए बयान से यह काफी कुछ स्पष्ट हो जाता है। केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा की हत्या पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि श्पूर्वोत्तर के लोगों के खिलाफ ऐसी घटनाएं अलग–थलग नहीं हैं और समाज को भेदभाव रोकने के लिए एकजुट होना चाहिए। हम लोगों को इसके खिलाफ आवाज उठानी होगी। हमें मिलकर भेदभाव को रोकना होगा। भारत के किसी भी हिस्से के लोगों को हर जगह सुरक्षित महसूस करना चाहिए। उनकी मृत्यु बेहद दुखद हैश। किरेन रिजिजू ने यह भी कहा कि श्देहरादून में एंजेल चकमा और उनके भाई माइकल के साथ जो हुआ, वह एक भयावह घृणा अपराध हैश। उन्होंने आगे यह भी कहा कि ऐसी नफरत रातों रात पैदा नहीं होती। वर्षों से इसे रोजाना, खासकर हमारे युवाओं को, जहरीली सामग्री और गैर–जिम्मेदाराना खबरों के माध्यम से बढ़ावा दिया जा रहा है। किसी का भी मजाक नहीं उड़ाया जाना चाहिए। कोई भी घटना देश के लिए दुखद घटना होती है। अगर देश में ऐसी कोई भी घटना होती है तो पूरे समाज को मिलकर उसके खिलाफ लड़ना चाहिए। वहीं, राहुल गांधी ने भी इस मुद्दे पर अपनी टिप्पणी में कहा कि हम प्रेम और विविधता का देश हैं। हमें ऐसा समाज नहीं बनना चाहिए जो साथी भारतीयों को निशाना बनाए जाने पर अनदेखी करे। हमें यह सोचने और सामना करने की जरूरत है कि हम अपने देश को क्या बनने दे रहे हैं ? अफसोस की बात तो यह कि केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू द्वारा उत्तराखंड की घटना के बाद व्यक्त किए गए विचार उस समय सामने आए जब उनके अपने पूर्वोत्तर राज्य त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा की नस्लवादी नफरती लोगों द्वारा हत्या कर दी गई ? जबकि लगभग एक दशक से देश में जगह जगह अल्पसंख्यकों, दलितों व पिछड़े वर्ग के लोगों को निशाना बनाया जाता रहा है। लिंचिंग की घटनाएं घटित हो रही हैं। जगह जगह उन्मादी भीड़ पुलिस की शह पर वर्ग विशेष के लोगों को निशाना बनाती रही है। जगह–जगह उकसाऊ भाषण हो रहे हैं। कहीं हथियार बांटे जा रहे हैं। तो कहीं संवैधानिक पदों पर बैठे लोग स्वयं अपने जहरीले बोलों से समाज में हिंसा व नफरत बढ़ा रहे हैं। नि:संदेह गोदी मीडिया भी इस नफरती वातावरण को और भी जहरीला बना रहा है। ऐसे में रिजिजू की चिंताओं के अनुसार भारत के किसी भी हिस्से के लोगों का स्वयं को हर जगह सुरक्षित महसूस करना कहां संभव हो पा रहा है? इस समय देश के समक्ष सबसे बड़ी चिंता इस बात की है कि आखिर देश को कहां ले जाएंगे ये नफरती संस्कार?

**भारत के किसी भी हिस्से के लोगों को हर जगह सुरक्षित महसूस करना चाहिए। उनकी मृत्यु बेहद दुखद हैश। किरेन रिजिजू ने यह भी कहा कि श्देहरादून में एंजेल चकमा और उनके भाई माइकल के साथ जो हुआ, वह एक भयावह घृणा अपराध हैश। उन्होंने आगे यह भी कहा कि ऐसी नफरत रातों रात पैदा नहीं होती। वर्षों से इसे रोजाना, खासकर हमारे युवाओं को, जहरीली सामग्री और गैर –जिम्मेदाराना खबरों के माध्यम से बढ़ावा दिया जा रहा है। किसी का भी मजाक नहीं उड़ाया जाना चाहिए। कोई भी घटना देश के लिए दुखद घटना होती है। अगर देश में ऐसी कोई भी घटना होती है तो पूरे समाज को मिलकर उसके खिलाफ लड़ना चाहिए।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मनुष्य की गतिविधियां जीवों पर संकट

शार्क और रे की 24 से 31 प्रजातियों पर विलुप्ति का संकट मंडरा रहा है जबकि शार्क की तीन प्रजातियां संकटग्रस्त श्रेणी में आ गई है। शोधकर्ताओं ने चिंता जताई है कि हिंद महासागर में वर्ष 1970 के बाद शॉर्क और रे की संख्या लगातार कम हो रही है। यहां तक कि अब तक इनकी आबादी में कुल 84.7 फीसदी तक की कमी आ चुकी है। सिमोन फ्रेजर यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटी ऑफ एक्सेटर के वैज्ञानिकों ने अपने अध्ययन से पता लगाया कि हिंद महा. सागर में वर्ष 1970 से अब तक मत्स्याखेट का दबाव 18 गुना बढ़ गया है जिसके कारण निश्चित ही समुद्र के पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रभाव पड़ा है और कई जीव विलुप्त हो रहे हैं। अधिक मात्रा में मछली पकड़े जाने से न केवल शार्क बल्कि रे मछलियों पर भी विलुप्ति का खतरा बढ़ गया है।

मानवीय गतिविधियां समस्त जीव–जंतुओं के लिए संकट उत्पन्न कर रही हैं। समुद्री जीवों के शिकार व इंसानों द्वारा फैलाए गए प्रदूषण के कारण समुद्र के तापमानन में भी वृद्धि हुई है। नतीजतन समुद्री जीवों की कई प्रजातियां समाप्ति की ओर बढ़ रही हैं। वर्ष 2019 में नेचर पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार वैज्ञानिकों ने दो अलग–अलग वातावरण में शार्क की एक प्रजाति की वृद्धि और उनकी शारीरिक स्थिति की तुलना करके पाया था कि बड़े आकार की रीफ शार्क के शिशुओं का विकास कम हो रहा है। शार्क अपने वातावरण में हो रहे परिवर्तनों के साथ तालमेल नहीं बिठा पा रही हैं। नेचर साइंटिफिक रिपोर्ट में छपे एक शोध से पता चला है कि समुद्री तापमान में होने वाले परिवर्तन के कारण शार्क के बच्चे समय से पहले ही जन्म ले रहे हैं, साथ ही उनमें पोषण की कमी भी देखी गई है। इस कारण से उनका जिंदा रहना चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है एवं वे दुबले–पतले बौने रह जाते हैं।

वर्ष 2013 में डलहौजी यूनिवर्सिटी द्वारा किए एक शोध के अनुसार हर साल करीब 10 करोड़ शार्क को मार दिया जाता है। अनुमान है कि यह दुनिया भर में शार्क का करीब 7.9 फीसदी है। वर्ष 2016 में भारत को सबसे अधिक शार्क का शिकार करने वाला देश घोषित किया गया था। शार्क और रे की 24 से 31 प्रजातियों पर विलुप्ति का संकट मंडरा रहा है जबकि शार्क की तीन प्रजातियां संकटग्रस्त श्रेणी में आ गई है। शोधकर्ताओं ने चिंता जताई है कि हिंद महासागर में वर्ष 1970 के बाद शॉर्क और रे की संख्या लगातार कम हो रही है। यहां तक कि अब तक इनकी आबादी में कुल 84.7 फीसदी तक की कमी आ चुकी है। सिमोन फ्रेजर यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटी ऑफ एक्सेटर के वैज्ञानिकों ने अपने अध्ययन से पता लगाया कि हिंद महासागर में वर्ष 1970 से अब तक मत्स्याखेट का दबाव 18 गुना बढ़ गया है जिसके कारण निश्चित ही समुद्र के पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रभाव पड़ा है और कई जीव विलुप्त हो रहे हैं। अधिक मात्रा में मछली पकड़े जाने से न केवल शार्क बल्कि रे मछलियों पर भी विलुप्ति का खतरा बढ़ गया है। दरअसल शार्क शिशुओं को प्रजनन करने लायक होने में सालों लग जाते हैं। अपने जीवन काल में यह कुछ ही बच्चों को जन्म दे पाते हैं। ऐसे में अत्यधिक मात्रा में इन्हें पकड़े जाने से स्वाभाविक रूप से इनकी आबादी में गिरावट आ रही है। शार्क की विशेष पहचान उसके हमलवार स्वभाव के कारण है, जो समुद्र के पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। यदि यह शिकारी न हों तो इनके बिना पूरा पारिस्थितिकी तंत्र ही ध्वस्त हो सकता है। बावजूद इसके हमारा ध्यान इनकी सुरक्षा और संरक्षण पर नहीं है। इनके संरक्षण के लिए वैश्विक स्तर पर कदम उठाने की जरूरत है। इनके प्रबंधन के लिए आम लोगों को सहयोग करना होगा ताकि समुद्री प्रजातियों और उनके आवासों को लंबे समय तक संरक्षित किया जा सके।



**साभार**
**स्रोत फीचर्स**

# सफलता के लिए शिक्षा ही जरूरी



शिक्षा की जटिलता और शिक्षा के परिप्रेक्ष्य को सही ढंग से न समझ पाने की वजह से शिक्षा व्यवस्था बेहाल हो गई है। इसकी तस्वीर बदलने के दावे जिस तरह बढ़–चढ़ कर किए जाते रहे, वह शायद केवल विद्यालय में बच्चों के दाखिले, भवनों के रंग–रोगन, मध्यान्ह भोजन आदि तक सिमट कर रह गए हैं। एक ओर देश के स्कूल शिक्षकों की व्यापक कमी से जूझ रहे हैं, तो दूसरी ओर मौजूदा अध्यापकों की शिक्षण क्षमता भी सवालों के घेरे में है।

आजादी के 70 साल बीत जाने के बाद भी सार्वजनिक शिक्षा प्रणाली के प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों का विस्तार तो लगातार होता रहा है, लेकिन शिक्षा के स्तर में अपेक्षित उपलब्धि को लेकर चिंता जाहिर की जाती रही है। दो वर्ष पूर्व सबके लिए शिक्षा विषय पर यूनेस्को ने 12वीं वैश्विक निगरानी रिपोर्ट जारी की गई थी, उसमें शिक्षा की जो तस्वीर उभरती है, वह बताती है कि देश में शिक्षा के प्रति सरकारों का रवैया कितना लाप. रवाही भरा है। इन सभी रिपोर्टों ने विद्यार्थियों के सीखने की गति को लेकर गहन चिंताजनक तथ्य दिए। वंचित तबकों के 90 फीसदी बच्चे अगर चार साल की स्कूली पढ़ाई–लिखाई पूरी करने के बावजूद लगभग निरक्षर हैं, तो हम किस आधार पर अपनी शिक्षा व्यवस्था को संतोषजनक कह सकते हैं और कैसे अपेक्षित उपलब्धि को पा सकते हैं? यह विचारणीय है। सरकारी स्कूलों में पढ़ाई–लिखाई के माहौल से लेकर विद्यार्थियों को बुनियादी सुविधाएं न मिल पाना, शिक्षकों का अभाव तथा शिक्षक–शिक्षा संस्थाओं में अकादमिक संदर्भ व्यक्तियों का अभाव आदि अनेक वजहों से शैक्षिक गुणवत्ता के स्तर में गिरावट एक बड़ी समस्या बनती गई है। यह बेवजह नहीं है कि समृद्ध राज्यों में भी सामाजिक, आर्थिक रूप से विपन्न परिवारों के बच्चों और खासकर लड़कियों के बीच सीखने की क्षमता बेहद कमजोर बनी हुई है। दरअसल, नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा कानून लागू होने के बाद से सरकारों का जोर स्कूलों में दाखिला बढ़ाने पर रहा है और देश के तमाम इलाकों में इसमें कामयाबी भी दर्ज हुई, लेकिन सिर्फ दाखिलों में इजाफा शैक्षिक तस्वीर में सुधार का मानक नहीं हो सकता है। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों में सीखने के स्तर को लेकर पिछले कुछ दशकों में जो अध्ययन हुए हैं, उन सबके निष्कर्ष यही बताते हैं कि सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था एक तरह से नाम की चल रही है, वहां गुणवत्ता के मानकों की शायद कोई जगह नहीं है। इस स्थिति के लिए कई बार बच्चों की पृष्ठभूमि और उनके परिवार की भूमिका को भी जिम्मेदार ठहरा दिया जाता है, जबकि स्कूल में दाखिला लिए किसी भी बच्चे के शैक्षणिक और बौद्धिक विकास के लगभग सभी पहलू आमतौर पर शिक्षक की क्षमता पर निर्भर होते हैं। कुछ समय पहले आरटीई फोरम नामक एक संगठन ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया था कि स्कूलों में पेशेवर दक्षता वाले अध्यापकों की निहायत कमी है।

करीब डेढ़ साल पहले पहले केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से कराई गई राष्ट्रीय शिक्षक दक्षता जांच में भी यह चिंताजनक तथ्य सामने आया था कि उसमें शामिल हुए 93वें फीसद शिक्षक फेल हो गए। जाहिर है, एक ओर देश के स्कूल शिक्षकों की व्यापक कमी से जूझ रहे हैं, तो दूसरी ओर मौजूदा अध्यापकों की शिक्षण क्षमता भी सवालों के घेरे में है। आजादी के छह दशक से ज्यादा समय गुजर जाने के बाद देश में शिक्षा के अधिकार को कानूनी दर्जा मिला। लेकिन इस पर ईमानदारी से अमल करने की राजनीतिक इच्छाशक्ति किसी भी सरकार में नहीं दिखती।

यूनेस्को द्वारा जारी इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पर्याप्त और प्रशिक्षित शिक्षकों के अभाव के चलते सीखने का यह संकट अगली कई पीढ़ियों को नुकसान पहुंचाता रहेगा और इसका सबसे ज्यादा प्रभाव वंचित तबकों के लोगों पर पड़ेगा। उदाहरण के तौर पर उप–सहारा अफ्रीकी देशों की स्थिति को देखा जा सकता है, जहां गरीब घरों के पांच में से सिर्फ एक बच्चा प्राथमिक शिक्षा पूरी कर पाता है। युवा आबादी का एक चौथाई हिस्सा एक वाक्य भी ठीक से नहीं पढ़ पाता। तो क्या हमारे देश के नीति–नियंताओं को भविष्य के संकट का अंदाजा नहीं है? क्या केवल बड़ी–बड़ी घोषणाएं करने या शिक्षा का अधिकार कानून बना देने या नई शिक्षा नीति को बनाए जाने की पैरवी करने से समानता आधारित शिक्षित समाज का सपना पूरा किया जा सकेगा? वहीं दूसरी ओर, परीक्षाओं को पुन: लागू किए जाने को लेकर राज्यों से आवाजें उठने लगी है। परीक्षाएं न होने से शिक्षा का स्तर गिर रहा है, जैसी बातें शिक्षक बिरादरी से लेकर प्रशासनिक हलकों में उठ रही है।

नतीजन तैयार की जा रही नई शिक्षा नीति में इस प्रावधान को शामिल किया गया है। अब पांचवीं कक्षा तक परीक्षाएं नहीं ली जाएंगी, छठवीं से लेकर पूर्ववत परीक्षाएं होंगी जिससे स्कूलों में परीक्षाएं शुरू करने से शिक्षा का स्तर बेहतर होगा, लेकिन प्रश्न यह है कि देश में पिछले साठ वर्षों से परीक्षा प्रणाली की प्रक्रिया संचालित होती रही है, तब क्या शिक्षा का स्तर बेहतर माना जाता था? शिक्षा के स्तर का परीक्षाओं से क्या लेना देना? जबसे भारत भर में परीक्षा प्रणाली लागू हुई है, हर साल अधिक. ांश परीक्षार्थी असफल ही होते चले आ रहे हैं। जब भी इस शोचनीय तथ्य का जिक्र होता है तब कतिपय घिसे–पिटे मुद्दों को दोहरा दिया जाता है, जैसे बच्चे पढ़ते नहीं है, शिक्षक अपने दायित्व को प्रामाणिकतापूर्वक निभाते नहीं है, शालाओं में समुचित व्यवस्थाएं नहीं हैं आदि। ऐसा नहीं है कि ये मुद्दे गलत है। पर वे आंशिक सत्य ही है।

सरकारी स्कूलों में पढ़ाई–लिखाई के माहौल से लेकर विद्यार्थियों को बुनियादी सुविधाएं न मिल पाना, शिक्षकों का अभाव तथा शिक्षक–शिक्षा संस्थाओं में अकादमिक संदर्भ व्यक्तियों का अभाव आदि अनेक वजहों से शैक्षिक गुणवत्ता के स्तर में गिरावट एक बड़ी समस्या बनती गई है। यह बेवजह नहीं है कि समृद्ध राज्यों में भी सामाजिक, आर्थिक रूप से विपन्न परिवारों के बच्चों और खासकर लड़कियों के बीच सीखने की क्षमता बेहद कमजोर बनी हुई है। दरअसल, नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा कानून लागू होने के बाद से सरक. ारों का जोर स्कूलों में दाखिला बढ़ाने पर रहा है।



प्रयागराज। कोहरे के कारण ट्रेनों में देरी और रद्द होने के बीच प्लेटफॉर्म पर इंतजार करते यात्री।

# जयशंकर ने पाक स्पीकर से मिलाया हाथ

## खालिदा जिया ने फ्यूनरल में पहुंचे थे, ऑपरेशन सिंदूर के बाद क्रिकेटर्स ने हाथ नहीं मिलाया था

**ढाका।** भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ढाका में पाकिस्तानी संसद के स्पीकर अयाज सादिक से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने हाथ भी मिलाया। दोनों बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया के फ्यूनरल में पहुंचे थे।

भारत पाकिस्तान के बीच मई में हुए ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह पहली बार है जब दोनों देशों के किसी बड़े नेताओं ने आमने-सामने मुलाकात की और हाथ मिलाया। इसी वजह से यह मुलाकात कूटनीतिक तौर पर अहम मानी जा रही है। इससे पहले एशिया कप क्रिकेट मैच के दौरान टीम इंडिया ने पाकिस्तानी प्लेयर्स से हाथ मिलाने से इन्कार कर दिया था। जिस पर खूब विवाद हुआ था। इतना ही नहीं सीरीज जीतने के बाद भी टीम इंडिया ने एसीसी चीफ मोहसिन नकवी से ट्राफी लेने से इन्कार कर दिया था। मो. हसिन नकवी पीसीबी के चीफ और पाकिस्तान सरकार में मंत्री हैं। दोनों नेताओं की हाथ मिलाते हुई तस्वीर बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट की है। इससे पहले खालिदा जिया आज शाम 5 बजे सुपुर्द-ए-खाक किया गया।



■ इससे पहले एशिया कप क्रिकेट मैच के दौरान टीम इंडिया ने पाकिस्तानी प्लेयर्स से हाथ मिलाने से इन्कार कर दिया था

## दुनिया में हुआ नए साल 2026 का आगाज

**नई दिल्ली।** दुनिया में नए साल की एंट्री हो गई है। धरती के सबसे पूर्वी छोर पर बसे द्वीप देश किरिबाती, न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया में रात के 12 बजते ही साल 2026 के आगाज का जश्न मनाया गया। किरिबाती में भारत से 8:30 घंटे पहले, न्यूजीलैंड में 7:30 घंटे और आस्ट्रेलिया में 5:30 घंटे नए साल ने दस्तक दी। अमेरिका में भारत से 9:30 घंटे बाद नया साल आता है। दुनियाभर में अलग-अलग टाइम जोन के कारण 29 देश ऐसे हैं जो भारत से पहले नए साल का स्वागत करते हैं। इनमें किरिबाती, समोआ, टोंगा, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पापुआ न्यू गिनी, म्यांमार, जापान, इंडोनेशिया, बांग्लादेश, नेपाल शामिल हैं। आस्ट्रेलिया के सिडनी में हार्बर ब्रिज पर आतिशबाजी के साथ नए साल का जश्न मनाया गया। न्यूजीलैंड में नए साल ने दस्तक दे दी है। यहां आकलैंड में आतिशबाजी के साथ न्यू ईयर का जश्न मनाया गया। आस्ट्रेलिया में न्यू ईयर के स्वागत के लिए आतिशबाजी शुरू हो गई है। टाइम जोन धरती को समय के हिसाब से बांटने का एक तरीका है। धरती हर 24 घंटे में 360 डिग्री घूमती है। यानी हर घंटे में 15 डिग्री, जिसे एक टाइम जोन की दूरी माना गया। इससे पूरी दुनिया में 24 समान दूरी वाले टाइम बने। हर टाइम जोन 15 डिग्री देशांतर का होता है और एक-दूसरे से करीब एक घंटे का फर्क रखता है। इसी वजह से कहीं सुबह होती है तो कहीं रात, और कहीं नया साल पहले आता है तो कहीं बाद में। टाइम जोन ही तय करते हैं कि किस देश में तारीख कब बदलेगी। घड़ी का आविष्कार 16वीं सदी में हुआ, लेकिन 18वीं सदी तक नया साल सूरज की पोजिशन के मुताबिक सेट किया जाता था।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com







